CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 24°C

देहरादून, रविवार 7 सितम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 30 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 14 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अशोक सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी पेज 2



पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा खेल टाइम्स



भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीनः जिनपिंग पेज 11



फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा बॉलीवुड

## ताजमहल तक पहुंचा यमुना का पानी, खतरे का निशान हुआ पार

आगरा, वार्ता

■ हथिनीकुंड बैराज से ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ा

**आगरा में** ताजमहल की बाउंड्री तक यमुना का पानी पहुंच गया है। इसके पीछे बना पार्क डूब गया है। शुक्रवार को शहर में तेज बारिश से 50 से ज्यादा सड़कों पर 4 फीट तक पानी भर गया था। इससे बाइक-कार डूब गईं। भारी बारिश के बीच हथिनीकुंड बैराज से शुक्रवार को ढाई लाख क्यूसेक पानी और छोड़ दिया गया।

यही नहीं, गोकुल बैराज से शुक्रवार शाम सात बजे 1.22 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद यमुना में बाढ़ के हालात बन गए हैं। चेतावनी बिंदु के 3.3 फीट ऊपर (498.3 फीट) बह रही यमुना शनिवार को बाढ़ के स्तर 499 फीट के आंकड़े को पार कर सकती है। बाढ़ के हालात के बीच जिला प्रशासन ने सदर तहसील क्षेत्र में पड़ने वाले ठार आश्रम के मेहरा नाहरगंज के 40 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया है। जलस्तर और बढ़ने पर



पांच हजार परिवार चपेट में आ सकते हैं। सिंचाई विभाग के अनुसार यमुना का जलस्तर बढ़ने से कई क्षेत्रों में झोपड़ी-खेत खलिहान डूब चुके हैं। शहर का नगला बूढ़ी, अमर विहार दयालबाग, मोतीमहल, कटरा वजीर खां, रामबाग बस्ती का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ सकता है। वहीं, ग्राम तनौरा, नूरपुर, मेहरा नाहगंज, विसारना, कैलाश, स्वामी बाग, फतेहाबाद तहसील में ग्राम-भरापुर, बमरौली, इंदौन, मडायना, मेलीकला, गुडा, मेवली खुर्द, हिमायूपुर, बुर्ज, नगला छीतर सिंह, मेहरा नाहरगंज, महल बादशाही, नगला तल्फी, नगल पैमा, तहसील फतेहाबाद में शाहिदपुर, वीरपुरा, बेहड़, पारौली सिकरवार, बिचौला, गिदौन, तहसील एत्मादपुर में नगला धीमर, बढ़नुपरा, रहनकलां, नगला कटा प्रभावित हो सकते हैं। शहर के विभिन्न इलाकों में नाले बैक मार रहे हैं। टैपिंग की वजह से भी नालों का पानी पीछे आ रहा है। ऐसे में बारिश के बाद अब उफनाई यमुना की दोहरी मार से शहर के लोगों की परेशानी बढ़ना तय माना जा रहा है।

## राशिद इंजीनियर पर तिहाड़ में हमला



■ पुलिस ने बताया किन्नरों से झड़प हुई, पार्टी ने कहा- हत्या की साजिश

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद राशिद इंजीनियर पर दिल्ली की तिहाड़ जेल में हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन पर एक ट्रांसजेंडर ने हमला तब किया जब वे अपनी बैरक में थे।

जेल अधिकारियों ने बताया कि राशिद को मामूली चोटें आईं। वे सुरक्षित हैं। उधर, राशिद की पार्टी अवामी इत्तेहाद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ये राशिद को जेल के अंदर मारने की साजिश है। एक पैटर्न के तहत जेल के अंदर कश्मीरी कैदियों पर हमला हो रहा है। इससे पहले भी कई कश्मीरियों पर जेल के अंदर हमला हुआ।

### मोदी ब्रिक्स के वर्चुअल समिट में शामिल नहीं होंगे

**नई दिल्ली।** ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डा सिल्वा की ओर से बुलाए गए 8 सितम्बर को ब्रिक्स नेताओं के वर्चुअल समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पीएम मोदी की जगह विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत की ओर से इसमें विदेश मंत्री भाग लेंगे। यह सम्मेलन अमेरिका के लगाए गए टैरिफ से निपटने के तरीकों और बहुपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा करेगा। ब्राजील इसे अमेरिका विरोधी शिखर सम्मेलन के रूप में पेश नहीं कर रहा है। हालांकि, एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोदी का न शामिल होना यह दिखाता है कि भारत 2026 ब्रिक्स समिट की अध्यक्षता से पहले सावधानी बरत रहा है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति चुनाव से एक दिन पहले 8 सितम्बर को पीएम आवास पर होने वाला एनडीए सांसदों का डिनर कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही शनिवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर पर बीजेपी सांसदों का डिनर कार्यक्रम भी रद्द कर दिया गया है। यह फैसला पंजाब सहित अन्य राज्यों में आई बाढ़ के चलते लिया गया। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करेंगे और रिव्यू मीटिंग लेंगे। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गुजरात में बाढ़ के चलते काफी नुकसान हुआ है।

### अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पश्चिमी रेंज-1 की टीम द्वारा चलाए गए अभियान में एक अंतर्राष्ट्रीय नशा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल छह तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 5.737 किलो गांजा (जिसमें उच्च गुणवत्ता वाला अंतर्राष्ट्रीय ओजी गांजा शामिल है), तीन कारें और दो पासपोर्ट बरामद किए गए हैं। यह नेटवर्क थाईलैंड से दिल्ली-एनसीआर तक सक्रिय था।

### एक करोड़ का सोने-रत्नों से सजा कलश चोरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के ऐतिहासिक लालकिले के पीछे चल रहे एक कार्यक्रम में रखा गया करीब एक करोड़ रुपये मूल्य का सोने और कीमती रत्नों से सजा कलश चोरी हो गया। यह कलश एक जैन धार्मिक अनुष्ठान के दौरान गायब हुआ, जिससे आयोजन स्थल पर अफरा-तफरी मच गई और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### हैदराबाद बालापुर गणेश लड्डू 35 लाख रुपये में नीलाम

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मशहूर 'बालापुर गणेश लड्डू' की नीलामी पिछले 31 सालों के सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए 35 लाख रुपये में हुई है।

# मोदी मैजिक: 12 घंटे में ट्रम्प पलटे 'महान दोस्त' कहकर चौंकाया

## बोले- भारत के साथ रिश्ते अहम, रूस से तेल खरीदने पर नाराजगी भी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अमेरिका द्वारा भारत पर भारी टैरिफ लगाए जाने के बाद दोनों देशों में चल रही तनातनी के बीच पहले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के भारत के साथ संबंधों को विशेष और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अच्छा दोस्त बताए जाने वाले बयान और उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सकारात्मक जवाब के बाद इस मुद्दे के समाधान की उम्मीद बढ़ गई है।

श्री ट्रम्प ने शुक्रवार को अपने पहले दिए गए बयान से बारह घंटे में ही पलटते हुए व्हाइट हाउस में भारत के साथ रिश्तों को बेहद खास बताते हुए कहा था कि वह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हमेशा अच्छे दोस्त रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि वह महान प्रधानमंत्री हैं। दोनों देशों के संबंधों के बारे में श्री ट्रम्प ने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि उनकी प्रधानमंत्री मोदी के साथ अच्छी बनती हैं। अमेरिकी



■ मोदी की बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया
■ कहाः वह ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं

राष्ट्रपति ने साथ ही यह भी कहा कि लेकिन उन्हें भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर नाराजगी भी है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी इस तरह की बातें हो जाती हैं। श्री मोदी ने शनिवार को इसके जवाब पर बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि वह श्री ट्रम्प की भावनाओं का सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की भावनाओं और हमारे संबंधों के सकारात्मक मूल्यांकन की हम तहे दिल से सराहना करते हैं और उनका पूर्ण समर्थन करते हैं। भारत और अमेरिका के बीच एक अत्यंत सकारात्मक और दूरदर्शी व्यापक एवं वैश्विक रणनीतिक साझेदारी है।

### मोदी ने की फ्रांस के राष्ट्रपति से बात

■ द्विपक्षीय सहयोग से यूक्रेन जंग तक कई मुद्दों पर मंथन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से बातचीत की है। दोनों नेताओं ने वार्ता में भरोसेमंद और बहुआयामी साझेदारी को और गहरा करने पर जोर दिया।

दोनों नेताओं ने रक्षा, तकनीक, ऊर्जा, शिक्षा, अंतरिक्ष और क्षेत्रीय- वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट कर इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान उनके बीच विशेष तौर पर रूस-यूक्रेन युद्ध पर चर्चा की। दोनों ने युद्ध खत्म कर शांति स्थापित करने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की। पीएम मोदी ने अपने पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा और सकारात्मक मूल्यांकन किया। यूक्रेन में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने के प्रयासों सहित अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

# उत्तराखंड में फिर फटा बादल

## उत्तरकाशी में उफान पर नाला, घरों व दुकानों में घुसा पानी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी जनपद के नौगांव बाजार के स्योरी फल पटी में बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है।

लोगों ने खाली किए घर

एक आवासीय भवन गदेरे के मलबे में दब गया। आधा दर्जन से भी अधिक भवनों में पानी भर गया है। देवलसारी गदेरे में एक मिक्चर मशीन और कुछ दुपहिया वाहनों के बहने की भी सूचना है। एक कार भी मलबे में दब गई है। खतरे को देखते हुए कई लोगों ने अपने घर खाली कर सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। इससे पहले खबर आ रही थी कि नौगांव के बीच बहने वाला नाला अतिवृष्टि के कारण उफान पर आया है। जिसके कारण कई दुकानों और घरों में पानी घुस गया। वहीं सड़क पर खड़े कई दोपहिया वाहन बह गए। उत्तराखंड के चार पर्वतीय जिलों में भूकंप से भूस्खलन का बड़ा खतरा है। इनमें रुद्रप्रयाग सबसे अधिक संवेदनशील है। पहली बार आईआईटी रुड़की के आपदा प्रबंधन और मानवीय सहायता उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों ने जिलावार अध्ययन करके भूकंप -शेष पृष्ठ दो पर



### दिल्ली के कई इलाकों में भरा पानी

■ यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही, मथुरा में कालोनियां डूबीं
■ पांच दिन से बंद चारधाम यात्रा शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शनिवार को भी यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। मॉनेस्ट्री मार्केट, यमुना बाजार, वासुदेव घाट, निगम बोध घाट, मयूर विहार और कश्मीरी गेट समेत शहर के कई हिस्सों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

शुक्रवार को सिविल लाइंस के स्वामीनारायण मंदिर परिसर में 5 फीट तक पानी भर गया था। उत्तर प्रदेश के मथुरा में 20 से ज्यादा कॉलोनियों में यमुना का पानी घुस गया है। उत्तराखंड में शनिवार से चार धाम यात्रा फिर से शुरू हो गई है। सरकार ने खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण 1 से 5 सितम्बर के बीच यात्रा रोक दी थी। शनिवार से चारधाम यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन भी शुरू किया गया है। पंजाब के 23 जिलों के 1900 गांव लगभग 12 दिनों से बाढ़ की चपेट में हैं। इससे 3.84 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में अब तक 43 लोगों की -शेष पृष्ठ दो पर

## गुजरात के पावागढ़ शक्तिपीठ में गुड्स रोपवे टूटा, छह की मौत

■ मरने वालों में लिफ्ट ऑपरेटर व मजदूर शामिल

**अहमदाबाद।** गुजरात के पंचमहाल जिले के पावागढ़ के महाकाली मंदिर शक्तिपीठ में शनिवार को गुड्स (सामान ले जाने वाले) रोपवे के टूटने से 6 लोगों की मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जानकारी के मुताबिक, रोपवे का तार टूटने की वजह से ट्रॉली ऊंचाई से नीचे जमीन में गिर गई। हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर भी है। वहीं, मृतकों में 2 लिफ्ट ऑपरेटर, 2 मजदूर और अन्य दो लोग शामिल हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दो न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अधिवक्ता अमिताभ कुमार राय और राजीव लोचन शुक्ला को इलाहाबाद उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया है। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय ने शनिवार को एक अधिसूचना जारी कर उनकी नियुक्ति से संबंधित यह घोषणा की। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने भी अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल कर एक पोस्ट कर जानकारी साझा की।

## इंडिगो की अबू धाबी फ्लाइट में आई खराबी, वापस लौटी

**कोच्चि/नई दिल्ली।** इंडिगो का कोच्चि से अबू धाबी जा रहा विमान तकनीकी खराबी के कारण वापस कोच्चि लौट आया।

इंडिगो ने एक बयान में बताया कि उड़ान संख्या 6ई 1403 ने छह सितम्बर को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से अबू धाबी के लिए उड़ान भरी थी। रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने के बाद पायलट ने सतर्कता बरतते हुए विमान को वापस कोच्चि की तरफ मोड़ दिया। कोच्चि हवाई अड्डे पर विमान की सुरक्षित लैंडिंग हुई। विमान को जरूरी जांच के लिए उड़ान भरने से रोक दिया गया है। यात्रियों को दूसरे विमान से अबू धाबी भेजा गया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने यात्रियों को हुई असुविधा पर खेद जताया है और सुरक्षा के प्रति एयरलाइंस की प्रतिबद्धता दर्शाई है।

# उपलब्धि: केरल ने शिशु मृत्यु दर में अमेरिका को पछाड़ा

तिरुवनंतपुरम, वार्ता

■ अमेरिका के 5-6 के मुकाबले 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई

**केरल ने शिशु** मृत्यु दर (आईएमआर) को अमेरिका से भी नीचे लाकर इतिहास रच दिया है और बाल स्वास्थ्य के मामले में विकसित देशों के मानकों को हासिल किया है।

नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार आईएमआर 2023 में राज्य में प्रति 1,000 शिशुओं पर पांच मृत्यु दर्ज की गई, जबकि भारत का राष्ट्रीय औसत 25 है। वहीं, अमेरिका में वर्तमान आईएमआर प्रति 1000 शिशुओं पर मृत्यु 5-6 है। इसके साथ ही केरल भारत का पहला राज्य बन गया है, जिसने किसी विकसित देश की तुलना में कम आईएमआर दर्ज किया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने इस उपलब्धि का श्रेय डाक्टरों, नर्सों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और सहायक कर्मचारियों के अथक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि केरल की नवजात मृत्यु दर (एनएमआर) भी प्रति हजार पर चार से नीचे आ गई है, जबकि इसका राष्ट्रीय औसत 18 है। उन्होंने कहा कि 2021 में, केरल की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) छह थी, जो अब मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित पहलों के माध्यम से घटकर पांच हो गई है। यह केरल की मज़बूत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के लिए एक और मील का पत्थर है। विज्ञप्ति के अनुसार राज्य ने प्रसव अस्पतालों में सुविधाओं को उन्नत करके मातृ एवं शिशु देखभाल को प्राथमिकता दी है। सोलह अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन प्रमाणन प्राप्त हुआ है और छह अन्य ने मुस्कान मान्यता प्राप्त की है।



मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### उमर अब्दुल्ला ने बाढ़ प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को आश्वासन दिया है कि संकट की इस घड़ी में सरकार उनके साथ है और राहत एवं पुनर्वास के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। अब्दुल्ला ने अनंतनाग जिले में बाढ़ से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उन्हें ढाढ़स बंधाया और सरकार से हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान उनके साथ उपमुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी, मंत्री सकीना इत्तु, मंत्री जावेद राणा, मुख्यमंत्री सलाहकार नासिर सोगामी और जिले के विधायक भी मौजूद रहे। सिचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार शनिवार को झेलम और राज्य की अन्य नदियां खतरें के निशान से नीचे बह रही हैं। अनंतनाग में संगम के पास सुबह 11 बजे झेलम खतरे के निशान से काफी नीचे 11.50 फीट के स्तर पर बह रही है, जबकि श्रीनगर में राम मुंशी बाग में 16.20 फीट के स्तर पर बह रही है, जो खतरे के निशान से नीचे है। वहीं अशाम में झेलम का स्तर 12.55 के स्तर पर था।

### जीएसटी स्कीम के कारण बेहतरीन होगी दिल्ली की दीवाली

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) स्कीम और दिल्ली सरकार की सहायता के कारण इस साल दिल्ली में दिवाली बेहतरीन होगी। गुप्ता ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि रामलीला दिल्ली की सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर है इसलिए इसे और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

# राहत शिविरों में नाश्ते जैसी जरूरी चीजों के लिए तरस रहे लोग: आप

नई दिल्ली, वार्ता



■ 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिल रहा

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि कि घरों में यमुना का पानी भरने बाद राहत शिविरों में रहने को मजबूर लोग नाश्ता-पानी जैसी बेहद जरूरी चीजों के लिए तरस रहे हैं।

आप विधायक संजीव झा ने बुराड़ी के प्रधान एन्क्लेव बाढ़ राहत शिविर का शनिवार को दौरा किया, तो वहां लोगों ने बताया कि उन्हें दोपहर बाद 12:30 बजे तक नाश्ता तक नहीं मिला है। झा ने कहा कि उन्होंने एसडीएम से बात की तो उन्होंने बताया कि खाना तो पहुंच गया है, उनके पास फोटो भी आ गयी है। अगर खाना पहुंच गया है और लोगों को नहीं मिला तो खाना कहां गया? इसकी जांच होनी चाहिए। झा ने कहा कि इन राहत शिविरों में मौजूद ज्यादातर छोटे किसान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार जब थी, तो हर साल बाढ़ में राहत शिविर खत्म होने से पहले ही फसलों के नुकसान का मुआवजा किसानों को दे दिया जाता था, लेकिन इस बार तो अब तक पंजीकरण तक शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार से अपील है कि बंद कमरों में बैठकर मीटिंग करने से कुछ नहीं होगा। मंत्री और अधिकारी खुद इन राहत कैम्पों का दौरा करें पीड़ितों की समस्याएं सुनें और तुरंत फसलों के नुकसान का मुआवजा देने का ऐलान करें। आप नेता ने कहा कि दिल्ली सरकार के इस राहत शिविर में वे लोग हैं, जो खेती करते थे, या यमुना के उस पार रहते थे। उनके लिए हर बार राहत शिविर लगाया जाता है। लगातार लोगों से शिकायतें आ रही थीं कि खाने का उचित इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने आकर पूछा तो लोगों ने बताया कि दोपहर बाद 12:15 बज गए, लेकिन अभी तक नाश्ता भी नहीं मिला। भाजपा सरकार बघी-बघी बातें करती है, लेकिन लोग कह रहे हैं कि पिछले साल इंतजाम बहुत अच्छे थे, इस बार बहुत खराब है। उन्होंने कहा कि केवल बंद कमरों में बड़ी-बड़ी बातें करने से कुछ नहीं होगा।

### आकाश के ससुर की क्षमा याचना पर पसीजी बसपा प्रमुख

# सिद्धार्थ का निष्कासन रद्द, बसपा में हुई वापसी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पूर्व सांसद अशोक ने मायावती से माफी मांगी, मायावती की नसीहत: आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गलियारों से एक बड़ी खबर सामने आई है। बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के ससुर पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने मायावती से माफी मांगी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखते हुए क्षमा याचना की है।

फर्रुखाबाद निवासी बसपा के पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखी। इसमें सबसे पहले उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को चरण स्पर्श लिखा। इसके बाद लिखा कि पार्टी का कार्य करने के दौरान 'जाने-अनजाने' तथा गलत लोगों के बहकावे में आकर मुझसे जो भी गलतियां हुई हैं। उसके लिए बसपा सुप्रीमो से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। आगे उन्होंने हाथ जोड़कर अनुरोध किया कि मायावती उन्हें माफ कर दें। फिर कभी ऐसी गलती नहीं करने की बात भी लिखी। साथ ही हमेशा पार्टी अनुशासन में रहकर कार्य करने की बात कही। सबसे प्रमुख बात यह कि उन्होंने लिखा कि रिश्तेदारी का कभी कोई नाजायज फायदा नहीं उठाऊंगा। पोस्ट में उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी के महाराष्ट्र के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संदीप ताजने व फिरोजाबाद निवासी हेमंत प्रताप या फिर यूपी के जिन भी गलत लोगों को पार्टी से निकाला गया है, उनको वापस लेने के लिए कभी सिफारिश नहीं करूंगा। आखिर में उन्होंने मायावती से खुद को दोबारा पार्टी में लेने का आग्रह किया। सोशल मीडिया एक्स पर माफीनामा पोस्ट करने के कुछ देर बाद बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अशोक सिद्धार्थ को माफ कर दिया। साथ ही उनके पार्टी में वापसी का ऐलान किया। एक्स पर पोस्ट करते हुए मायावती ने लिखा कि कई वर्षों तक पार्टी में कार्यरत रहे और पूर्व राज्यसभा सांसद अशोक सिद्धार्थ को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते कुछ महीने पहले पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। अब उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के जरिये सार्वजनिक तौर पर अपनी गलती की माफी मांगी है। आगे से वफादर रहकर काम करने पर बल दिया है। इसको ध्यान में रखते हुए उनके निष्कासन का फैसला तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है। उन्हें पार्टी में वापस ले लिया गया है। उन्होंने नसीहत देते हुए कहा कि उम्मीद है कि आगे से पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी हित में काम करेंगे।

### 75-80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी बसें

# ग्रामीण रोडवेज बसों का किराया 20 फीसद घटेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी, प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित परिवहन विभाग के कार्यक्रम में पहुंचे। इस मंच से उन्होंने प्रदेश को ग्रामीण जनता सेवा का तोहफा दिया। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेशभर में 250 बसें संचालित की जाएंगी।

प्रत्येक डिपो की 10 प्रतिशत फ्लीट जनता सेवा की होगी। ये बसें 75.80 किमी दूरी के दायरे में आने वाले गांवों तक चलेंगी। इसका किराया 20 प्रतिशत तक कम होगा। सीएम आरटीओ कार्यालय से जुड़े 48 कामों के आवेदन के लिए डेढ़ लाख जन सुविधा केंद्रों सहित कई श्रेणियों में बसों की भी सौगात दी। इस मौके पर सीएम ने परिवहन मंत्री की चुटकी लेते हुए कहा कि आज मंत्री जी जल्दी आ गए, हम तो सोचे थे कि 12 बजे तक आएंगे। लेकिन आज पहले आ गए। यह प्रमाण है कि परिवहन बदल रहा है। परिवहन विभाग चुनौतियों से जूझने के लिए तैयार है। फाइल लटकाने की आदत खत्म करनी होगी। समय की प्रतिबद्धता तय करनी होगी।। कुंभ और कोरोना के दौरान परिवहन विभाग ने करके दिखाया है। उस वक्त यूपी वासियों को उनके गांव तक पहुंचाया। उत्तराखंड के प्रवासी को भी पहुंचाया। चालक-परिचालकों ने सफलता पूर्वक पहुंचाया। महाकुंभ में भी परिवहन विभाग ने 45 दिन में तमाम लोगों की सेवा की। उन्हें पुण्य कमाने में मदद की।

रेलवे स्टेशन से लोगों को बाहर पहुंचने में मदद की। परिवहन विभाग हमेशा प्रदेश के अंदर समय का साथी है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाया जा रहा है। आज कई नई परियोजनाएं शुरू हो रही हैं। कामन सर्विस सेंटर पर लोग परिवहन की सेवा ले सकेंगे। आईआईटी, खड़गपुर के साथ एमओयू होना तकनीकी रूप से समृद्ध करेगा। 149 यात्री के लिए अहम है। यह मददगार साबित होगा।

#### मुख्यमंत्री योगी ने किया परिवहन सेवा केंद्रों का शुभारंभ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को परिवहन विभाग के सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया। इस दौरान आईआईटी खड़गपुर और परिवहन विभाग के बीच समझौता भी हुआ। योगी ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को लेकर कहा कि ये जनता के हित में है और लोगों को इसके प्रति जागरुक होना चाहिए।

जन सेवा केंद्रों के माध्यम से परिवहन सेवाओं के शुभारंभ एवं बस स्टेशनों एवं कार्यशालाओं के डिजिटल लोकार्पण और शिलान्यास और प्रमाण व नियुक्ति-पत्र वितरण हेतु लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्यमंत्री ने यह बातें कहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान की सराहना करते हुए कहा लखनऊ विकास प्राधिकरण को यहां होने वाले कार्यक्रमों से काफी राजस्व मिला है। उत्तर प्रदेश के लिए सामाजिक कार्यक्रमों यह प्रतिष्ठान रीढ़ की तरह है। योगी ने कहा कि परिवहन विभाग का यह पहला कार्यक्रम है, जो जुपिटर हाल के नवीनीकरण के बाद हुआ है।

# जीएसटी दरों में छूट का लाभ आम लोगों को मिले: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने कहा है कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती करके आम लोगों को फायदा पहुंचाने का प्रयास हुआ है, लेकिन अब यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि इस पहल से खास लोग ही नहीं बल्कि जन सामान्य लाभान्वित हों।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सरकार को इस बात पर भी नजर रखनी है कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से सामान्य उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में कमी आ रही है। इस पर नजर रखने के लिए उसे फिर से राष्ट्रीय मुनाफाखोरी निरोधक प्राधिकरण-एनएए को सक्रिय करना पड़ेगा। इस प्राधिकरण को एक अधिसूचना के माध्यम से सरकार ने ही लगभग निष्क्रिय कर दिया था और अब उम्मीद की जानी चाहिए कि जीएसटी की नयी दरें लागू होने के बाद एनएए को फिर से सक्रिय कर दिया जाएगा। रमेश ने कहा कि केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 171 के तहत एनएए की स्थापना इस बात पर नज़र रखने के लिए की गई थी कि क्या जीएसटी दरों में कटौती से कीमतों में कमी आई है। उन्होंने कहा कि दिक्कत यह है कि एनएए को निष्क्रिय कर दिया गया है।

सेंसेक्स 79809.65
निफ्टी 24426.85

सोना रु. 99358
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार

चांदी रु. 122900
प्रति किलो

# जीएसटी सुधारों पर सीतारमण ने राज्यों का जताया आभार

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी सुधार के समर्थन के लिए राज्यों के वित्त मंत्री को पत्र लिखकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कटौती के माध्यम से आम आदमी को राहत देने के लिए सभी राज्य एक साथ आए।

3 सितम्बर को जीएसटी परिषद की बैठक में जीएसटी सुधार के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति बनी। इस पैनल की अध्यक्षता सीतारमण कर रही हैं और इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल थे। पैनल को केंद्र द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा करने के लिए 3 सितम्बर से दो दिनों के लिए बैठक करनी थी, लेकिन एक दिन की मैराथन बैठक के बाद पहले ही दिन इसे मंजूरी दे दी गई। जीएसटी परिषद ने हानिकारक वस्तुओं को छोड़कर सभी उत्पादों को 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दर के तहत लाने को हरी झंडी दे दी है। कई जरूरी वस्तुओं पर टैक्स शून्य करने का निर्णय लिया गया। ये बदलाव 22 सितम्बर को नवरात्र के पहले दिन से लागू होंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कल मैंने प्रत्येक वित्त मंत्री को पत्र लिखकर उन्हें धन्यवाद दिया। मैंने कहा कि आप कितनी भी गहन चर्चा और तर्क कर सकते हैं, लेकिन अंततः परिषद ने इस अवसर पर कदम उठाया और भारत के सभी लोगों को राहत प्रदान की और मैं इस सद्भावना के लिए आभारी हूं। इसलिए मैंने यह पत्र लिखा। परिषद का कार्य वास्तव में उल्लेखनीय है। सीतारमण ने कहा कि इसलिए सदन की भावना यह थी कि यह एक ऐसा प्रस्ताव है जिससे निस्संदेह आम आदमी को लाभ होगा। इसके खिलफ खड़े होने का कोई मतलब नहीं है, आखिरकार सभी लोग एक अच्छे उद्देश्य के लिए एक साथ आए और मैं वास्तव में बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि परिषद ने अपने सदस्यों द्वारा दी गई प्रत्येक टिप्पणी और सुझाव को धैर्यपूर्वक सुना है। आम सहमति पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने कहा कि राज्य हमेशा से कर कटौती के पक्ष में रहे हैं और उनकी एकमात्र चिंता कर कटौती के बाद उनके राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे अपील भी की थी कि भारत के लोगों के हित में, कृपया ऐसा करें। यह सिर्फ राज्य नहीं हैं। केंद्र भी इस कटौती से प्रभावित होने वाला है। लेकिन हम इसकी भरपाई कर देंगे, क्योंकि एक बार दरें कम हो जाएंगी, तो लोग खरीदारी के लिए बाहर आएंगे और इससे राजस्व पर पड़ने वाले प्रभाव की भरपाई हो जाएगी।

### विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 694.23 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान 3.51 अरब डॉलर बढ़कर 694.23 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में कुल भंडार 4.386 अरब डॉलर घटकर 690.72 अरब डॉलर रह गया था।। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.686 अरब डॉलर बढ़कर 583.937 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.766 अरब डॉलर बढ़कर 86.769 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्राइंग राइट्स द्धएसडीआरञ्च 40 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.775 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्धआईएमएफञ्च में भारत की आरक्षित स्थिति भी 18 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.749 अरब डॉलर हो गई।

# चावल मजबूत, गेहूं-चीनी नरम, दाल खाद्य तेलों में भी गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल की कीमतों में तेजी रही, जबकि गेहूं में नरमी का रुख रहा। खाद्य तेलों, दालों और चीनी के दाम भी टूट गए।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत करीब 26 रुपये बढ़कर 3,776.83 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं पांच रुपये सस्ता हुआ और 2,848.96 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटा भी 14 रुपये टूटकर 3,312.11 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। तेलों में आज मंदी का रुख रहा। सरसों तेल औसतन 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। मूंगफली तेल में 328 रुपये और सोया तेल में 17 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गयी। सूरजमुखी तेल 41 रुपये और वनस्पति 163 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। पाम ऑयल भी 89 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में भी नरमी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 110 रुपये प्रति क्विंटल गिर गयी। चना दाल 37 रुपये और मसूर दाल 60 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी। मूंग दाल की कीमत में 45 रुपये और उड़द दाल में 41 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में भी मंदी रही।

गुड़ की औसत कीमत 52 रुपये प्रति क्विंटल और चीनी की 35 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7893.92 रुपये, मसूर काली 8092.38 रुपये, मूंग दाल 10051.69 रुपये, उड़द दाल 10404.63 रुपये, अरहर दाल 10560.87 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.96 रुपये और चावल 3776.83 रुपये प्रति क्विंटल।

## नए बाजार तलाशेंगे आईआईटी और आईआईएम

**लखनऊ।** उप्र सरकार ने राज्य के निर्यात क्षेत्र को नई दिशा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। निर्यात नीति 2025-30 के तहत पहली बार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) जैसे प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में मार्केट रिसर्च चेयर स्थापित की जाएगी। इसके लिए विशेष रूप से पांच करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है।

इन रिसर्च चेयर का मकसद राज्य के निर्यातकों को एक्शन योग्य मार्केट इंटेलिजेंस उपलब्ध कराना है, जिससे वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत बन सकें। साथ ही निर्यातकों की मदद के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट का गठन किया गया है। इसके लिए 10 करोड़ का बजट रखा गया है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**उत्तराखंड...** से भूस्खलन के खतरों पर शोध रिपोर्ट जारी की है जो दो अगस्त को ही अंतर्राष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित हुई है। आईआईटी रुड़की के अक्षत वशिष्ठ, शिवानी जोशी और श्रीकृष्ण सिवा सुब्रमण्यम ने यह शोध किया है। उन्होंने बताया है कि हिमालयी क्षेत्र भूकंपीय गतिविधियों के लिहाज से बेहद संवेदनशील है। यहां आए दिन भूस्खलन की घटनाएं सामने आती रहती हैं। उन्होंने यह चेतावनी दी है कि भूकंप से प्रेरित भूस्खलन भविष्य में उत्तराखंड के लिए और भी बड़े खतरे का कारण बन सकते हैं। अध्ययन में पहली बार उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों में भूकंप से होने वाले भूस्खलनों के जोखिम की जिला-स्तरीय जोनिंग की गई है। इसमें अलग-अलग भूकंपीय तीव्रता परिदृश्यों और भूकंप की वापसी अवधि के आधार पर जोखिम का विश्लेषण किया गया। रुद्रप्रयाग जिला सभी परिदृश्यों में सबसे ज्यादा संवेदनशील पाया गया है। इसके बाद पिथौरागढ़, चमोली और उत्तरकाशी जिलों में भारी भूस्खलन की आशंका जताई गई है।

**दिल्ली के...** जान जा चुकी है। करीब 1.72 लाख हेक्टेयर में लगी फसल बर्बाद हो गई है। पंजाब में अगले 4 दिनों तक बारिश का अलर्ट नहीं है। इससे बाढ़ से राहत की संभावना है। जम्मू-कश्मीर में लैंडस्लाइड के कारण जम्मू- श्रीनगर राजमार्ग और सिंथन रोड वाहनों की आवाजाही के लिए बंद हैं। कठुआ से कश्मीर तक करीब 3700 से ज्यादा वाहन फंस गए हैं। श्रीनगर और बड़गाम में भारी बारिश के बाद कई इलाकों में पानी भर गया। माता वैष्णो देवी गुफा मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 11 दिन से बंद है। 26 अगस्त को हुए भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। गुजरात में सूरत और वडोदरा जिलों में लगातार हो रही भारी बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। नर्मदा और किम नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन ने निचले इलाकों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा,
एकता का राज चलेगा।
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066
राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष



# नकली दवाइयों के खिलाफ प्रदेश में चलेगा बड़ा अभियान

## मुख्यमंत्री धामी ने सभी जिलों में सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रदेश में नकली दवाइयों के निर्माण और बिक्री को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारियों, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग को संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

### सरकारी खरीद में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में व्यापक स्तर पर स्वदेशी अभियान चलाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यह अभियान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। मुख्यमंत्री ने मंत्रिगण, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भी स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सरकारी खरीद में स्वदेशी उत्पादों और उपकरणों को प्राथमिकता दी जाए। सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों में स्थानीय उत्पादों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित किया जाए। जीएसटी स्लैब में हाल ही में हुए परिवर्तनों से स्वदेशी उत्पादों को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

### आपदाः समिति की रिपोर्ट जल्द करें प्रस्तुत

मुख्यमंत्री ने कहा कि धराली आपदा से प्रभावित परिवारों की समस्याओं के समाधान तथा उनके पुनर्वास, राहत और आजीविका की व्यवस्था सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सचिव राजस्व की अध्यक्षता में गठित समिति अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करे। समिति की रिपोर्ट आने के बाद प्रदेश के अन्य आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर पुनर्वास और राहत कार्य किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक के दौरान निर्देश दिये कि जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नकली दवाओं का कारोबार करने वालों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाए और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त किया जाए। बैठक में प्रमुख सचिव आर.के.सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, अपर पुलिस महानिदेशक ए.पी. अंशुमान, सचिव एवं गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पाण्डेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

**अग्निवीरों के समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अग्निवीरों के लिए समुचित प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। इसके लिए पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में समय-समय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपने दृष्टि पत्र में प्रदेश की जनता के समक्ष जो वायदे किये थे, उनको पूरा करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनहित में लिये गये सभी संकल्पों को पूरा करने के लिए और तेजी से कार्य किये जाएं। उन्होंने कहा कि जन भावनाओं और और जन आंकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सरकार दृढ़ संकल्प होकर कार्य कर रही है।

# कुलपति को डिजिटल अरेस्ट करने वाले दो मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** साइबर क्राइम पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय की सेवानिवृत्त कुल. पति से 1.47 करोड रूपये की साईबर धोखाधडी डिजिटल अरेस्ट के 2 अभियुक्तों को करोलबाग, दिल्ली से गिरफ्तार किया।

अपराधियों द्वारा 12 दिनों तक पीडिता (वरिष्ठ नागरिक) को घर पर व्हाटसप कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट किया गया था। साईबर अपराधियों द्वारा पीडिता के नाम पर खोले गये बैंक खाते में 60 करोड की धनराशि प्राप्त होने तथा मनी लाण्डिंग के तहत केस दर्ज होने की बात कही गयी थी । पीडिता के सभी बैंक खातों का वैरिफिकेशन किये जाने की बात कहकर व्हाटसप कॉल पर ही डरा धमकाकर कानूनी कार्यवाही का भय दिखा कर डिजिटल अरेस्ट करते हुए विभिन्न खातों में कुल 1.47 करोड रूपये स्थानान्तरित करवाये गये थे । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि एक प्रकरण जनपद नैनीताल निवासी पीड़ित द्वारा माह अगस्त 2025 में दर्ज कराया एसटीएफ ने कार्यवाही करते हुए इस मामले में आरोपी शकील अंसारी मौहम्मद व सैफ पुत्र खलील अहमद निवासी राजाजीपुरम हन्नी अपार्टमेंट बुद्धस्वर थाना दुबक्का लखनऊ को दिल्ली से गिरफ्तार कीया। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि अगस्त 2025 में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा स्वयं से ठगी की गई।

# देव भूमि में जातिवादी राजनीति का बीज रोपने की कोशिश कर रहे हरीश रावतः भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पूर्व सीएम हरीश रावत पर देवभूमि में पुनः जातिवादी राजनीति का बीज रोपने का आरोप लगाया है। उन्होंने आईना दिखाते हुए कहा कि पूर्व सीएम तिवारी और विजय बहुगुणा के साथ उन्होंने कैसा बर्ताव किया जगजाहिर है, लिहाजा ब्राह्मण समाज से झूठी सहानुभूति की उनकी ये साजिश किसी भी कीमत पर सफल नहीं होगी।

विभिन्न माध्यमों से मीडिया के पूछे गए सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आज हरीश रावत ब्राह्मण समाज के कांग्रेस पार्टी से दूर होने का रोना रो रहे हैं। ये सब झूठी सहानुभूति जताकर लोगों की आंखों में उनके द्वारा धूल झोंकने की को. शिश है, क्योंकि मुख्यमंत्री एनडी तिवारी और विजय बहुगुणा का दौर भी जनता को अच्छी तरह याद है कि किस तरह हरदा ने उनकी सरकार को लगातार अस्थिर करने का काम किया। यही हरीश रावत जब पंजाब के प्रभारी बनते हैं तो वहां दलित मुख्यमंत्री की बात करते हैं राजस्थान जाते हैं तो वहां राजपूत मुख्यमंत्री की। सच तो यह है कि लगातार असफलता से निराश होकर फिर से वे जातिवादी कार्ड खेलकर देवभूमि का माहौल खराब करना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी की पुरानी नीति पर चलते हुए हरीश रावत देवभूमि में जातिवादी राजनीति से सत्ता हथियाना चाहते हैं।

# अर्द्धकुंभ 2027 के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयार किया मास्टर प्लान

## अर्द्धकुंभ की तैयारियों के लिए लगभग 54 करोड़ रुपये का अनुमानित बजटः डा. आर. राजेश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने 2027 के अर्द्धकुंभ मेले को दिव्य और भव्य बनाने की तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग ने तीर्थयात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है। विभाग ने अनुमानित 54 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। इस बजट में स्थायी व अस्थायी दोनों प्रकृति के कार्य शामिल हैं।

स्वास्थ्य सचिव डा. आर. राज. ेश कुमार ने बताया कि हमारा प्रयास है कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को चिकित्सा सुविधा में कोई कमी महसूस न हो। इसके लिए 2924 बेड, 40 एम्बुलेंस, नए अस्पताल भवन और आधुनिक मशीनों तक की योजना बनाई गई है।



कुंभ मेले की स्वास्थ्य तैयारियाँ समन्वित रूप से की जा रही हैं। इसके लिए कुंभ मेला अधिकारी डॉ. मनोज वर्मा के नेतृत्व में पूरी टीम लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के साथ बेहतर तालमेल स्थापित कर स्वास्थ्य सुविधाओं को व्यवस्थित और सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं। डॉ. राजेश कुमार ने स्पष्ट किया कि विभाग का प्रयास है कि मेले में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को इलाज के लिए परेशान न होना पड़े...**डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव स्वास्थ्य**

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राज. ेश ने बताया कि कुंभ की तैयारी के तहत स्वास्थ्य विभाग स्थायी और अस्थायी प्रकृति के कार्य कराएगा। इन कार्यों पर अनुमानित 54 करोड़ रुपये खर्च आने की संभावना है। इसमें से 683 लाख रुपये स्थायी कार्यों पर और 3765 लाख रुपये अस्थायी कार्यों पर खर्च होंगे।

**2924 बेड की होगी व्यवस्था:** स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने बताया कि कुंभ के दौरान 35 अस्थायी अस्पतालों में 373 बेड की सुविधा होगी। कुम्भ क्षेत्र के 13 सरकारी अस्पतालों में 1101 बेड तीर्थयात्रियों के लिए आरक्षित होंगे जबकि विभिन्न प्राइवेट अस्पतालों में 1450 बेड की व्यवस्था की जाएगी।

**40 एम्बुलेंस रहेंगी तैनात:** कुंभ मेले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को और मजबूत बनाने के लिए विभाग एम्बुलेंस और फूड सेफ्टी सेवाओं का दायरा भी बढ़ा रहा है। कुल 40 एम्बुलेंस की व्यवस्था में से 16 एम्बुलेंस विभाग के पास पहले से मौजूद हैं, जबकि 24 नई एम्बुलेंस खरीदी जाएंगी। इनमें एडवांस लाइफ सपोर्ट और बेसिक लाइफ सपोर्ट दोनों तरह की एम्बुलेंस शामिल होंगी।

**विभाग तीन नई फूड सेफ्टी वैन भी खरीदेगा:** इतना ही नहीं, श्रद्धालुओं के खानपान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभाग तीन नई फूड सेफ्टी वैन भी खरीदेगा। इन वैन की मदद से मेला क्षेत्र में बिकने वाले खाने-पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता की नियमित जांच की जाएगी, ताकि किसी भी तीर्थयात्री के स्वास्थ्य से समझौता न हो।

**संक्रामक रोगों पर नियंत्रण के लिए योजना:** स्वास्थ्य सचिव डा आर राजेश कुमार ने बताया कि मेले के दौरान बड़ी संख्या में तीर्थयात्री हरिद्वार आएंगे। ऐसे मे संक्रामक रोगों की रोकथाम के लिए भी विभाग ने व्यापक योजना तैयार की है। इसके तहत मेला क्षेत्र में छिड़काव के लिए 25 लाख की लागत से पांच माउंटेबल फागिंग मशीनें खरीदी जाएगी। इसके अलावा 35 पोर्टेबल फागिंग मशीनें खरीदी जाएंगी। जिस पर 18 लाख की लागत आने की संभावना है।

**भूपतवाला अस्पताल का होगा कायाकल्प:** स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार के मुताबिक भूपतवाला अस्पताल में 15 लाख की लागत से डॉप्लर सुविधायुक्त अल्ट्रासाउंड मशीन भूपतवाला खरीदी जाएगी। इसके अलावा इस अस्पताल में 18 लाख की लागत से एक्सरे सीआर मशीन की सुविधा भी मुहैया होगी।

### रोशनाबाद में बनेगा ड्रग वायर हाउस

स्वास्थ्य सचिव डा. आर राजेश कुमार ने जानकारी दी कि कुम्भ के दौरान स्वास्थ्य विभाग हरिद्वार में स्थायी प्रकृति के कार्य भी करेगा। इनमें 54 लाख की लागत से चार वाहन खरीदे जाएंगे। इसके अलावा रोशनाबाद में सीएमओ आफिस के निकट 120 लाख की लागत से ड्रग वायर हाउस बनाया जाएगा। रोशनाबाद में ही स्वास्थ्य विभाग का ड्रग वायर हाउस निर्मित किया जाएगा। इसमें 6 कमरे, दो हॉल और एक स्टोर होगा। इस पर 80 लाख रुपये की लागत आने की संभावना है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि मेले के दौरान विभाग को 60 वाहन चाहिए।

# सरकार जनजाति समाज के कल्याण के लिए संकल्पबद्धः मुख्यमंत्री

## आश्रम पद्धति विद्यालयों के 15 सहायक अध्यापकों को दिए नियुक्ति-पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही 15 करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न विभागीय निर्माण योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ये सभी परियोजनाएँ न केवल जनजातीय समाज की आधारभूत सुविधाओं को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, बल्कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं भी उपलब्ध कराएंगी। मुख्यमंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी युवा शिक्षक नई पीढ़ी के समग्र विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज जनजातीय समाज के उत्थान के लिए कई ऐतिहा. सिक कदम उठाए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सविता कपूर, दलीप सिंह रावत, प्रमोद नैनवाल, अध्यक्ष जनजाति आयोग लीलावती राणा, सचिव समाज कल्याण श्रीधर बाबू अद्दांकी, निद. ेशक जनजाति कल्याण संजय टोलिया, निदेशक समाज कल्याण चंद्र सिंह धर्मशक्तू एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित हुए। **भगवान बिरसा मुंडा की जयंती:** इस संबंध में सबसे अहम फैसला भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारें केवल दिखावे के लिए ही आदिवासी समाज के विकास की बात किया करती थी, जबकि आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए धरातल पर नए - नए कार्य किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार ने जनजातीय समाज के विकास के लिए दिए जाने वाला बजट को पहले के मुकाबले 3 गुना तक बढ़ाया दिया है। वहीं जनजातीय समाज के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल, प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, वन धन योजना, प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन जैसी योजनाएं भी संचालित की जा रही हैं।

**प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि "प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान" के अंतर्गत उत्तराखंड के 128 जनजातीय गांवों का चयन किया गया है। आज हमारे राज्य में 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कालसी, मेहरावना, बाजपुर व खटीमा में संचालित हो रहे हैं, जिसमें जनजातीय समुदाय के छात्रों को निशुल्क शिक्षा एवं हॉस्टल की सुविधा प्रदान की जा रही है। इसी तरह सीमान्त जनपद पिथौरागढ़ में भोटिया तथा राजी जनजाति के शैक्षिक उन्नयन के लिये एकलव्य विद्यालय खोलने के लिए अभी हाल ही में केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है।



# पौड़ी का लाल पारस बना भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** पौड़ी गढ़वाल के बाड़ागाँव के नेत्र सिंह बिष्ट और उनकी पत्नी नीमा देवी के लिए वह अत्यंत गौरवशाली क्षण था, जब उनका होनहार बेटा पारस बिष्ट भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में मां भारती की सेवा का बीड़ा उठाने जा रहा था। मां-बाप जब छह सितंबर को गयाजी (बिहार) में बेटे की पासिंग आउटपरेड के साक्षी बने और मां ने बेटे की वर्दी पर सितारे पहनाए तो आंखें छलछला उठीं। अपने लाल को सेना को सौंपकर एक और उत्तराखंडी मां ने अपना फर्ज निभाया। इस मौके पर मां-बाप के अलावा लेफ्टिनेंट पारस के चाचा एवं मामा भी मौजूद थे।

पारस एक सामान्य, संघर्षशीलऔर शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले परिवार से आते हैं। पिता राष्ट्रीय बालभवन, नई दिल्ली में सरकारी कर्मचारी हैं। पारस तीन बहनों के इकलौते भाई हैं और शुरू से ही पढ़ाई-लिखाई में काफी होशियार रहे हैं।उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा आंध्रा एजुकेशन सोसायटी, नई दिल्ली से पूरी की और फिर आईपी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से सूचना प्रौद्योगिकी में बीटेक किया। लेकिन सेना में अधिकारी बनने की चाह ने एक मेहनतकश राह दिखाई और एसएससी टेक एंट्री के सभी चरण उन्होंने कुशलतापूर्वक पार कर लिए। पारस की इस उपलब्धि पर उनका परिवार फूला नहीं समा रहा। आखिर बेटे ने कई पीढ़ियों की मेहनत औरसंघर्ष को साकार जो किया है। पारस का परिवार उत्तराखंड में गहरी जड़ें रखता है। उनके दादा-दादी बलवंत सिंह बिष्ट और सुशीला देवी पौड़ी गढ़वाल के इडवालस्यूं पट्टी के बाड़ा गाँव तथा नाना-नानी सुखदेव सिंह रौथाण और सुशीला देवी का ताल्लुक रुद्रप्रयाग जिले में बच्छणस्युं पट्टी के नवासूगांव से है।

# मोदी सरकार में एक भारत एक कर, अब नया अध्यायः डा. बंसल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त 2025 को लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने के सरकार के इरादे के बारे में बात की थी। डा. नरेश बंसल ने कहा कि उनके यशस्वी नेतृत्व में केवल 20 दिन में ही जीएसटी काउंसिल ने ऐतिहासिक सुधार करते हुए तमाम जरूरी वस्तुओं पर टैक्स या तो खत्म कर दिया है या फिर काफी कम कर दिया है। डा. नरेश बंसल ने कहा कि प्रधानसेवक मोदी के मार्गदर्शन मे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नेतृत्व मे नए जीएसटी रीजिम में अब सिर्फ दो टैक्स स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत होंगे।डा. नरेश बंसल ने कहा कि जीएसटी काउंसिल ने सामूहिक रूप से केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कटौती और सुधारों पर सहमति व्यक्त की है, जिससे आम आदमी, किसानों, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं को लाभ होगा।

# वात्सल्य योजना के तहत 4 करोड़ 47 लाख खातों में ट्रांसफर

## महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने डीबीटी किया 3 महीने का पैसा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने शनिवार को मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना के तहत लाभार्थियों को 4 करोड़ 47 लाख रुपए से ज्यादा की धनराशि जारी की।

कैंप कार्यालय पर धनराशि लाभार्थियों की खातों में डीबीटी करने के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में प्रदेश सरकार 2020 से ही कोरोना महामारी के समय अभिभावकों को खो देने वाले बेसहारा बच्चों को



प्रति माह 3000 की सहायता राशि देती है। इस योजना के तहत मई 25 तक का धन पहले ही जारी कर दिया गया था। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि जून में 5308 लाभार्थियों को कुल 1 करोड़ 59 लाख 24 हजार रुपए शनिवार को जारी किए गए हैं। जबकि जुलाई महीने के लिए कुल 5276 लाभार्थियों के 1 करोड़ 58 लाख 28 हजार रुपए की धनराशि जारी की गई है। इसके अलावा अगस्त महीने के लिए कुल 5242 लाभार्थियों को 1 करोड़ 57 लाख 26 हजार रुपए दिए गए हैं। इस योजना के तहत लाभार्थी के 21 वर्ष के हो जाने या बालिका लाभार्थियों के विवाह या लाभार्थी के सेवायोजित हो जाने के बाद वह योजना से बाहर हो जाते हैं। इस अवसर पर विभागीय निदेशक बंसी लाल राणा, सीपीओ अंजना गुप्ता और डिप्टी सीपीओ राजीव नयन आदि उपस्थित रहे।

# पीएम-पोषण योजना में गबन की जांच एसआईटी को सौंपी

## डॉ. रावत ने दिया अनुमोदन, कहा, घोटाले में संलिप्त लोगों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री पोषण योजना (मिड डे मील) एवं शक्ति निर्माण योजना में हुए घोटाले की जांच एसआईटी को सौंप दी गई है। जिसका अनुमोदन विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने दे दिया है। विगत दो माह पहले पीएम पोषण प्रकोष्ट देहरादून में वित्तीय अनियमितता की शिकायत मिली थी। जिस पर विभागीय जांच कराई गई। जिसमें उपनल के माध्यम से सेवायोजित कार्मिक प्रत्यक्ष रूप से दोषी पाया गया जबकि तत्कालीन अधिकारियों की लापरवाही सामने आई है। डॉ. रावत ने कहा कि सरकारी धन की हेराफेरी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा।



विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत जनपद देहरादून में पीएम पोषण प्रकोष्ट में रूपये 3 करोड़ 18 लाख सरकारी धन के गबन का मामला सामने आया था। प्रकारण की संवेदनशीलता को देखते हुये विभागीय स्तर पर जांच बिठाई गई। अपर निदेशक गढ़वाल मंडल की अध्यक्षता की गई जांच की विस्तृत रिपोर्ट शासन को सौंपी दी गई। जिसमें प्रथमदृष्ट्य गबन का मामला पाया है, जिसकी तह तक पहुंचने और दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई किये जाने के दृष्टिगत उच्च स्तरीय जांच की सिफारिश की गई। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कड़ा रूख अपनाते हुये सरकारी धनराशि के गबन की जांच एसआईटी को सौंपने की संस्तुति कर दी है, ताकि घोटाले के आरोपी और उसके मददगारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जायेगी जिन्होंने शासकीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती है।

विभागीय मंत्री ने बताया कि जांच रिपोर्ट में देहरादून जनपद के जिला शिक्षा अधिकारी (बेसिक) कार्यालय में उपनल से सेवायोजित एमआईएस समन्वयक नवीन सिंह रावत को प्रत्यक्ष रूप से सरकारी धन के गबन का दोषी ठहराया गया है। उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट में आरोपी ने अपने तकनीकी ज्ञान का दुरूपयोग कर वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-2026 की अवधि के दौरान तीन करोड़ 18 लाख से अधिक सरकारी धन की हेराफरी की और उक्त धनराशि को आनला. इन माध्यम से अलग-अलग अज्ञात खातों में ट्रांसफर किया। हालांकि इस प्रकरण में किसी अन्य कार्मिक की प्रत्यक्ष संलिप्तता की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन उक्त अवधि के दौरान आधा दर्जन जिला शिक्षा अधिकारी बेसिक सहित वित्त एवं लेखाधिकारी जांच के घेरे में हैं, जो अपने शासकीय दयित्वों का निर्वहन करने में असफल पाये गये। इन सभी के खिलाफ उत्तराखंड सरक. ारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) अधिनियम के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने बिना किसी जांच के पीएमपोषण संबंधी खातों से धनराशि का आनलाइन अवैध अंतरण विभिन्न खातों में होने दिया, जो कि अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही का मामला बनता है। डॉ. रावत ने कहा कि भविष्य मे ऐसे प्रकरण न हो इसके लिये वित्तीय एवं अन्य गोपनीय काय केवल जिम्मेदार और सक्षम स्थाई कार्मिकों को ही सौंपने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये गये हैं।

# धामी सरकार ने चार साल में दी 25 हजार सरकारी नौकरियां

## सख्त नकल विरोधी कानून लागू होने के बाद नहीं हुआ एक भी भर्ती परीक्षा पेपर लीक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के चार साल के कार्यकाल में युवा वर्ग सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है। इस दौरान रिकॉर्ड 25 हजार युवाओं का चयन सरकारी सेवा में हुआ है। इसी क्रम में शनिवार को जनजाति कल्याण विभाग के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों में चयनित 15 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

04 जुलाई 2021 को कार्यभार ग्रहण करने के बाद, धामी सरकार ने युवाओं को रोजगार और स्किल प्रदान करने पर विशेष तौर पर फोकस किया। इस दौरान लोक सेवा आयोग, उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, चिकित्सा सेवा चयन आयोग के जरिए 25 हजार से अधिक युवाओं को सरक. ारी सेवाओं में स्थायी रोजगार प्रदान किया जा चुका है। उत्तराखंड लोकसेवा आयोग, अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के स्तर पर अभी कई विभागों की भर्ती प्रक्रिया जारी है। कुछ मामलों में जल्द ही अंतिम चयन संस्तुति की जाने वाली है, इस कारण कुल स्थायी नौकरियों का यह आंकड़ा अभी और बढ़ने वाला है।

**विदेश में रोजगार के मौके:** मौजूदा सरकार ने साल 9 नवंबर 2022 से मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना शुरू की है, इसके लिए युवाओं को आतिथ्य, नर्सिंग, ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जर्मनी और जापान में रोजगार प्रदान किया जा रहा है। योजना के तहत अब तक 154 युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है, जिसमें से 37 को जापान में रोजगार प्रदान किया जा चुका है।

**सख्त कानून से आई पारदर्शिता:** धामी सरकार ने 2024 में सख्त नकल विरोध कानून लागू करते हुए, नकल माफिया की कमर तोड़ने का काम किया है। इसके बाद से एक भी परीक्षा में पेप. रलीक नहीं हुआ है, यही नहीं धामी सरकार पेपर लीक में शामिल 100 से अधिक माफिया का जेल भी भेज चुकी है। सरकार युवाओं के लिए शिक्षा, कौशल के जरिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास कर रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बागेश्वरी उनियाल को राज्य स्तरीय पुरस्कार

**■ मुख्यमंत्री की मौजूदगी में रेखा आर्य नेप्रशस्ति पत्र, मोमेंटो व शॉल ओढाकर किया सम्मानित**
**चंबा ब्लॉक की बागेश्वरी उनियाल बनीं उत्कृष्ठ कार्यकर्ता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद के चंबा ब्लॉक के पीएम श्री राजकीय प्राथमिक विद्यालय ढुंगीधार के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यरत बागेश्वरी उनियाल को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य स्तरीय आंगनबाड़ी कार्यकत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। देहरादून में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य ने उन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

49 वर्षीय बागेश्वरी उनियाल अपने परिवार के साथ नई टिहरी के ढुंगीधार क्षेत्र में रहती हैं और आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले लगभग 20 बच्चों की नियमित देखभाल करती हैं। वे केंद्र में स्वच्छता और व्यवस्था बनाए रखने के साथ पोषण ट्रैकर का बेहतर संचालन करती हैं। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को पोषण वितरण, टीकाकरण के लिए प्रेरित करना, मातृत्व वंदना योजना और नंदा गौरा कन्याधन योजना का लाभ दिलाने में उन्होंने निरंतर सराहनीय योगदान दिया है। उनके समर्पित प्रयासों को देखते हुए उन्हें चंबा ब्लॉक से उत्कृष्ठ कार्यकर्ता के रूप में चुना गया। सम्मान मिलने पर बागेश्वरी ने कहा कि उनके पति रतन लाल उनियाल हमेशा उनका सहयोग करते हैं और इसी सहयोग की बदौलत वे बच्चों और मातृ-शिशु कल्याण के लिए पूरी निष्ठा से काम कर पा रही हैं।

बागेश्वरी के इस सम्मान पर सीडीपीओ ममता लेखक, आंगनबाड़ी संगठन की ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पा सजवाण, प्रियंका, शोभा भट्ट, सुपरवाइजर मधु मखलोगा, शिवदेई गुसाईं और भागीरथी पंवार ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। यह उपलब्धि पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है और अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी।

# भुनालगांव में भालू का हमला, दो महिलाएं घायल

**■ हेली से किया गया घायलों का रेस्क्यू, जिला अस्पताल में चल रहा उपचार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिले के आपदा प्रभावित क्षेत्र भुनाल गांव की दो महिलाओं पर भालू ने हमला कर दिया। भालू के हमले से दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। महिलाओं के घायल होने की घटना को गांव के एक युवक ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और महिलाओं के उपचार को लेकर हेली से रेस्क्यू किया गया। शनिवार सुबह भुनालगांव क्षेत्र में भालू ने दो महिलाओं पर अचानक हमला कर दिया।

हमले में ग्रामीण महिला बुरांसी देवी पत्नी स्वर्गीय मदन सिंह उम्र





70 वर्ष एवं शशि देवी पत्नी कुंवर सिंह उम्र 52 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई। हमले के दौरान भालू ने दोनों महिलाओं के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों को बुरी तरह घायल कर दिया, जिससे भारी मात्रा में रक्तस्राव हुआ।

स्थानीय लोगों की तुरंत घटना की सूचना पर बक्सीर की मेडिकल टीम मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार एवं मरहम पट्टी प्रदान की। शशि देवी की स्थिति अत्यंत गंभीर बताई जा रही है। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों महिलाओं को हेली सेवा के माध्यम से अगस्त्यमुनि लाया गया, जहां से एम्बुलेंस के माध्यम से दोनों महिलाओ को जिला अस्पताल भर्ती किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने बताया कि दोनों महिलाओं को बक्सीर की टीम ने प्राथमिक उपचार दिया, जिसके बाद दोनों घायल महिलाओ को हेलीकॉप्टर के माध्यम से अगस्त्यमुनि लाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों की टीम दोनों घायलों का इलाज कर रही है।

बताया कि आपदा को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीमों को अलर्ट मोड में रखा गया है।

## संवेदनशील क्षेत्रों में लगाए जा रहे कैमरा ट्रैप

**क्यूआरटी टीम गठित कर चलाया जा रहा जन जागरूकता अभियान**

**रुद्रप्रयाग।** प्रभागीय वनाधिकारी रजत सुमन ने बताया कि वन विभाग की टीम की ओर से संवेदनशील क्षेत्रों में कैमरा ट्रैप लगाकर भालू के आवागमन मार्ग को चिन्हित किया जा रहा है। इसके साथ ही आम जनमानस को सतर्कता एवं सावधानी बरतने को लेकर वन क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में क्यूआरटी टीम गठित कर जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भालू के हमले में घायल महिलाओं का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। अस्पताल में जाकर महिलाओं का हालचाल जाना गया।

## संगठन की मजबूती को लेकर सक्रिय सदस्य बढ़ाने पर जोर

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड क्रान्ति दल जिला इकाई की बैठक में संगठन को मजबूत करने तथा सक्रिय सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर चमोली के पूर्व जिलाध्यक्ष बच्ची राम उनियाल के आकस्मिक निधन पर शोक जताया गया। आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आहूत की गई, जिसमें जनपद में संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। ताकि पार्टी को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा सके। कहा कि सभी सदस्यों को एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर दल के वरिष्ठ नेता व जनपद चमोली के पूर्व जिलाध्यक्ष बच्ची राम उनियाल के आकस्मिक निधन पर गहरा दु:ख जता गया।

# छेनागाड़ में लापता लोगों कीखोज को लेकर सर्च अभियान तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** आपदा प्रभावित क्षेत्र छेनागाड़ में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस एवं अन्य बचाव दलों की ओर से लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। विषम परिस्थितियों एवं दुर्गम भूभाग में राहत बचाव दल लगातार डटे हुए हैं। रेस्क्यू टीमों को मलबा एवं दलदल होने के कारण कार्य करने में काफी कठिनाई आ रही थी। ऐसे में जिला प्रशासन ने जेसीबी मशीन को तैनात किया है, जिससे सर्च अभियान में गति आई है।

बीते 28 अगस्त को छेनागाड़ में आई आपदा ने सबकुछ बर्बाद कर दिया। आपदा में अभी भी नौ लोग लापता चल रहे हैं, जबकि दो दर्जन भवन मलबे में दबे हुए हैं। प्रशासन की



ओर से मलबे में दबे लोगों की ढूंढखोज को लेकर तेजी के प्रयास किए जा रहे हैं। जेसीबी मशीन की मदद से मलबे को साफ किया जा रहा है, जबकि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, डीडीआरएफ व पुलिस की टीमें भी जुटी हुई हैं।

इसके अलावा छेनागाड़ तक सड़क मार्ग सुचारु करने को लेकर जेसीबी एवं पोकलैंड मशीनें निरंतर कार्यरत हैं। सड़क मार्ग खोलने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है, ताकि राहत एवं बचाव कार्यों को और तेजी के साथ किया जा सके। जिला प्रशासन के निर्देश पर जाला के पास एक पोकलैंड व दो जेसीबी मशीनें कार्यरत हैं। वहीं कमद के पास एक पोकलैंड व दो जेसीबी मशीनें, डमारगाढ़ से किमाणा के बीच तीन जेसीबी मशीनें लगातार क्षतिग्रस्त मार्गों को सुचारु करने को लेकर कार्यरत हैं। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ, पुलिस सहित अन्य बचाव दलों एवं जिला प्रशासन की समन्वित कार्यशैली से आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत, बचाव व सड़क सुचारु करने के कार्य निरंतर जारी हैं।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि छेनागाड़ क्षेत्र में लगातार खोज बचाव एवं राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं। पहली प्राथमिकता सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन को तेज करना है। जिसको लेकर प्रभावित क्षेत्र में जेस.ीबी को तैनात किया गया है। साथ ही सड़क मार्गों को सुचारु करने का प्रयास संबंधित विभाग द्वारा किया जा रहा है, ताकि राहत सामग्री, मशीनरी और रेस्क्यू टीमें प्रभावित गाँवों तक शीघ्र पहुंच सकें। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि जितने भी लोग इस क्षेत्र में गुमशुदा हैं, उनका शीघ्र पता लगाया जाए और जल्द से जल्द प्रभावित परिवारों को सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## एक नजर .......

### शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ने किया शिक्षक - शिक्षिकाओं का सम्मान

**कोटद्वार ।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को रोटरी क्लब की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आठ शिक्षक व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी सामुदायिक केंद्र में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह का शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है जो छात्रों को सही रास्ता दिखाता है। शिक्षक व शिष्य एक दूसरे के पूरक है। तत्पश्चात श्री पृथ्वी विद्या मन्दिर झण्डीचौड़ की संस्थापिका मीनाक्षी नौटियाल, अवकाश प्राप्त शारीरिक शिक्षक भारत सिंह रावत, अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक दिलबर सिंह बिष्ट, रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज के आचार्य रोहित बलोधी व गीता रावत, संगीत साधना केन्द्र के जीतेन्द्र सिंह बिष्ट, बीना रावत व महाविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्राचार्य डॉ केएस नेगी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्लब सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, गोपाल बंसल, अनीत चावला, अनिल भोला, मनीष अग्रवाल व संजीव अग्रवाल सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एल यू सीसी में वितीय धोखाधड़ी का शिकार हुए पीड़ितो का धरना 62 वे दिन भी जारी

**कोटद्वार।** एलयूसीसी में वितीय धोखाधड़ी का शिकार हुए पीड़ितो का धरना 62 वें दिन भी जारी रहा । तहसील कोटद्वार में आयोजित धरने के दौरान पीड़ितों ने कंपनी संचालकों ओर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रकम वापसी की मांग की । बताया कि सरकार की ओर से अभी तक कोई भी सही जानकारी प्राप्त नहीं हुई जबकि निवेशको द्वारा पैसा वापसी को लेकर पीड़ितो के ऊपर भारी दबाव बनाया जा रहा है पीड़ित एजेंट मानसिक रूप से बुरी तरह से प्रताड़ित हो रहे हैं । बताया कि 7 सितंबर को सीएम आवास में एक विशाल रैली का आयोजन किया जा रहा है जिससे कि मुख्यमंत्री से मिलकर इस पीड़ा के बारे में उनको अवगत कराया जाएगा अगर उनके तरफ से कोई संतोषजनक आश्वासन नहीं मिलता है तो फिर वहां पर अनिश्चितक.ालीन भूख हड़ताल की जाएगी । धरना देने वालों में शिवानी नेगी, रजनी रावत, हिंदु कोटनाला, सविता घिल्डियाल, संदीप सिंह, सुनीता नेगी, राजेंद्र भंडारी, बिजेंदर रावत, सुरेश नेगी, कुलवंत पुंडीर, हरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, वीरेंद्र रावत, प्रीति रावत, दीपा नेगी, शोभा कुकरेती आदि रहे ।

### श्रीनगर को गणवेश का प्रमुख केंद्र बनाया गया

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीनगर ने शनिवार को गणवेश वस्तु भंडार का अनावरण किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट में आयोजित कार्यक्रम में प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख सुनील ने बताया कि प्रांत द्वारा श्रीनगर को गणवेश का प्रमुख केंद्र बनाया गया है। जिसमें चमोली, टिहरी आदि विभागों के कार्यकर्ता गणवेश को आसानी से प्राप्त कर सकें। बताया कि इस शताब्दी वर्ष में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगरों में प्रत्येक बस्ती और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम एवं न्याय पंचायत स्तर तक अपना कार्य पहुंचना है।

## पुरानी पेंशन बहाली नहीं होने पर किया रोष व्यक्त, दिल्ली कूच की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** लगातार आंदोलन के बाद भी पुरानी पेंशन बहाली के संबंध में सरकारों द्वारा कोई निर्णय नहीं लेने पर पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन संगठन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि संगठन जल्द ही पुरानी पेंशन बहाली को दिल्ली कूच करेगा। शुक्रवार देर शाम को राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार में आयोजित संगठन की बैठक में कर्मचारी व अधिकारियों ने उपवास रखते हुए पुरानी पेंशन बहाली नहीं होने पर रोष व्यक्त किया। कहा कि संगठन पिछले लंबे समय से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठा रहा है।

इसके लिए समय-समय पर अंदोलन भी चलाए गए, लेकिन अब तक सरकारों द्वारा समस्या को गंभीरता से नहीं लिया गया। कहा कि जब पांच वर्ष की सेवा देने वाले विधायक व सांसदों को पेंशन सुविधा मिल सकती है तो फिर कर्मचारी व अधिकारियों को क्यों नहीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस मांग को लेकर दो अक्टूबर को संगठन से जुड़े कर्मचारी व अधिकारी दिल्ली में एक विशाल रैली निकालेंगे।कहा कि जब तक पुरानी पेंशन बहाली नहीं होगी उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संतन बिष्ट, मनमोहन चौहान, गौरव द्विवेदी, दीपक नेगी, मोनिका रावत, हेमलता रावत, सुबोध ध्यानी, ललित कुमार, मनोज चौहान, महेश कुकरेती आदि मौजूद रहे।

# टनल निर्माण में ब्लास्टिंग से पल्ला गांव के 30 परिवार बेघर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** अंबेडकर गांव पल्ला में भू-धंसाव होने से 30 परिवार बेघर हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि टीएचडीसी के टनल निर्माण से भू-धंसाव हुआ है। जिससे स्थानीय लोगों में कंपनी के खिलाफ आक्रोश बना है।

विगत दिनों विकासखंड ज्योर्तिमठ के ग्राम पंचायत जखोला के पल्ला गांव में अचानक भू-धंसाव होने से 30 परिवारों के घरों में दरारें आ गई हैं। जहां पर रहना अब खतरे से खाली नहीं है। लोगों ने अपने जीवन भर की कमाई से बनाए घर को अपने आंखों के सामने जमींदोज होते देख लोगों के आंखों में आंसू हैं और लोग फूट-



फूट कर रो रहे हैं। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। ग्राम प्रधान लक्ष्मी देवी ने आरोप लगाए हैं कि विष्णु गाड़ जल विद्युत परियोजना पीपलकोटी के टनल निर्माण में हो रहे भारी ब्लास्टिंग से उनके गांव में जमीन धंस रही है। जिससे 30 परिवार बेघर हो गए हैं। उन्होंने कंपनी से विस्थापन की मांग की है।

फिलहाल तहसील प्रशासन द्वारा प्रभावितों को बारात घर व विद्यालय में रखा गया है। प्रभावितों का आरोप है कि विष्णु गाड़ जल विद्युत परियोजना 444 मेगावाट टनल निर्माण में हो रहे भारी ब्लास्टिंग से गांव धंसने लगा है।

प्रभावितों ने टीएचडीसी से विस्थापन की मांग की है। मांगे पूरी न होने पर विशाल जन आंदोलन की चेतावनी दी है।

# सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को विशेष अभियान

**■ मुनि की रेती में सघन चेकिंग अभियान, नियम उल्लंघन पर 43 वाहनों के काटे चालान**
**परिवहन व पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही, बिना हेलमेट-ओवरस्पीड पर कसा शिकंजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए



विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को मुनि की रेती क्षेत्र में सघन प्रवर्तन अभियान संचालित किया गया।

अभियान के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले 43 वाहनों के चालान किए गए। इनमें बिना हेलमेट, बिना पंजीकरण, बिना बीमा, बिना टैक्स, ओवरलोड, ओवरस्पीड, बिना एचएसआरपी और बिना लाइसेंस के वाहन संचालन जैसे प्रकरण शामिल रहे।

अभियान एआरटीओ सतेंद्र राज और यातायात निरीक्षक कृष्णकांत आर्य की देखरेख में चलाया गया। इसमें परिवहन विभाग से सहायक परिवहन निरीक्षक अनंत राम रावत, अर्जुन सिंह, विपिन, रोहन और मनजीत (प्रवर्तन आरक्षी) सक्रिय रूप से शामिल रहे। वहीं पुलिस विभाग की ओर से नीरज कुमार, पवन कुमार और कमलेश्वर प्रसाद ने संयुक्त रूप से कार्यवाही में भागीदारी निभाई।

अधिकारियों ने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## डा. किरन वर्मा कोटद्वार में हुई सम्मानित

**श्रीनगर।** शिक्षक दिवस के अवसर पर गढ़वाल विवि के योग विभाग कि सहायक आचार्य एवं पूर्व राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डा. किरन वर्मा को उनके योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा तथा विगत वर्षो के राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदान के लिए सम्मानित किया गया। डा. किरन वर्मा कोवीर चंद्र सिंह गढ़वाली उत्थान समिति के ओर से सम्मानित किया गया। डा. वर्मा को यह सम्मान मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी, लैंसडाउन विधायक महत्त दिलीप सिंह रावत, महापौर शैलेन्द्र सिंह बिष्ट, महामंत्री अजय कुमार द्वारा प्रदान किया गया।

# थराली और नंदानगर को राष्ट्रीय आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिला पंचायत चमोली की प्रथम बैठक आज अध्यक्ष दौलत सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह सहित सभी सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह ने किया।

बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सदन के सम्मुख अपना परिचय दिया।

इसके बाद अपर मुख्य अधिकारी द्वारा जिला पंचायत की कार्य प्रणाली की जानकारी पीपीटी के माध्यम से



प्रस्तुत की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से जिला पंचायत की 06 समितियों निर्माण समिति, जल प्रबंधन एवं विविधता प्रबंधन समिति, नियोजन एवं विकास समिति, स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति, शिक्षा समिति तथा प्रशास.निक समिति का गठन किया गया। ।सत्र के दौरान सदन ने थराली एवं नंदानगर क्षेत्र में आई आपदा को राष्ट्रीय आपदा ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने हेतु ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित किया। बैठक में सदस्य प्रदीप बुटोला, विक्रम सिंह, रमा देवी, सरोजनी देवी, उर्मिला बिष्ट सहित वित्तीय परामर्शदाता शैलेन्द्र सिंह बुटोला, वरिष्ठ प्रशा.अधि. एम.एस. बिष्ट, प्रशासनिक अधिकारी के.सी. जोशी एवं अन्य सभी जिला पंचायत कार्मिक उपस्थित रहे।

# टिहरी में जर्जर स्कूल भवनों के निर्माण को लेकर बैठक

**■ आपदा प्रभावित व जीर्ण-शीर्ण कक्षाओं का होगा शीघ्र आकलन**
**सीडीओ वरुणा अग्रवाल ने अधिकारियों को दिए त्वरित कार्यवाही के निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी में आपदा से क्षतिग्रस्त एवं पुराने जर्जर विद्यालय भवनों के पुनर्निर्माण को लेकर शनिवार, 6 सितम्बर को मुख्य विकास अधिकारी वरुणा अग्रवाल की अध्यक्षता में एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।



बैठक में विद्यालय भवनों की स्थिति और उनके सुधार के लिए आवश्यक कदमों पर विस्तार से चर्चा हुई।

मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्य शिक्षा अधिकारी एस.पी. सेमवाल और सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी क्षतिग्रस्त शैक्षणिक परिसंपत्तियों का शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव जल्द से जल्द शासन को भेजे जाएं ताकि आवश्यक कार्यवाही समय पर सुनिश्चित हो सके।

सीडीओ ने स्पष्ट किया कि विद्यालय भवनों की दयनीय स्थिति बच्चों की पढ़ाई और उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। इसलिए कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा व्यवस्था पर विपरीत असर पड़ने से पहले सुधारात्मक कदम उठाए जाएं और सभी विद्यालयों में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

## बीए एलएलबी व एलएलबी प्रवेश परीक्षा आज

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुण गढ़वाल विश्वविद्यालय में आज (रविवार) को दो केंद्रों पर बीए एलएलबी व एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा आयोजित हो रही है। यह परीक्षा श्रीनगर व देहरादून दो केंद्रों पर आयोजित होगी। समन्वयक डा. प्रीतम नेगी ने बताया कि इस वर्ष बीए एलएलबी व एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए अलग से प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की गई है, जिसमें कुल 872 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। बताया कि प्रवेश परीक्षा श्रीनगर स्थित बिड़ला परिसर व देहरादून के कुकरेजा इंस्टीट्यूट में आयोजित होगी।

# पाखरी गांव के विस्थापन की उठी मांग

**■ पोखरी गांव के विस्थापन की उठी मांग**
**भूधंसाव से 45 मकान खतरे में, कई परिवार छोड़ चुके घर,**
**जनप्रतिनिधियों ने ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में लड़ाई लड़ने का किया संकल्प**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** प्रतापनगर क्षेत्र की पट्टी उपली रमोली के पोखरी गांव में हो रहे भूधंसाव को देखते हुए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने गांव का तत्काल विस्थापन किए जाने की मांग उठाई है। सेम मुखेम नागराजा मंदिर के मडभागी सौड़ में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पोखरी गांव की सामान्य और अनुसूचित बस्ती अब सुरक्षित नहीं रह गई है और प्रशासन को तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करनी चाहिए। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख मनीषा पंवार ने की।

ग्रामीणों का कहना है कि दीनगांव-मुखेम मोटर मार्ग पर बनी सड़क के समीप से पानी पोखरी गांव की ओर बह रहा है। इस कारण सड़क के नीचे बसा पोखरी गांव गंभीर संकट में है। भूधंसाव की वजह से गांव के 45 मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ चुकी हैं। कई परिवार अपने घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने अब तक 23 परिवारों को मडभागी सौड़ गेस्ट हाउस और अन्य सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण ब्लॉक प्रमुख के नेतृत्व में संगठित होकर विस्थापन की मांग को मजबूती से उठाएंगे। राज्य आंदोलनकारी देवी सिंह पंवार ने कहा कि शासन-प्रशासन पहले से ही स्थिति से अवगत है, लेकिन अब देरी करना खतरनाक हो सकता है। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द भूगर्भीय सर्वेक्षण कराया जाए और प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान पर बसाने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

बैठक में यह भी कहा गया कि मुखेम मोटर मार्ग का शीघ्र सुधारीकरण किया जाए ताकि बारिश का पानी गांव की ओर न बहे। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेश पोखरियाल, ग्राम प्रधान मैणा देवी, विजय पोखरियाल, राजपाल राणा, रविंद्र विजय पोखरियाल, कनकपाल रावत, अतर सिंह चौहान और हेम.राज रावत सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में मौजूद लोगों ने प्रशासन से अपील की कि समय रहते प्रभावी कदम उठाए जाएं ताकि संभावित त्रासदी को टाला जा सके।

# राजधानी में जाम से लोग हलकान

## कई घंटे तक फंसी रही सैकड़ों गाड़ियां, ट्रैफिक कर्मी रहे नदारद

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजधानी के सहारनपुर चौक से घंटाघर तक शनिवार की देर शाम लगे वाहनों के जाम से लोग हलकान हो गए।कई घंटे तक जाम में फंसे लोग ट्रैफिक विभाग को कोसते रहे। सूत्रों के अनुसार राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में सड़कों पर जाम लगने का एक रूटीन सा बन गया है। बताया जा रहा है कि स्मार्ट सिटी के द्वारा किए गए काम में हुई लापरवाही के चलते सड़कों के किनारो को खोदे गए गड्ढे से जाम लग जाता है। तो कहीं नगर निगम की धींगा मस्ती के चलते सड़कों पर वाहनों की जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। दूसरी



तरफ ट्रैफिक विभाग भी आराम की नींद सोने में लगा है और लोग सड़कों पर लगी वाहनों की लंबी-लंबी कतारो के चलते परेशान होते नजर आ रहे हैं। शनिवार की देर शाम सहारनपुर चौक से घंटाघर तक काफी लंबा जाम लगा रहा और दूर-दूर तक ट्रैफिक कर्मचारी नजर नहीं आए।लोगों की माने तो सड़कों के किनारे खड़े होने वाले ठेले एवं अन्य अतिक्रमण पर नगर निगम का कोई अंकुश न लगाने के चलते जाम की स्थिति बनी रहती है।

चकराता रोड पर रेंग रहे वाहन, यही हाल आईएसबीटी से घंटा घर तक का भी हैं। आईएसबीटी से घंटा घर तक आने में लग रहे 2 घंटे। माता वाला बाग से राजपुर रोड, प्रेम नगर से घंटा घर और रिस्पना से राजपुर, लक्ष्मी रोड, रायपुर रोड सहित पूरा शहर जाम से हलकान।

वही सड़कों पर लगने वाले जाम में स्मार्ट सिटी के द्वारा किए जा रहे काम के चलते सड़कों को तोड़ने की प्रक्रिया अहम भूमिका निभा रहा है क्योंकि सड़कों के किनारे निर्माण के नाम पर किए जा रहे कार्यों को पूरी तरीके से अमल जमा नहीं पहनाया जाता और बीच में ही सड़कों के किनारे गड्ढे बन जाते हैं। जिसके चलते आए दिन सड़कों पर वाहनों के जाम लगे रहते हैं। एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस सड़कों पर लेकर जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही है जल्दी सभी रास्ते पर आवा. जाही सुचारू रूप से हो जाएगी।

# सड़क पर हुड़दंग करते लोगों का हुआ वीडियो वायरल

## कप्तान के आदेशों के बाद जागी राजपुर पुलिस

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** राजपुर थाना क्षेत्र में बाहरी लोगों का हुड़दंग आए दिन आए दिन नजर आता है। घटना के बाद ही राजपुर पुलिस एक्शन लेती है और फिर वाही वाही बटोरने में लग जाती है। यही नहीं शासन के नियमों को ताक पर रखकर राजपुर थाना क्षेत्र में पढ़ने वाले बार सरेआम नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं और राजपुर पुलिस मूकदर्शक बनी बैठी है।

वायरल एक वीडियो जिसमें इंपीरियल हाइट मसूरी रोड के पास कुछ युवक आपस में लड़ाई झगड़ा करते दिखाई दे रहे हैं। इस घटना पर राजधानी के पुलिस कप्तान ने जरूर संज्ञान लिया और आरोपी उपद्रवी युवकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अब पुलिस कप्तान के यादव से के बाद नींद में सोई राजपुर पुलिस जागी और वीडियो में उपद्रव करते दिखाई दे रहे व्यक्तियों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी एकत्रित की गई तथा प्राप्त जानक. री के आधार पर 6 आरोपी आकाश राज पुत्र जितेंद्र बहादुर सिंह,आदित्य दुबे पुत्र अखिलेश दुबे,प्रखर पुत्र चंद्रशेखर,सचिन सिंह पुत्र कुंदन सिंह,अभिषेक पुत्र धनंजय कुमार,अनिकेत पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम ब्यापुर, थाना मनेथ, जिला पटना, बिहार हाल पता इंपीरियल हाइट राजपुर को 170 बीएनएसएस के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया। क्षेत्राधिकारी राजपुर मनोज असवाल ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र में झगड़ा करने वाले छात्र बताए गए हैं जिन पर कार्यवाही की गई है। वही राजपुर थाना क्षेत्र में शासन की टाइमलाइन के बाद देर रात्रि खोलने वाले बार संचालकों के विरुद्ध कार्यवाही की बात कही। वही जब घटना को लेकर राजपूत थाना अध्यक्ष शैंकी चौधरी से बात करने का उनके सरकारी मोबाइल पर प्रयास किया गया तो फोन नहीं उठा।

# पुलिस ने भारी मात्रा में पकड़ा अवैध गांजा



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** थाना रानीपोखरी पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के आदेशो के चलते क्षेत्राधिकारी ऋषिकेश के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ एवं अवैध शराब की बिक्री व परिवहन करने वाले व्यक्तियो के खिलाफ रानी पोखरी थाना अध्यक्ष वीकेंद्र चौधरी पुलिस टीम के साथ मिलकर कार्यवाही में जुटे हैं थानाध्यक्ष रानीपोखरी के नेतृत्व में गठित टीम पुलिस ने चैकिंग के दौरान जाखन नदी किनारे वन विकास निगम खनन कांटे के पास एक तस्कर को उसे वक्त दर्द पहुंचा जब उसके कब्जे से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

पकड़ा गया आरोपी जितेन्द्र शाह पुत्र सुदामा शाह निवासी ग्राम गोडवा टोला थाना मुफसिल जिला बेतिया बिहार, हाल निवासी-सुबोध जयसवाल का प्लाट शान्तिनगर रानीपोखरी के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उसे जेल भेजा। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उक्त गांजा बाहर से खरीदकर लाया था।

# फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर लाखों का लगाया चूना

## मित्र बनकर पीड़ित से हुई साइबर ठगी, एसटीएफ ने किया आरोपी को गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** फर्जी डॉक्टर और कस्टम अफसर बनकर सोशल मीडिया फ्रॉड से 50 लाख रुपये की ठगी करने वाला शातिर हिमांशु शिवहरे को एसटीएफ ने हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया। बताया गया है कि पीड़ित का झांसे में लेने के लिए फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल एवं अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबर का इस्तेमाल किया गया था। पीड़ित का फर्जी मित्र, जाली कस्टम अधिकारी व झूठा बैंक अफसर बनकर विभिन्न बहानों से कुल लगभग 50 लाख । हजार 218 रुपये की ठगी की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि एक प्रकरण



देहरादून निवासी द्वारा दिसम्बर 2024 को साइबर थाना देहरादून में दर्ज कराया गया था।पीड़ित को फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी गई। उसके बाद व्हाट्सएप चौट, कॉल और संदेशों के माध्यम से लगातार संपर्क किया गया। एक अज्ञात महिला ने भारत आने का झूठा बहाना बनाया और फिर जाली कस्टम अधिकारी सरवन खान तथा झूठा बैंक अफसर डेविड जॉनसन ने विभिन्न कारणों ख़ कस्टम क्लियरेंस, बैगेज चार्ज, घरेलू उड़ान टिकट व विदेशी मुद्रा शुल्क का हवाला देकर पीड़ित से बड़ी धनराशि की मांग की।पीड़ित को व्हाट्सएप पर कोड, फर्जी फ्लाइट टिकट, नकली पासपोर्ट तथा बैंक संदेश भेजे गए और भावनात्मक दबाव बनाकर लगातार पैसे ट्रांसफर करवाए गए। नवम्बर से दिसम्बर 2024 के बीच पीड़ित ने अलग-अलग बैंक खातों में कुल लगभग पचास लाख एक हजार दो सौ अठारह रुपये जमा किए।बाद में जब पीड़ित ने संदेह होने पर धनरा. शि वापस लेने का प्रयास किया, तो अंतरराष्ट्रीय नियमों और टैक्स का बहाना बनाकर रकम लौटाने से इंकार कर दिया गया। इस प्रकार, अंतरराष्ट्रीय व्हाट्सएप नंबर, फर्जी पहचान और तकनीकी साधनों का प्रयोग कर सुनियोजित तरीके से साइबर ठगी को अंजाम दिया गया। घटना के बाद जांच पड़ताल में पता चला कि हिमांशु शिवहरे पुत्र मुकेश शिवहरे निवासी ग्राम जौरा, पो. जौरा, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश के रूप में की गई जो फर्जी प्रोफाइल व अंतरराष्ट्रीय मोबाइल नंबरों उपयोग कर करोडो की साइबर ठगी को अंजाम देने के लिए अलग-अलग नामों से प्रोफाइल व इंटरनेशनल नंबरों का इस्तेमाल किया जाता था जिसके चलते आरोपी हिमांशु शिवहरे पुत्र मुकेश शिवहरे को रुचिरा पेपर मिल फैक्ट्री के पास, कालाआम्ब, हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया गया।

# सीएम ने घंटाघर के भव्य रूप का किया लोकार्पण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में किया विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। घंटाघर का भव्य रूपांतरण एवं स्वचालित प्रकाश व्यवस्था का भी किया शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान सीएम ने महिला स्वयं सहायता समूह के लिए 04 आधुनिक हिलांस-कम-किचन आउटलेट्स का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ये सभी कार्य नागरिक सुरक्षा, शहरी सौंदर्यीकरण और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देंगे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मंत्री गणेश जोशी, पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक खजान दास, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ नेता, अधिकारी एवं गणमान्य लोग शामिल हुए।

# महिलाओं व वंचित वर्गों के लिए सावित्रीबाई फुले ने खोले थे शिक्षा के द्वारः दुर्गा

## सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में शिक्षक दिवस पर छात्रों द्वारा शिक्षकों का किया गया सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** सिद्धार्थ ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में शिक्षक दिवस पर छात्रों द्वारा अपने शिक्षकों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया। संस्थान के चेयरमैन दुर्गा प्रसाद वर्मा, वाइस चेयरमैन अभिषेक वर्मा एवं डायरेक्टर एडमिन डी के त्यागी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान बोलते हुए दुर्गा वर्मा ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले को याद करते हुए बताया कि महिलाओं और वंचित वर्गों की शिक्षा के द्वार खोलने का कार्य सावित्रीबाई फुले ने किया। वही स्वतंत्रता के पश्चात डॉ. भीमराव अंबेडकर ने इसको कानूनी आधार



प्रदान करने का काम किया।चेयरमैन वर्मा ने कॉलेज में छात्र शिक्षकों के मध्य बेहतरीन समझ के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक बहु सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें उत्तराखंड के पर्वतीय नृत्य, पंजाबी, हरियाणवी, राजस्थानीआदि नृत्य शैलियों का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों द्वारा आयोजित शिक्षिकाओं के एक गेम में नर्सिंग डिपार्टमेंट की नेहा एवं विधि विभाग वर्तिका शर्मा विजेता रहीं। विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार देकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। शशांक पांडे, प्रियंका, समिधा, अक्षत विमलेंदु एवं प्रिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन अभिषेक वर्मा ने बातचीत में बताया कि कॉलेज में छात्रों का अपने शिक्षकों के प्रति यह सम्मान सफलता की ओर बढ़ रहा है जिसके परिणाम ज्यूडिशल एक्जाम में विद्यार्थियों की सफलता के रूप में सामने आ रहे हैं। डी के त्यागी ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। प्राचार्य डॉ. शराफत अली व प्राचार्य डॉ. संजय सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए छात्रों को बधाई दी। इस अवसर पर तीनों विभागों के प्राचार्यों के अतिरिक्त प्रोफेसर्स, गैर शिक्षक कर्मचारी एवं सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी से आपदाग्रस्त उत्तराखंड को उम्मीद, फिर सामान्य होगी जिंदगीः चौहान

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि पीएम मोदी उत्तराखंड के विकास मे मार्गदर्शक और अभिभावक हैं। पूर्व में मिले सहयोग की भाँति इस बार भी राज्य आपदा से उबरकर जन जीवन सामान्य हो जायेगा। उन्होंने आपदा क्षतिपूर्ति को लेकर केंद्रीय सर्वे टीम के दौरे से वस्तुस्थिति का सही आकलन होने की उम्मीद जताई है।

चौहान ने कहा कि इस बार 2013 की केदारनाथ त्रासदी के बाद सर्वाधिक नुकसान हुआ है, लिहाजा देवभूमि को विश्वास है कि अभिभावक की भांति, पीएम मोदी



पहाड़ को फिर से खड़ा करने में यथोचित मदद करेंगे। उन्होंने आपदा क्षतिपूर्ति आकलन को केंद्रीय अंतर मंत्रालय टीम के सोमवार पहुंचने पर संतोष व्यक्त किया है। वही उम्मीद जताते हुए कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार का हमेशा उत्तराखंड को सहयोग मिलता रहा है। विशेषकर आपदा में तो प्रत्येक देव भूमिवासी साक्षी है कि एक अभिभावक की तरह मोदी द्वारा चिंता करना और अधिक से अधिक मदद पहुंचाना प्रमुख है। वह जब केंद्र की सत्ता में भी नहीं थे, तब भी केदारनाथ जलप्रलय के बाद उनके द्वारा सबसे पहले मदद की इच्छा जताई गई थी। तत्कालीन कांग्रेस सरकारों ने राजनी. ति को तरजीह देकर उन्हें रोका तो बाबा केदार ने उन्हें पीएम बनाकर अपनी सेवा का अवसर दिया। तब से उनकी सरकार चारों धामों समेत राज्य के अधिकांश पवित्र स्थानों का कायाकल्प कर रही है। इसके अतिरिक्त जब-जब प्रदेश पर आपदा आई, केंद्र ने बड़े भाई का फर्ज निभाया और हमे संकट से उबारा है।

# जोशी ने हुकम सिंह के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से की मुलाकात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी बार्लोगंज स्थित मेरीविल स्टेट निवासी हुकम सिंह रावत के घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवार से मुलाकात की। गौरतलब है कि बार्लोगंज निवासी हुकम सिंह रावत के पुत्र आशीष रावत, जो एक मर्चेन्ट नेवी में ब्राजील में कार्यरत थे, का हाल ही में निधन हो गया। मृतक का पार्थिव शरीर अब तक भारत नहीं पहुँच पाया है, जिसके चलते परिजन गहरे दुख और परेशानी में हैं तथा अंतिम संस्कार भी नहीं कर पा रहे हैं।

परिजनों ने कैबिनेट मंत्री से आग्रह किया कि मृतक का पार्थिव शरीर भारत लाया जाए ताकि अंतिम संस्कार संपन्न हो सके। इस पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उन्हें हर संभव मदद और सहयोग का भरोसा दिलाया। काबीना मंत्री ने बताया कि इस बाबत विदेश मंत्रालय और जहा. जरानी मंत्रालय को पत्र लिखकर अनुरोध भी किया है। इस दौरान मृतक के पिता हुकम सिंह राणा, भाजपा नेता मोहन पेटवाल, अरविंद सेमवाल, खुशहाल राणा, सुभाष, नरेन्द्र मेलवान आदि उपस्थित रहे।

# देवाल विकासखंड के प्रतिनिधि मंडल ने जोशी से की मुलाकात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से शनिवार को जनपद चमोली के देवाल ब्लॉक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की।

प्रतिनिधिमंडल ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन सौंपकर देवाल विकासखंड में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत स्वीकृत सड़कों के टेंडर शीघ्र जारी करने तथा पीएम श्री अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में



एनसीसी कक्षाएं शुरू कराने की मांग की। इसके साथ ही प्रतिनिधिमंडल ने देवाल में 15 सितम्बर से प्रस्तावित मनरेगा के सोशल ऑडिट को दैवीय आपदा की परिस्थितियों को देखते हुए फिलहाल के लिए स्थगित करने का आग्रह भी किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख देवाल तेजपाल सिंह रावत, दीपक सिंह गड़िया, दयाल सिंह बिष्ट, अरुण कुमार, रमेश गड़िया, जितेंद्र बिष्ट, संदीप बिष्ट, किशन सिंह, प्रकाश मिश्रा, राजेंद्र कुनियाल, गंगा सिंह, दलवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गजियावाला पहुंचकर बरसात से हुए नुकसान का लिया जायजा

■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने भारी वर्षा से प्रभावित लोगों से ली जानकारी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को देहरादून स्थित गजियावाला क्षेत्र पहुंचकर अतिवृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। भारी वर्षा के कारण प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत कर उन्होंने उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री जोशी ने सम्बन्धित अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क कर तत्काल आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षात्मक कार्यों क्षतिग्रस्त मार्गों के पुनर्निर्माण कार्यों को भी शीघ्र करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर किरन, सपना, शेखर थापा, ग्राम प्रधान सुनील क्षेत्री, समुन्दर, जितेन्द्र राणा, केदार जोशी, माया राणा सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# ऑल-न्यू विक्टोरिस की लॉन्च

**देहरादून।** भारतीय एसयूवी सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने आज अपनी नवीनतम एसयूवी विक्टोरिस लॉन्च की। नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई विक्टोरिस हाइपर-कनेक्टेड टेक्नोलॉजी, ऑल-राउंड सेफ्टी, भविष्यवादी और स्लीक डिजाइन तथा रोमांचक परफॉर्मेंस का संगम है, जो वास्तव में एक ऐसी एसयूवी है जिसमें है 'गॉट इट ऑल'। पेट्रोल विद स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड, ऑलग्रिप सिलेक्ट (4×4) और सेगमेंट-फर्स्ट अंडरबॉडी टैंक डिजाइन वाली पर्यावरण-हितैषी एस-सीएनजी टेक्नोलॉजी के साथ उपलब्ध, विक्टोरिस आज के डायनामिक युवाओं के लिए व्यापक पावरट्रेन विकल्प प्रदान करती है।

# दो पक्ष में चली गोलियां, मची अफरा तफरी

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** क्लेमेंटाउन थाना क्षेत्र के ओगल भट्टा इलाके में शुक्रवार रात दो पक्षों के बीच विवाद में गोलियां चलने और एक युवक के घायल होने की सूचना हड़काम मच गया था। आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो घटनास्थल पर पता चला कि दो पक्षों में विवाद के चलते कहासुनी और मारपीट हुई है।

पुलिस ने मौके से सात लोगों को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद गोली चलने की झूठी सूचना देने वाली महिला के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की गई।एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि पिंकी नाम की महिला ने कंट्रोल रूम को फोन कर बताया था कि ओगल भट्टा में दो गुटों के बीच गोलीबारी हुई है, जिसमें उनका बेटा घायल हो गया है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाने की टीम मौके पर पहुंची। वहां गोलीबारी जैसी कोई घटना नहीं मिली। जानकारी मिली कि कहासुनी के चलते दोनों पक्षों के लोग आक्रामक हो गए थे और हंगामा कर रहे थे। पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की लेकिन वे मारपीट पर उतारू थे

## युवती के फोटो से छेड़छाड़, मुकदमा दर्ज

सोशल मीडिया के चलते क्लेमेंटाउन थाना पुलिस ने एक इंस्टाग्राम यूजर के खिलाफ युवती की फोटो के साथ छेड़छाड़ करके धार्मिक वैमनस्य फैलाने के आरोप में शनिवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। थानाध्यक्ष मोहन सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता युवती ने आरोप लगाया गया है कि कथित अयान नाम के प्रोफाइल से उनके निजी फोटो से छेड़छाड़ करके आपत्तिजनक और भड़काऊ सामग्री पोस्ट की गई है। इनके जरिये धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और दो समुदायों के बीच नफरत फैलाने वाली बातें कही गई। पुलिस ने आरोपी की पहचान करने और आगे की कार्रवाई के लिए जांच शुरू कर दी है।

# एमडीडीए की कार्रवाई, अवैध प्लॉटिंग और निर्माण पर चली जेसीबी

## डोईवाला, रानीपोखरी, माजरी ग्रांट समेत कई जगहों पर की कार्रवाई, अवैध निर्माण पर भी सीलिंग, पुलिस बल व प्राधिकरण की टीम रही मौजूद

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध प्लॉटिंग और नियमविरुद्ध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों और नेतृत्व में प्राधिकरण लगातार ऐसे मामलों पर सख्ती बरत रहा है। एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि अवैध प्लॉटिंग और निर्माण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की मंशा है कि प्रदेश में नियम-कायदों को दरकिनार कर हो रहे अवैध



कार्यों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। प्राधिकरण क्षेत्रांतर्गत डोईवाला, रानीपोखरी, माजरी ग्रांट और अन्य स्थानों पर चल रही अवैध प्लॉटिंग और निर्माण को ध्वस्त एवं सील किया गया।

ग्राम झाबरावाला, डोईवाला ख़ संजय सुन्द्रियाल द्वारा लगभग 18 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। ग्राम डांडी, रानीपोखरी टिकराम पुरवाल द्वारा लगभग 10 से 12 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। बक्सारवाला, भानियावाला ख़ कुलदीप राणा, विपिन जैसवाल व अन्य द्वारा लगभग 25 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। हरिद्वार रोड, निकट साईं मंदिर, देहरादून ख़ गौतम जैहर, संदीप पाल व अन्य द्वारा लगभग 40 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग को ध्वस्त किया गया। माजरी ग्रांट, हरिद्वार रोड, देहरादून ख़ बिन्दु पुरवाल पत्नी टिकराम पुरवाल द्वारा किए गए अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। इन कार्रवाइयों में सहायक अभियंता प्रमोद मेहरा, अवर अभियंता प्रवेश नौटियाल, सुपरवाइजर और पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। संयुक्त टीम ने सभी जगह सख्ती से नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया।

## अवैध निर्माण व प्लॉटिंग नहीं होने दी जाएगीः तिवारी

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने दोहराया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मंशा के अनुरूप प्रदेश में किसी भी तरह का अवैध निर्माण और अवैध प्लॉटिंग नहीं चलने दी जाएगी। प्राधिकरण की ओर से आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पुलिस और सीआईयू टीम ने फर्जी साइबर फ्रॉड का किया खुलासा

# शिकायतकर्ता ने ही मास्टरमाइंड के इशारे पर रची थी साजिश, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस व सीआईयू टीम ने साइबर फ्राड का खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्ति ने ही मास्टरमाइंड के इशारे पर पूरी साजिश रची थी। पुरानी रंजिश के चलते मास्टरमाइंड कुछ लोगों को साइबर ठगी के मामले में फंसाकर जेल भिजवाना चाहता था। आरोपियों के कब्जे से 50 हजार रूपए नकद, कंप्यूटर, प्रिंटर, गैर जमानती वारंट सहित अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं।

एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि बीती 28 जुलाई को सुरेन्द्र पुत्र सुमन निवासी शिवधाम कॉलोनी गली नंबर 2 सुभाष नगर ज्वालापुर ने उसके फोन पर नोटिफिकेशन भेजकर फर्जी पीडीएफ डाउनलोड कर पटेल नगर थाना देहरादून में सड़क दुर्घटना के मुकदमे में वारंट जारी होने का डर दिखाकर धोखाधड़ी से 30000 रूपए ट्रांसफर करवाने के संबंध में शिकायत दर्ज करायी थी। मुकद्मा दर्ज करने के बाद साइबर सेल ने 5 अलग-अलग खातों में 25 हजार रूपए की रकम होल्ड करा दी थी। लेकिन जब खाताधारकों से पूछताछ की गयी तो पता चला कि उनके खाते में आई 5000-5000 रूपए की धनराशि खाताधारकों द्वारा नहीं निकाली गई, बल्कि शिकायतकर्ता सुरेंद्र से फोन पर संपर्क कर पैसे वापस करने की वात की गई व खाते में पैसे आने की ऑनलाइन व ऑफलाइन शिकायत भी दर्ज कराई गई।

मामले की विवेचना में प्रकाश में आया साइबर फ्राड की शिकायत दर्ज कराने वाला सुरेंद्र कृष्णकांत का अच्छा परिचित है और जिनके खिलाफ उसने आरोप लगाए हैं। उनके साथ कृष्णकांत द्वारा धोखाधड़ी की गई थी। जिस संबंध में कृष्णकांत के खिलाफ विभिन्न थानों में धोखाधड़ी के अभियोग पंजीकृत कराए गए हैं व उत्तराखंड एसटीएफ द्वारा भी कोतवाली रानीपुर में



कृष्णकांत के विरुद्ध धोखाधड़ी व कोतवाली मंगलौर में गैंगस्टर एक्ट में मुकदमा दर्ज हैं।

इसके बाद पुलिस ने सुरेंद्र से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह वर्ष 2022 में दुष्कर्म के मामले में सिडकुल थाने से जेल गया था। जहां उसकी मुलाकात कृष्णकांत से हुई। कृष्णकांत ने ही जमानत कराने में सुरेन्द्र की मदद की थी। कृष्णकांत ने सुरेन्द्र को बताया कि जुरेश, आरजू, शेखर, रवीना, राजू, योगेश व किशन महात्यागी ने उसके व उसके परिवार के खिलाफ धोखाधड़ी के मुकदमे दर्ज करवा रखे हैं। मुझे इन सभी से बदला लेना है और सभी को किसी फर्जी मामले में लपेटकर जेल भिजवाना है। कृष्णकांत ने सुद्रें को 5 लाख रुपए का लालच देकर अपने भाई डेविड व अपने साले राहुल के साथ मिलकर सभी को साइबर फ्रॉड के मामले में फंसा कर जेल भिजवाने का प्लान बनाया। प्लान के मुताबिक आरोपियों ने फर्जी वारंट तैयार कर सुरेन्द्र के खाते से जुरेश, आरजू, शेखर, रवीना, राजू योगेश व किशन महात्यागी के खाते में 5000-5000 रूपए डाल कर उनके खिलाफ साइबर फ्राड का मुकदमा दर्ज कराया।

इस काम के लिए कृष्णकांत ने सुरेंद्र को अपने साले राहुल के माध्यम से 35000 नगद दिए थे व फर्जी गैर जमानती वारंट बनाकर पीड़ितों के खाते में क्यूआर कोड के माध्यम से 5000-5000 रूपए डाले थे। इस काम के बाद कृष्णकांत ने सुरेंद्र को ढाई लाख रुपये नगद दिए थे। फर्जी साइबर फ्राड की पूरी कहानी सामने आने के बाद पुलिस ने सुरेंद्र पुत्र सुमन निवासी सताव आशिक थाना गुरुबक्शगज जिला रायबरेली उत्तर प्रदेश, हाल निवासी शिवधाम कॉलोनी गली नंबर 2 सुभाष नगर कोतवाली ज्वालापुर, डेविड पुत्र विनोद निवासी ग्राम नारसन खुर्द कोतवाली मंगलौर व राहुल पुत्र पवन निवासी ग्राम सुगरासा थाना पथरी हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया। जबकि पूरे मामले के मास्टरमाइंड कृष्णकांत की तलाश की जा रही है।

एसएसपी ने बताया कि आरोपी डेविड के खिलाफ सहारनुपर के देवबंद, नांगल, हरिद्वार के बुग्गावाला, रूड़की व मंगलौर में ठगी व गैंगस्टर की धाराओं में 6 मुकदमे दर्ज हैं। सुरेंद्र के खिलाफ सिडकुल थाने में दुष्कर्म का मामला दर्ज है।

## रानीपुर विधायक ने 53 लाख की सड़क निर्माण का किया शुभारंभ

**हरिद्वार।** रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने रावली महदूद के लक्ष्मीनगर, महावीर विहार, नेहरू नगर कॉलोनियों की सड़कों के निर्माण का कार्य पूजन कर शुरू कराया। लगभग 53 लाख की लागत से इन सड़कों का निर्माण लाकिंग टाइल्स से किया जायेगा। क्षेत्रवासियों ने विधायक आदेश चौहान का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि क्षेत्र का विकास सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। सरकार की विभिन्न योजनाओं से पूरे विधानसभा क्षेत्र में लगातार विकास कार्य प्रगति पर है। भाजपा सरकार क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय चौहान, ग्राम प्रधान प्रमोद पाल,विपिन चौहान, विनीत चौहान, ग्राम पंचायत सदस्य संजीव पाल, सोनू चौहान, अमित पाल,विजय पुंडीर, मुकेश शर्मा, व्यापक चौधरी,मांगेराम, सुभाष, लोकेश,जयवीर सिंह, विक्रांत कौशिक,दिनेश चौहान ,गुड्डू पाल,आकाश पाल,विचित्र चौहान विनोद कुमार, सुनील कुमार सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# डीएम ने जल जीवन मिशन योजनाओं का किया निरीक्षण, टैंकों की लिकेज पर जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजनाओं की वास्तविक स्थिति परखने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शनिवार को ग्राम पंचायत रावली मेहदूद और जमालपुर कलां का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और पानी की सप्लाई की स्थिति की जानकारी ली।

रावली मेहदूद में बनाए गए पेयजल टैंक से पानी का रिसाव देखकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने तत्काल टैंक की मरम्मत कराने के निर्देश दिए और स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक कर मरम्मत कार्य की समय-सीमा तय की। जिलाधिकारी ने साफ कहा



कि ग्रामीणों को पहले से सूचित कर वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए, ताकि पेयजल आपूर्ति बाधित न हो। ग्रामीणों द्वारा दिए जाने वाले अंशदान को लेकर भी बैठक की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार द्वारा निर्धारित अंशदान की जानकारी प्रत्येक परिवार तक स्पष्ट रूप से पहुँचाई जाए, ताकि किसी प्रकार की गलतफहमी न रहे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि सुबह और शाम समय पर पानी की सप्लाई हर हाल में सुनिश्चित की जाए। जमालपुर कलां में निरीक्षण के दौरान भी पेयजल टैंक से लिकेज पाया गया। जिलाधिकारी ने इसे भी तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा पंप हाउस परिसर में एक ठेकेदार का ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य सामग्री रखी मिली। जिलाधिकारी ने इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए अधिशासी अभियंता को ठेकेदार से सर्कल रेट के अनुसार किराया वसूलने और लापरवाही की स्थिति में कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अधिशासी अभियंता जल निगम राजेश गुप्ता ने बताया कि रावली मेहदूद पेयजल योजना 12 करोड़ की लागत से बनी है, जिससे 4,900 घरों को कनेक्शन दिया गया है। टैंक की क्षमता 1,950 किलोलीटर है। वहीं, जमालपुर कलां योजना पर 10 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं और इसमें 1,400 किलोलीटर क्षमता का टैंक है, जिससे 5,500 घरों को पेयजल आपूर्ति की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता एम. मुस्तफा, सहायक अभियंता भूपेंद्र सिंह, अवर अभियंता वर्षा सिंह व सीमा बिष्ट सहित ग्रामीण और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अंतरजनपदीय वाहिनी पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में

# हरिद्वार पुलिस टीम ने जीते 2 गोल्ड सहित 5 पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 24वीं अंतरजनपदीय वाहिनी पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता हरिद्वार पुलिस टीम ने 2 गोल्ड सहित 5 पदक जीते हैं। पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों से मिलकर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बधाई देते हुए भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी। पुलिस लाइन देहरादून में आयोजित 24वीं अंतरजनपदीय वाहिनी पुलिस जूडो क्लस्टर प्रतियोगिता में हरिद्वार पुलिस के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 गोल्ड सहित 5 पदक जीते। जिसमें जूडो में रवि कुमार और वीरेंद्र ने स्वर्ण पदक, वुशू में रविकांत ने कांस्य पदक, ताईक्वांडो में सुनील ने कांस्य पदक व पेंचक सिलाट में रवि ने रजत



पदक जीता। प्रतियोगिता समाप्त होने पर मेडल के साथ हरिद्वार लौटे खिलाड़ी व कोच मुकेश नैनवाल व भूपेंद्र सिंह से एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने अपने कैम्प कार्यालय में मुलाकात कर बधाई दी व भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएँ दी। मेडल जीत कर लौटी टीम के तीन खिलाड़ी इस माह श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) में होने वाली अखिल भारतीय पुलिस खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

## न्याय प्रेरणा शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए 43 शिक्षक

**अल्मोड़ा।** जिला न्यायालय सभागार में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर जनपद के 43 चयनित सर्वोत्तम शिक्षकगणों को न्याय प्रेरणा शिक्षक के रुप में सम्मानित किया गया। डीएलएसए सचिव शचि शर्मा ने बताया कि शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय जागरूकता अभियान गुरु शक्ति-न्याय शक्ति: ज्ञान से न्याय की ओर चलाया गया। अभियान के दौरान सर्वोत्तम रहे जिले के 43 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। बताया कि सम्मान समारोह का उद्देश्य शिक्षकों द्वारा बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्य, बाल अधिकार एवं संरक्षण, महिला सुरक्षा कानून, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा, मादक पदार्थो के सेवन की रोकथाम आदि विषयों के संबंध में जागरूक कर सशक्त नागरिक बनाने के लिए प्रेरित करना व उनके योगदान की सराहना करना है।

## विधायक तिवारी को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा।** क्षेत्र पंचायत सदस्य व अधिवक्ता गोपाल भट्ट ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी से मुलाकात कर 12 सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में जौलबाज-थीकलना-एरिखान मोटर मार्ग में सोलिंग और डामरीकरण करने, वृद्ध जागेश्वर धाम में पार्किंग निर्माण के लिए शासन स्तर से धनराशि आवंटित कराने, ग्राम सभा थीकलना एवं त्रिनैली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, क्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति करने, क्षेत्र की क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को ठीक करने समेत अन्य मांगे रखी है। बताया कि विधायक मनोज तिवारी ने मांगों पर सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया है।

# हरिद्वार में इलाज के नाम पर मौत का धंधा, जांच कमेटी पर उठ रहे सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार जिले में प्राइवेट अस्पतालों की मनमानी और झोलाछाप सिस्टम के चलते एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है। सिडकुल स्थित हिंदुस्तान यूनिलीवर के कर्मचारी श्रीचंद्र शर्मा की मौत ने पूरे स्वास्थ्य तंत्र पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

क्या है पूरा मामला - करीब एक माह पूर्व श्रीचंद्र शर्मा सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। पहले उन्हें सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया और एक सर्जरी भी हुई। इसके बाद डॉक्टर सुमंतु विरमानी ने दूसरी सर्जरी की जरूरत बताई। आरोप है कि डॉक्टर ने उन्हें अपने निजी क्लीनिक सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर (न्यू हरिद्वार कॉलोनी) में कम दाम पर सर्जरी कराने का लालच दिया। फैक्ट्री कर्मचारी डॉक्टर के झांसे में आ गए और भर्ती हो गए। सर्जरी के दौरान एनस्थीसिया की लापरवाही से उनकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें बंगाली अस्पताल रेफर किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद सहकर्मी कर्मचारियों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सील कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की ढिलाई पर सवाल

हर बार की तरह इस बार भी स्वास्थ्य विभाग ने जांच कमेटी गठित कर दी है। लेकिन पिछले मामलों को देखकर जांच पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**मां गंगा हॉस्पिटल ( बहादराबाद )** : दो गर्भवती महिलाओं की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट ने डॉक्टरों को क्लीन चिट दी। एक मौत को हार्ट अटैक और दूसरी को ब्लड रिएक्शन बताया गया।

**एसआर मेडिसिटी :** ज्वालापुर निवासी युवती की मौत के मामले



में परिजनों ने हंगामा किया, लेकिन रिपोर्ट में कहा गया कि युवती पहले से गंभीर बीमार थी। डॉक्टरों की लापरवाही साबित नहीं हुई।

तीनों मामलों में स्वास्थ्य विभाग ने अस्पतालों को दोषी नहीं ठहराया। ऐसे में अब श्रीचंद्र शर्मा की मौत की जांच रिपोर्ट पर भी संदेह गहराता जा रहा है। कुल मिलाकर हरिद्वार में पैसे के खेल और लापरवाह सिस्टम की वजह से मरीजों की जान दांव पर लगी हुई है। सवाल यह है कि क्या इस बार भी जांच कमेटी रिपोर्ट में अस्पताल और डॉक्टर को बचा लेगी, या फिर सख्त कार्रवाई होगी।

# कार्यकर्ताओं की राय से बनेगा महानगर कांग्रेस अध्यक्ष : ठाकोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** संगठन सृजन अभियान के हरिद्वार महानगर कांग्रेस के आब्जर्वर जगदीश ठाकोर एवं प्रेम प्रकाश बहुखण्डी ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस को नए सिरे मजबूत करने के लिए पार्टी नेतृत्व ने संगठन सृजन अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत सभी प्रदेशों में कार्यकर्ताओं की राय से पार्टी इकाईयों को नए सिरे से गठित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य पार्टी के प्रति समर्पित और स्वच्छ छवि के कार्यकर्ताओं को आगे लाकर पार्टी में उनकी भूमिका बढ़ाना है। जगदीश ठाकोर ने बताया कि वे अगले कुछ दिनों तक हरिद्वार में रहकर महानगर के बूथ स्तर तक के पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलकर उनकी राय लेंगे और



अपनी रिपोर्ट पार्टी नेतृत्व को सौंपेंगे। कार्यकर्ता व्यक्तिगत रूप से भी उनसे मिल सकते हैं। सामाजिक व्यक्तियों और पत्रकारों से भी फीड बैक लेंगे। कार्यकर्ताओं की राय से मिले फीडबैक के आधार पर पार्टी नेतृत्व द्वारा महानगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि पार्टी में किसी भी प्रकार की गुटबाजी अब नहीं चलेगी। नवनियुक्त अध्यक्ष को सभी को साथ लेकर चलना होगा। पार्टी द्वारा तय कार्यक्रमों का पालन करना होगा। पत्रकारवार्ता के दौरान जसपुर विधायक आदेश चौहान, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा, मनोज सैनी, अनिल भास्कर, संतोष चौहान, हिमांशु बहुगुणा सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रविवार को दोपहर 12 बजकर 19 मिनट से शुरू होगा चंद्रग्रहण का सूतक काल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** रविवार 7 सितम्बर को लगने वाला इस साल का आखिरी पूर्ण चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण भारत सहित विश्व के कई देशों में दिखाई देगा। ज्योतिष और खगोल विज्ञान दोनों दृष्टिकोण से ग्रहण को खास माना जा रहा है। पंचांग के अनुसार चंद्र ग्रहण का आरंभ रात 9 बजकर 58 मिनट पर होगा। ग्रहण का मध्य काल रात 11 बजकर 41 मिनट पर और समाप्ति रात 1 बजकर 27 मिनट पर होगी। इस तरह यह ग्रहण कुल मिलाकर करीब 3 घंटे 28 मिनट तक चलेगा। चूंकि चंद्र गहण भारत में भी दिखाई देगा। इसलिए ग्रहण का सूतक काल भी मान्य होगा। सूतक ग्रहण शुरू होने से 9 घंटे पहले लग जाता है। सूतक के दौरान किसी भी तरह के धार्मिक कार्य नहीं किए जाते हैं। इस दौरान मंदिरों के कपाट भी बंद कर दिए जाते हैं। रविवार को लगने वाले चंद्रग्रहण का सूतक दोपहर 12: बजकर 19 मिनट से शुरू हो जाएगा और 8 सितम्बर की रात 1:बजकर 26 मिनट पर समाप्त होगा।



ज्योतिषाचार्य डा. आनंद वल्लभ जोशी ने बताया कि चंद्रग्रहण के दौरान बच्चोंए बृद्धों और गर्भवती महिलाओ के लिये सूतक का खास ध्यान रखना होता है। ग्रहण के दौरान पूजा पाठ ध्यान और दान पुण्य करने का विशेष महत्व माना जाता है। दान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। जब चंद्रमा पूरी तरह से धरती की छाया में होता हैए तो उसका रंग हल्का लाल या नारंगी हो जाता है। जिसको ब्लडी मून भी कहा जाता है। पंचांग के अनुसार 7 सितम्बर को रात 11 बजे से ब्लड मून दिखने लगेगा।

### अंसारी बिरादरी ने यूपी के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी व उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयमरमैन शादाब शम्स का किया स्वागत

# हमारा मकसद युवाओं को शिक्षित करने के साथ-साथ सीधे रोजगार से जोड़ना : दानिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** निर्दलीय पार्षद अहसान अंसारी के नेतृत्व में अंसारी बिरादरी ने उत्तर प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के चेयरमैन शादाब शम्स शनिवार को सम्मान किया। पार्षद अहसान अंसारी के ज्वालापुर स्थित आवास पर आयोजित सम्मान समारोह में अंसारी बिरादरी के शहर सदर हाजी इरफान अंसारी, पार्षद अहसान अंसारी पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी, रियाज अंसारी के संयुक्त नेतृत्व में मंत्री दानिश आजाद अंसारी तथा उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स को बुके देकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि हमारा मकसद युवाओं को शिक्षित करने के साथ-साथ सीधे रोजगार से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में हिंदुस्तान एक ऐसा वाहिद मुल्क है, जहां मुस्लिम सबसे सुरक्षित हैं। दानिश आजाद अंसारी ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए चलायी जा रही योजनाओं का उल्लेख करते हुए मुस्लिम समाज से योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की और सम्मान समारोह के आयोजन के लिए शहर अंसारी बिरादरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिस प्रकार उनको यहां सम्मान मिला है। उससे वह प्रसन्न है। उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष शादाब शम्स ने भी कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो लोगों का शुक्रिया अदा करते हुए आयोजकों की पीठ थपथपाई।



इस अवसर पर पूर्व पार्षद इसरार अहमद सलमानी, जाफिर अंसारी, सुनहरा अंसारी, मंसूर अंसारी, हाजी शौकीन अंसारी, असीम अंसारी, वाजिद अली, आशु खान, आरिफ अंसारी, अनस अंसारी, दानिश अंसारी, हाजी जीशान अंसारी, हाजी शराफत अंसारी, इखलाक अंसारी, वसीम राव, अजीम राव, गुलफाम चाय वाले, इमरान, छोटा कुरैशी, कुर्बान अंसारी आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## एक साल से फरार लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दुकान में हुई लूट की घटना के मामले में एक साल से फरार चल रहे आरोपी को थाना कनखल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बीते वर्ष कुछ बदमाशो ने ग्राम पंजनहेडी स्थित एक दुकान में तमंचे से फायरिंग कर दुकानदार से लगभग 60 हजार रुपये नगद व 3 सोने की चौन लूट ली थी। पीड़ित दुकानदार की शिकायत पर पुलिस ने लूट की धाराओं में मुकद्मा दर्ज किया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल और घटना में शामिल बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने 12 अगस्त 2024 को मुठभेड़ के बाद एक बदमाश मोहित को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद घटना में शामिल रहे अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। लेकिन जानसठ थाना भोपा मुजफ्फरनगर का रहने वाला मोहित पुत्र राजेश कुमार पुलिस के हाथ नहीं लग पाया था। एसएसपी के निर्देश पर फरार एवं वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने लगातार फरार चल रहे मोहित को गुरुकुल कांगडी अण्डर पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में थाना प्रभारी चन्द्रमोहन सिंह, सीआईयू प्रभारी नरेंद्र सिंह बिष्ट, एसएसआई रमेश कुमार सैनी, हे.का. जितेन्द्र कुमार, कां. राजू सैनी शामिल रहे।

# रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर व इलेक्ट्रिक कार जैसी सुविधाओं से कुलियों के रोजगार में आई गिरावट

**रोजगार का संकट झेल रहे कुलियों को नौकरी दे सरकार : किशन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लगातार इजाद हो रही नई-नई तकनीक और सुविधाओं से कई चीजें चलन से बाहर होने के साथ इसका असर पारंपरिक रोजगार पर भी पड़ रहा है। सैकड़ों साल से रेलवे स्टेशनों पर सामान ढोने वाले कुलियों का रोजगार भी सामान ढोने की नई तकनीक के चलते प्रभावित हो रहा है। रोजगार पर संकट के कारण स्टेशनों पर कुलियों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है।

हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर कुलियों का जमघट लगा रहना एक दौर में आम बात हुआ करती थी। ट्रेन के



प्लेटफार्म पर रुकते ही कुली सामान उठाने के लिए दौड़ पड़ते और यात्रीयों का सामान ढोकर ही अपनी गुजर बसर करते थे। रेल यात्रा के दौरान हर स्टेशन पर नजर आने वाले कुली एक समय में समाज का इतना अहम किरदार था कि बॉलीवुड में कुलियों पर फिल्में बनी और हिट भी हुई। हालांकि दौर बदलने के साथ अब कुली इतने उपयोगी नहीं रह गए हैं। देश के ए वन श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में शुमार धर्मनगरी हरिद्वार के रेलवे स्टेशन पर अब कुलियों के लिए काम नहीं बचा है। जिसकी वजह वजह कुली आधुनिक एस्केलेटर और प्लेटफार्म पर दौड़ते इलेक्ट्रिक व्हीकल को बताते हैं।

ए वन श्रेणी का रेलवे स्टेशन होने के चलते हरिद्वार में स्टेशन पर जन सुविधाएं भी बेहतर हैं। यहां कई एस्केलेटर यानी ऑटोमेटिक सीढ़ियां लगी हुई है। दिव्यांगों और बुजुर्गों को ले जाने के लिए इलेक्ट्रिक कार भी चलती हैं। पहियों वाले सरपट दौड़ते ट्रॉली बैग ने भी कुलियों के रोजगार पर असर डाला है।

दो दशक पहले हरिद्वार रेलवे स्टेशन पर दो सौ से ज्यादा कुली हुआ करते थे जो अब आधे से भी कम रह गए हैं। हालांकि कुली का काम करने वाले पेशेवर कभी बहुत बेहतर स्थिति में नहीं रहे। लेकिन रेलवे स्टेशनों पर बढ़ती जन सुविधाओं ने कुलियों के रोजगार को सीधी टक्कर दी है। ऐसे में कुली सरकार से मदद की गुहार कर रहे हैं। हरिद्वार रेलवे स्टेशन कुली यूनियन के प्रधान किशन ने बताया कि काम पर बहुत असर पड़ा है। परिवार का खर्च चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सरकार या तो कुलियों को नौकरी दे या रेलवे स्टेशन पर सामान ढोने के लिए लगायी गयी गाड़ियों को हटाए।

स्टेशन पर ही कुली का काम करने वाले तोरण ने बताया कि रेलवे यात्रीयों को काफी सुविधा दे रही है। सुविधाओं की वजह से कुलियों का काम खत्म हो गया है। किसी दिन तो बोहनी तक नहीं होती है। सरकार को कुलियों के रोजगार के विषय में भी सोचना चाहिए। यात्रीयों का सामान ढोने के लिए लगायी गयी गाड़ियों को हटाने पर ही कुलियों का रोजगार चल सकता है।

रेल यात्री अजीम दबे ने बताया कि एस्केलेटर, सामान ढोने वाली गाड़ियों से यात्रीयों को सुविधा मिली है। लेकिन यह भी सही है कि इससे कुलियों के रोजगार पर असर पड़ा है।

स्टेशन पर सामान ढोने वाली इलेक्ट्रिक गाड़ी चलाने वाले चालक इशु कुमार ने बताया कि गाड़ी से यात्रीयों को सुविधा मिल रही है। गाड़ी में सामान के साथ पांच छह सवारी भी बैठ जाती है।

## पुलिस ने दुकान में चोरी का आरोपी दबोचा

**अल्मोड़ा।** नगर के बावन सीढ़ी के पास दुकान में चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने राजपुरा निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर गैंगस्टर एक्ट समेत पूर्व में नौ मुकदमे दर्ज हैं। बीते दिनों दिनों पीड़ित दुकान स्वामी अरसद अंसारी ने अल्मोड़ा कोतवाली में चोरी के संबंध में तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा कि अज्ञात ने उसकी टेलरिंग की दुकान में धावा बोलकर कपड़े सहित अन्य सामान में हाथ साफ कर लिया। मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इधर, जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अंशुल कुमार आर्या निवासी राजपुरा को धुनी मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद किया गया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
सिटी कार्यालय दैनिक
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कमरा न. 103, द्वितीय तल, भगवती कॉम्पलेक्स, रानीपुर मोड, हरिद्वार
**ब्यूरो चीफ/जिला प्रभारी**
**डी. एस. वर्मा**
मो.: 9411100741

# दस जिलों में संचालित साइलेज योजना को मिलेगा व्यापक रूप

■ सहकारिता व पशुपालन-दुग्ध विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित, विभागीय मंत्री डॉ रावत और सौरभ बहुगुणा रहे मौजूद, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की दिशा में दोनों विभागों का संयुक्त प्रयास

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत एवं पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश भर में साइलेज के उत्पादन, पैकेजिंग एवं वितरण से जुड़े व्यापक मुद्दों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया।



यमुना कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर शनिवार को बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि सहकारिता एवं पशुपालन-दुग्ध विभाग का संयुक्त प्रयास पशुपाल. कों को उच्च गुणवत्ता वाला चारा रियायती दरों पर उपलब्ध कराने में क्रांतिकारी साबित होगा। इससे न केवल पशु पोषण सुनिश्चित होगा, बल्कि दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

विशेष उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड के सभी 10 पर्वतीय जनपदों में पहले से ही यह योजना संचालित है। अब इस समीक्षा बैठक में इसे और अधिक व्यापक रूप देने पर सहमति बनी है, ताकि अधिक से अधिक पशुपालक इस योजना का लाभ उठा सकें।

सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा "दो विभागों के बीच सशक्त तालमेल से प्रदेश के किसानों व पशुपालकों को दीर्घकालिक लाभ प्राप्त होगा और वे आर्थिक रूप से सशक्त बनेंगे।"

वहीं पशुपालन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि साइलेज उत्पादन एवं वितरण में सहकारिता की भागीदारी से पशुपालकों को लागत में भारी बचत होगी और यह प्रयास दुग्ध क्षेत्र में नवाचार व विकास के द्वार खोलेगा।"

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि विभागीय समन्वय को संस्थागत रूप दिया जाए ताकि योजनाओं का क्रियान्वयन शीघ्रता से हो और पशुपालकों को स्थायी तथा प्रभावी लाभ मिल सकें। यह पहल विशेष रूप से पर्वतीय क्षेत्रों के पशुपालकों के लिए नई ऊर्जा और आशा का स्रोत बनेगी तथा प्रदेश में कृषि और दुग्ध क्षेत्र को नई गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

इस अवसर पर सचिव सहकारिता एवं पशुपालन-दुग्ध विकास डॉ. बी.वी.आर. परुषोत्तम, निबंधक सहकारिता डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, अपर निबंधक आनंद शुक्ल एवं दोनों विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# छह दिन से सड़क बंद, कुनैन पंचायत के ग्रामीण बने कैदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** विकासखंड चकराता के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुनैन के ग्रामीण पिछले छह दिनों से भारी परेशानी झेल रहे हैं। लगातार बारिश से सिलिखड्ड-कुनैन मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने के कारण सात गांवों का सम्पर्क मुख्य मार्ग रोटाखड़ से पूरी तरह कट चुका है।स्थिति इतनी गंभीर है कि बीमारों को भी लाठी-कांडी के सहारे खड्ड तक लाया जा रहा है।

शुक्रवार को ग्रामीणों ने सामूहिक प्रयास से दसी देवी (पत्नी स्व. मदन सिंह, पूर्व प्रधान की माता) को 11 किलोमीटर पैदल उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाया। ग्रामीणों का कहना है कि उनके कई लाखों के



सेब भंडार में रखे हैं, लेकिन सड़क न खुलने के कारण बाजार तक नहीं पहुंच पा रहे। इससे फल सड़ने लगे हैं और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेश चौहान, ग्राम प्रधान पप्पू राणा, सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल राणा, अजीत राणा, मनजीत राणा, पूर्व प्रधान अतर सिंह राणा व यशपाल राणा ने बताया कि सड़क निर्माण में मानक न अपनाए जाने से यह समस्या बार-बार सामने आती है। नाली, स्क्वर और सुरक्षा दीवारें न होने से मार्ग हर बरसात में क्षतिग्रस्त हो जाता है।

अधिशासी अधिकारी प्रवीन करनवाल ने दूरभाष पर बताया कि सड़क पूरी तरह टूट चुकी है। दो मशीने भेज दी गई है और उम्मीद है कि कल तक मार्ग खोल दिया जाएगा।

# जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर चलें: पूनम

■ जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनपदीय अधिकारियों के साथ की परिचयात्मक बैठक, बोर्ड बैठक में समितियों का हुआ गठन, 71.27 करोड़ का बजट पारित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला पंचायत रुद्रप्रयाग की प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम देवी कठैत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों का परिचय लिया गया और उन्हें यह निर्देश दिए गए कि जनप्रतिनिधियों के साथ आपसी समन्वय बनाते हुए जिले के समग्र



विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। अधिकारियों से यह भी अपेक्षा जताई गई कि भविष्य में होने वाली जिला पंचायत की समीक्षा बैठकों में वे स्वयं उपस्थित रहें और कार्यों की प्रगति की जानकारी दें।

परिचयात्मक बैठक के बाद जिला पंचायत रुद्रप्रयाग की बोर्ड बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें वर्ष 2025-26 के लिए 71.27 करोड़ का बजट पारित किया गया। इसके साथ ही विभिन्न समितियों का गठन भी किया गया, जो पंचायत के कार्यों की निगरानी और दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। बैठक में जिला पंचायत उपाध्यक्ष रितु नेगी ने कहा कि जनता से प्राप्त होने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर तुरंत सुलझाया जाए। हमारा मुख्य फोकस सभी समस्याओं का समाधान करना है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहा सभी अधिकारी और पंचायत सदस्य मिलकर कार्य करेंगे, जिससे जनपद के विकास को नई दिशा मिलेगी और इसका प्रत्यक्ष लाभ आम जनता को मिलेगा। इस अवसर पर अनेक विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य भारत भूषण भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश, जिला सूचना अधिकारी वीरेश्वर तोमर, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी रघुवीर सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा, जिला युवा कल्याण अधिकारी वर्द जोशी सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण एवं पंचायत सदस्य शामिल रहे।

# जोशी ने गणपति पूजन में की शिरकत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के बॉडीगार्ड स्थित भाजपा की कर्मठ कार्यकर्ता स्वाति के आवास पर आयोजित गणपति पूजन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर उन्होंने गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवा. सियों की सुख-समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

पूजन के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी आस्था और मेहनत से जीवन को आगे बढ़ाने की सीख स्वाति से मिलती है। उन्होंने स्वाति को समाज और कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, अमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### चकराता सड़क पर मलबा, बड़ा हादसा टला

**चकराता।** जौनसार-बावर क्षेत्र लगातार बरसात की मार झेल रहा है। जगह-जगह सड़कों पर मलबा और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि वाहन चालकों को जान हथेली पर रखकर गाड़ियाँ चलानी पड़ रही हैं। शनिवार सुबह देहरादून से कथियान जा रही रोडवेज बस भी इस बड़े खतरे का शिकार होते-होते बची। जानकारी के अनुसार, चकराता के जंगलाचूकी स्थित वन क्षेत्रीय अधिकारी कार्यालय के ऊपर कुछ दिन पहले मलबा और पेड़ गिर चुके थे। उसी स्थान से गुजरते समय सड़क पर आए मलबे से बचाने के प्रयास में बस का पिछला हिस्सा सड़क से बाहर चला गया। गाड़ी में 18 यात्री सवार थे, लेकिन समय रहते बस चालक ने स्थिति संभाल ली और एक बड़ा हादसा टल गया।

### कालसी चकराता मोटर मार्ग पर गिरा भारी भरकम बोल्डर



**साहिया।** जहां बरसात ने आम जन मानस को दुखी कर के रखा है वहीं कालसी चकराता मोटर मार्ग पर जहां जजरेट पहाड़ी लोगों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुयी है वहीं असनाडी के पास सडक पर पहाड़ से विशाल चट्टान आ धमकी जिससे दो दिनों से आवागमन करने वाले वाहन चालक काफी सहमे हुए है। चट्टान गिरने से मार्ग संकरा हो चुका है हालांकि लोक निर्माण विभाग सहिया द्वारा चट्टान को हटाने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है। इस संबन्ध में लोक निर्माण विभाग सहिया की सहायक अभियंता राधिका शर्मा ने बताया कि कालसी चकराता मोटर मार्ग असनाडी के पास पहाड़ से भारी भरकम पत्थर गिरा हुआ है जिसको तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जल्द ही सडक से पत्थर हटाया जाएगा।

### श्री महासू देवता मंदिर समिति के बदलाव से जुडे निर्णय का लोक पंचायत ने किया विरोध

**विकासनगर।** श्री महासू देवता मंदिर प्रबंधन समिति हनोल के विस्तारीकरण एवं सदस्यता शुल्क से जुड़े निर्णय का लोक पंचायत, जौनसार-बावर संगठन ने विरोध किया है। संगठन ने जिला प्रशासन देहरादून को ज्ञापन सौंपकर समिति के फैसले को परंपरा और मान्यता के विपरीत बताया। ज्ञापन में कहा गया कि समिति का विस्तार केवल बावर क्षेत्र की 11 खतों एवं बंगाण क्षेत्र की तीन पट्टियों तक सीमित किया गया है और आजीवन सदस्यता शुल्क एक लाख रुपये तय किया गया है। जबकि, श्री महासू देवता की मान्यता सम्पूर्ण जौनसार-बावर की 39 खतों, बंगाण, फतेह पर्वत, रंवाई-जौनपुर, यमुना घाटी समेत हिमाचल प्रदेश के सिरमौर और शिमला जिलों तक फैली हुई है। परंपरागत रूप से मंदिर समिति में हक-हकूकधारी और कारिंदों पुजारी, बजीर, राजगुरु, ठाणी-भंडारी, बाजगी, पिशनारे और सदर स्याणा को शामिल किया जाता रहा है। लोक पंचायत जौनसार बावर ने ज्ञापन में कहा है कि मंदिर समिति में जौनसार बावर, जौनपुर रवांई और हिमाचल क्षेत्र के लोगों को सेवा करने का अवसर प्रदान किया जाए। अभी तक चल रहे आजीवन सदस्यता शुल्क को निरस्त कर अधिकतम 11 सौ रुपये किया जाए। सामान्य सदस्यता सौ रुपये तीन वर्ष के लिए तय की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में सतपाल चौहान, प्रदीप , नितिन तोमर, अतुल शर्मा, गंभीर सिंह, सत्येंद्र शामिल रहे।

### एनआईटी उत्तराखंड में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

**श्रीनगर।** एनआईटी उत्तराखंड के इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग विभाग में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन केदार-2025 का समापन हों गया है। स्प्रिंगर, सिंगापुर के सहयोग से वीएलएसआई और आरएफ डिजाइन में ज्ञान आधारित दृष्टिकोण विषय पर आयोजित सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि एनआईटी उत्तराखंड के निदेशक प्रो. केके. शुक्ला ने इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग विभाग की उपलब्धियों की सराहना की और विभागाध्यक्ष डा. सिवा कुमार तडेपल्ली को सफल आयोजन की बधाई दी। कहा कि केदार-2025 जैसे सम्मेलन शोधार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं।

# जैन समाज ने श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई अनंत चतुर्दशी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जैन समाज के प्रमुख पर्वों में शामिल अनंत चतुर्दशी शनिवार को दिगम्बर जैन मंदिर, छावनी बाजार में श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजन एकत्रित हुए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। वहीं श्री दिगंबर जैन मंदिर विकासनगर में श्री दशलक्षण पर्युषण महापर्व बड़े ही भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

सुबह मंदिर में स्थापित जिन प्रतिमाओं का विधिविधान से अभिषेक एवं पूजन किया गया। परंप. रा के अनुसार, श्रद्धालु पारंपरिक वस्त्र पहनकर छावनी बाजार के समीप स्थित प्राकृतिक स्रोत से जल लाए, जिसके बाद भगवान की प्रतिमाओं का जलाभिषेक एवं श्रृंगार किया गया। पूजन-अर्चन और आरती के दौरान मंदिर परिसर 'जय जिनेंद्र' के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर समाज के प्रधान संजय जैन, मंत्री अजय जैन, सहित सुनील जैन, आशीष जैन, अरविंद जैन, पंकज जैन,दीपा जैन, संगीता जैन, सीमा जैन आदि मौजूद रहे।

# तपोवन में विवादित भूमि पर भवन निर्माण की निविदा रद्द

**नई टिहरी।** तपोवन नगर पंचायत द्वारा जिला पंचायत टिहरी के नाम दर्ज भूमि पर बिना अनुमति भवन निर्माण की निविदा जारी करने का मामला सामने आया है। इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी भगवती पाटनी ने नगर पंचायत तपोवन की अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर तुरंत निविदा निरस्त करने के निर्देश दिए। साथ ही चेता. वनी दी कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो जिला पंचायत नगर पंचायत के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने को बाध्य होगा।

मामला वर्ष 1976 से जुड़ा है, जब तत्कालीन ग्राम पंचायत तपोवन में पुलिस चौकी के पास 11 नाली 15 मुट्ठी भूमि जिला पंचायत टिहरी के नाम दर्ज की गई थी।

# पेसल वीड कॉलेज ऑफ इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी में संचालित होंगे यूओयू यूजी कोर्स

■ उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुल. पति ने की महाविद्यालय के अध्यक्ष से मुलाकात

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून** उत्तराखण्ड मुक्त विश्व. विद्यालय के कुलपति प्रो० नवीन चन्द्र लोहानी तथा कुल सचिव खेमराज भट्ट द्वारा पेसल वीड कॉलेज ऑफ इनफॉरमेशन टैक्नोलॉजी देहरादून में उत्तराखण्ड मुक्त विश्विद्यालय का अध्ययन केन्द्र प्रारम्भ करने के लिए महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कश्यप से मुलाकात की। महाविद्यालय में इसी सत्र से उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा एनईपी 2020 के अनुसार सभी यूजी पाठ्यक्रम (बी.ए., बी.एस. सी., बी. कॉम, बी.एड. इत्यादि) प्रारम्भ होने जा रहे हैं। जिसमें उन सभी विद्यार्थियों को जो किसी कारण वश उच्च शिक्षा प्राप्त करने



में असमर्थ होते हैं को एक सुनहरा अवसर दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से प्रदान किया जायेगा।

इस सत्र में विभिन्न पाठ्यक्रमों में आवेदन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। महाविद्यालय द्वारा इन पाठ्यक्रमों के लिए सप्ताह में दो दिन (शनिवार तथा रविवार) कक्षाएं संचालित की जायेंगी।

# विकास की नई सौगातें, योजनाओं की होगी जल्द शुरूआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** हरबर्टपुर नगर पालि. का क्षेत्र को संवारने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कई बड़ी योजनाओं की जल्द शुरुआत होने जा रही है। जिसका पूरा खाका तैयार कर लिया गया है, जिसके चलते न केवल पालिका चौयरमेन नीरू देवी और पालिका प्रशासन की टीम पहल कर रही है बल्कि क्षेत्रीय विधायक मुन्ना सिंह चौहान महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान और नगर पालिका अध्यक्ष नीरू देवी ने पांच करोड़ रूपए से अधिक की गलियों व सड़कों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही इस दौरान विधायक मुन्ना सिंह चौहान ने पत्रकार वार्ता कर इन योजनाओं सहित भविष्य में शहर की जनता के लिए धरातल पर उतारने जा रही अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि शहर में गलियों व सड़कों के निर्माण के साथ ही स्वच्छता को लेकर 3 करोड़ 27 लाख रुपये की लागत से संचालित होने एमआरएफसी प्लांट की जमीन का आवंटन हो चुका है, जिस पर जल्द काम शुरू होगा। साथ ही नालों के सुधारीकरण और नवनिर्माण के लिए 5 करोड़ 3 लाख रुपये का बजट भी आवंटित कराया जा चुका है।

वहीं दूसरी ओर उन्होंने शहर भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नगर पालिका कार्यालय के लिए भूमि का चयन कर लिया गया है, जो जल्द ही नगरपालिका को आवंटित होगी, तो वहीं शहर में अमृत योजना व नाबार्ड से वित्तपोषित सीव. रेज व पेयजल योजना, हाईबीम लाइटें, अव्वस्पना विकास निधि से 5 करोड़ रुपये की परियोजनाएं और हरबर्टपुर चौराहे का सुधारिकरण व मुख्य मार्ग के फोरलेन किए जाने पर विस्तार से जानकारी दी। प्रेसवार्ता में पालिका अधिशासी अधिकारी बीएल आर्य भी मौजूद रहे।

# छतरी वाली मशरूम की प्राकृतिक खूबसूरती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** बरसात का मौसम अपने साथ कई तरह की प्राकृतिक सौगातें लेकर आता है। इन्हीं सौगातों में से एक है छतरी वाली मशरूम, जो बारिश की नमी और मिट्टी की ताजगी के साथ धरती पर जीवन का अनोखा दृश्य रच देती है।

जैसे ही हल्की-हल्की बूंदें गिरती हैं और मिट्टी से सौंधी खुशबू उठती है, वैसे ही घास के बीच, पेड़ों की छाया में और नमी भरे स्थानों पर सफेद या हल्के भूरे रंग की ये छतरी जैसी मशरूम अचानक उग आती है।

इनका आकार छोटा-सा लेकिन बेहद आकर्षक होता है। मानो प्रकृति ने धरती पर नन्हीं-नन्हीं छतरियाँ टिका दी हों। गाँवों में बच्चे इन्हें देखकर बहुत खुश होते हैं। कहीं यह छोटे प्याले जैसी लगती है, तो कहीं किसी सजीली छतरी जैसी। कई जगह इन मशरूम को ग्रामीण अंचलों में स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में भी उपयोग किया जाता है। हालांकि हर मशरूम खाने योग्य नहीं होती, इसलिए लोग इन्हें पहचानने में विशेष सावधानी बरतते हैं।

# शिक्षक दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर बांध समा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में सेपियंस विकासनगर व हरबर्टपुर विद्यालय में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर सर्वपल्ली की प्रतिमा के समक्ष दीपक प्रज्वलित करके किया। सेपियंस विद्यालय के शिक्षकों ने आकर्षक रैंप वॉक किया, जिसे देखकर उपस्थित अतिथि रोमांि. चत हो उठे।

इसके उपरांत विद्यालय की अध्यक्षा इंदिरा रानी सपना ने शिक्षकों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणादायक उद्‌बोधन दिया। तत्पश्चात हेड बॉय प्रणव सपरातथा हेड गर्ल जीविका ने अपने संबोधन में



शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मन मोह लिया। आयुषी और साक्षी ने पहाड़ी नृत्य पेश कर समा बांध दिया। कार्यक्रम में केक कटिंग का आयोजन भी किया गया। प्रधानाचार्य श्री नवीन तनेजा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में निहित प्रतिभा को निखारते हैं और शिक्षकों के प्रति सम्मान की भावना को सुदृढ़ करते हैं। समारोह में इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा, राशिता सपरा, प्रधानाचार्य नवीन तनेजा, निर्देशिका रश्मि गोयल, अश्वनी कुमार, सुमालती उनियाल, नंदी बिष्ट, मानसी पाल तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे। वहीं द सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर में भी शिक्षक दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

# यूकेडी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड क्रांति दल पछवादून इकाई द्वारा आज डाकपत्थर रोड स्थित विकासनगर कार्यालय में एक शपथ व स्वागत समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। केंद्रीय सरक्षक सुरेंद्र कुकरेती तथा पछवादून जिला प्रभारी एवं केंद्रीय संगठन मंत्री मनोज कंडवाल की उपस्थिति में नगर, ब्लॉक एवं युवा प्रकोष्ठ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ एवं स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

इस मौके पर सुरेंद्र कुकरेती ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड क्रांति दल की संघर्ष यात्रा केवल राज्य



निर्माण तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसका वास्तविक लक्ष्य राज्य को उसके उद्देश्य और मूल्यों के अनुरूप सुरक्षित एवं समृद्ध बनाना है। राज्य निर्माण की लड़ाई कठिन थी, किंतु अब उससे भी कठिन चुनौती राज्य को बचाने और उसके सपनों को साकार करने की है। कहा दल को आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर चलना है ताकि उत्तराखंड क्रांति दल की सरकार स्थापित कर प्रदेश की समस्याओं का समाधान किया जा सके।"

शपथ लेने वाले पदाधिकारियों में नगर अध्यक्ष विकासनगर, जय कृष्ण सेमवाल नगर उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र सिंह बिष्ट, देवी प्रसाद डंगवाल, अमजद मिर्जा, नगर महामंत्री एवं कार्यालय प्रभारी पूर्ण प्रसाद भट्ट, महामंत्री सायन सिंह असवाल, दरवान सिंह असवाल, नगर सचिव विनोद रावत, नगर सह सचिव सुमन गुलेरिया, रेखा सजवाण, संयुक्त सचिव जावेद गौड़, प्रचार मंत्री उर्मिला थपलियाल, सह प्रचार मंत्री अनीता चमोली, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष (डाकपत्थर) सरोज जोशी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष (नगर) आबिद अंसारी, नगर कार्यकारिणी सदस्य राधा कृष्ण लखेड़ा, मदनलाल पल, ब्लॉक अध्यक्ष विकासनगर भूपेंद्र सिंह बिष्ट, ब्लॉक उपाध्यक्ष अमरदेव जोशी, ब्लॉक महामंत्री दिनेश थपलियाल, ब्लॉक महामंत्री (संगठन) सीमा कुकरेती, ब्लॉक अध्यक्ष सहसपुर यशपाल नेगी, अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अमित बिष्ट, नगर अध्यक्ष हरबर्टपुर पूनम भट्ट शामिल थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पार्षद को कोतवाली में बैठाने पर बवाल

## पुलिस के खिलाफ कोतवाली के सामने धरने पर बैठे विधायक बंशीधर भगत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बीते शुक्रवार को वार्ड-55 के पार्षद अमित बिष्ट के साथ पुलिस द्वारा कथित बदसलूकी और हिरासत के मामले ने तूल पकड़ लिया। विवाद इतना बढ़ा कि कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को कोतवाली के बाहर धरने पर बैठ गए। स्थिति तब और गंभीर हो गई जब पुलिस अधिकारियों की समझाइश के बावजूद विधायक नहीं माने और एसएसपी को स्वयं सड़क पर आकर उनसे माफी मांगनी पड़ी। वार्ड-55 के पार्षद हैं अमित बिष्ट के मुताबिक शुक्रवार को उनके इलाके में कुछ लोग बिजली के पोल पर चढ़े थे। जिसकी वजह से पोल पर लगी लाइट टेढ़ी हो गई। इसी लाइट को सीधा करने की बात पर पार्षद और दूसरे



एसएसपी के माफी मांगने पर शांत हुआ मामला

पक्ष में विवाद हो गया। जमकर मारपीट हुई और इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सूचना मिली तो पुलिस ने भी कार्रवाई की और अमित को हिरासत में ले लिया। आरोप है कि मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के बीच समझौता हो जाने के बावजूद पुलिस ने ढाई बजे रात तक अमित को न सिर्फ कोतवाली में बैठाए रखा, बल्कि उनके साथ बदलसूकी भी की। ढाई बजे रात भी इस शर्त अमित को छोड़ा जब उनके भतीजे को कोतवाली में बैठा लिया। इसके बाद सुबह फिर अमित को कोतवाली में बैठा लिया गया। कोतवाली के बाहर धरने पर बैठे विधायक बंशीधर भगत का कहना है कि उन्हें मामले को लेकर कोतवाल से लेकर एसएसपी तक को फोन किया। उनके कार्यकर्ता पर जब अन्याय बंद नहीं हुआ तो उन्हें धरने पर बैठना। सूचना देने के बावजूद कोतवाल दो घंटे बाद आए। इसबीच सड़क पर भाजपाइयों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कोतवाल, कई दरोगा और जब सीओ सिटी नितिन लोहनी भी विधायक को सड़क से उठाने में कामयाब नहीं हुए। विधायक अड़े थे कि एसएसपी सड़क पर आएं और माफी मांगे, इसके बाद ही उठेंगे। पुलिस के कई अधिकार जब उन्हें मनाने में नाकाम रहे तो मजबूरी में एसएसपी पीएन नारायण मीणा को आना पड़ा। जिसके बाद विधायक ने सड़क छोड़ी। कोतवाली में दोनों के बीच हुई बात. चीत में उन्होंने पार्षद से माफी मांगने और पार्षद से दुर्व्यवहार करने वाले पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की मांगी। एसएसपी के आश्वासन के बाद विधायक अपने समर्थकों के साथ वापस लौट गए। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट, जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, पूर्व मेयर जोगेंद्र सिंह रौलेता, हरिमोहन अरोरा, विजय मनराल, राजेंद्र अग्रवाल, प्रदीप जनौटी, नन्हें कश्यप, कार्तिक हर्बोला, प्रदीप बिष्ट, नीरज बिष्ट, भुवन जोशी आदि थे।

### भगत को सुमित का समर्थन

विधायक बंशीधर भगत के कोतवाली में धरने पर बैठने के मामले को हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने सोशल मीडिया में वीडियो पोस्ट कर कहा कि लम्बे समय से कई बार के विधायक, उत्तर प्रदेश में मंत्री रहे, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत को आज कोतवाली में धरने पर बैठना पड़ा है, दो-दो घंटे के बाद इंस्पेक्टर आ रहा है, इसका मुझे बेहद दुख है। राजनैतिक विचारों के मतभेद हो सकते है, लेकिन सम्मान सबसे बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि छोटी-मोती कहासुनी का मसला था। इतने वरिष्ठ विधायक के कहने के बावजूद भी पार्षद को पुलिस ने नहीं छोड़ा। मेरी पूरी सहानुभूति उनके साथ है।

# 13 लॉन्ग रेंज आधुनिक सायरनों का सीएम ने किया लोकार्पण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** आपदा प्रबंधन क्षमता को बढ़ाने के लिए तेज आवाज वाले सायरन लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को थाना डालनवाला, देहरादून परिसर में स्थापित किए गए 13 लॉन्ग रेंज आधुनिक सायरनों का विधिवत लोकार्पण किया। यह पहल राज्य की आपदा प्रबंधन क्षमता को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड एक आपदा संभावित राज्य है, जहां समय रहते सतर्कता और सूचना प्रसारण अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दृष्टि से ये अत्याधुनिक सायरन प्रणाली अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है, और तकनीक के माध्यम से पुलिस एवं आपदा प्रबंधन विभाग को सशक्त बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, विधायक खजान दास, पुलिस महानिदेशक, आपदा प्रबंधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिलाधिकारी देहरादून, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पहाड़ी राज्य होने के कारण उत्तराखंड में आपदाओं का खतरा हमेशा बना रहता है। भूस्खलन, बादल फटना, बाढ़ और भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाएं हमारे राज्य को समय-समय पर चुनौती देती रहती हैं।

**आपदा प्रबंधन प्रणाली को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम देहरादून के डालनवाला थाना परिसर में स्थापित किए गए सायरन**

इस वर्ष भी हमें कई भीषण आपदाओं का सामना करना पड़ा। हमारी सरकार इन आपदाओं से होने वाली क्षति को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम राज्य में आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 किलोमीटर और 16 किलोमीटर की रेंज वाले ये सायरन न केवल प्राकृतिक आपदाओं के समय हमें अलर्ट करेंगे, बल्कि नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद उपयोगी होंगे। यदि समय रहते लोगों को चेतावनी मिल जाए, तो न केवल जानमाल की हानि को कम किया जा सकता है, बल्कि आपदा की स्थिति में राहत और बचाव कार्य भी अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, "यह लॉन्ग रेंज सायरन केवल किसी संभावित आपदा की चेतावनी देने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि आम जनमानस को जागरूक करने तथा समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने में भी सहायक होंगे। ये सायरन भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, संवेदनशील स्थानों और आपदा संभावित इलाकों में स्थापित किए गए हैं।"

# टिंडर पर प्यार, टेलीग्राम पर ठगी

## युवती ने शादी का झांसा देकर निवेश करवाया, 14 लाख की चपत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर मिली एक युवती ने बिजनसमैन को अपने प्रेम जाल में फंसा और फिर शादी का वादा करते हुए कहा कि उसे ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। शुरुआत में मुनाफा दिखाकर भरोसा जीता और फिर 14 लाख से अधिक की रकम ऐंठ ली। जब पीड़ित ने पैसे वापस मांगे तो उससे टैक्स जमा करने की मांग की गई। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक बिजनेसमैन व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कहा कि उनका सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टिंडर पर एकाउंट है। अचानक रिचा नाम की एक लड़की, बिजनेसमैन के प्रोफाइल पर मैसेज करने लगी। दोनों के बीच चैटिंग शुरू हो गई और फिर दोनों अच्छे दोस्त भी बन गए। इसी बीच रिचा ने उसे शादी के लिए प्रपोज कर दिया और अपनी फोटो भेजी तो फोटो में बिजनेसमैन को रिचा पसंद आ गई। अब चैट पर दोनों के बीच काफी बातें होने लगीं। बातों-बातों में रिचा ने यह जान लिया कि जिससे वह बात कर रही है वो एक बड़ा बिजनेसमैन है। रिचा ने भी खुद को बड़ा बताया और कहा कि वह ट्रेडिंग कर लाखों रुपये रोज के कमाती है। फिर रिचा उसे ट्रेडिंग के लिए प्रोत्साहित करने लगी। कहने लगी कि आप मेरे साथ ट्रेडिंग करेंगे तो ही मैं शादी करूंगी। रिचा ने भरोसा दिलाया कि वह तीन महीने के भीतर एक करोड़ रुपये कमा लेगा। बिजनेसमैन उसके बहकावे में आ गया और रिचा ने उसके व्हाट्सएप पर एक वेबसाइट का लिंक भेजा और उस पर आईडी बनवाई। आईडी के जरिये 25 हजार रुपये की पहली ट्रेड कराई। इस 17 डॉलर का मुनाफा हुआ। कुछ डॉलर ने बिजनेसमैन ने निकाल भी लिए। इसके बाद उसे सोशल मीडिया साइट टेलीग्राम पर ले जाया गया। अब रिचा ने यहां बिजनेसमैन से ट्रेडिंग शुरू कराई। बताया जा रहा कि पहले एक लाख लगवाए और धीरे-धीरे कर 14 लाख से अधिक रुपया लगवा दिया। बिजनेसमैन ने पैसे निकलवाने के लिए कहा तो उससे पहले 30 प्रतिशत टैक्स जमा करने को कहा गया। उसने फिर विड्राल के लिए अप्लाई किया तो फिर से 20 प्रतिशत टैक्स मांगा गया। इस पर उसे ठगी का एहसास हुआ और वो पुलिस के पास पहुंचा। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर साइबर पुलिस थाने को ट्रांसफर कर दिया गया है। आगे की जांच साइबर पुलिस ही करेगी।

# साइबर ठग ने युवक के खाते से उड़ाए 99 हजार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** साइबर ठगों ने एक बड़ी कंपनी का प्रतिनिधि बनकर एक युवक से वीडियों कॉल किया और फीडबैक लेने के बाद कॉल काट दिया। जिसके बाद युवक का फोन बंद हो गया, जब थोड़ी देर बाद युवक का मोबाइल खुला तो उसके खाते से 99 हजार रूपये गायब हो गए। साइबर ठगी होने पर युवक ने पुलिस को तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार प्रगति विहार गैस गोदाम रोड निवासी प्रज्ञा उपाध्याय ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीती 12 अगस्त की शाम उनके पास एक फोन आया। फोन करने वाले ने खुद को टाटा स्काई कंपनी का प्रतिनिधि बताया और टाटा स्काई के चैनलों के बारे में बात की। तभी कुछ देर बाद कॉल काटा तो मोबाइल बंद हो गया। मोबाइल बंद होने के करीब एक घंटे बाद जब मोबाइल खुला तो उन्होंने अपना बैंक बैलेंस चेक किया। खाते का विवरण देखते ही उसके होश उड़ गए। बैंक खाते से 99 हजार रुपये गायब हो चुके थे। साइबर ठगी का एहसास होने पर उसने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इधर मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# बिजली दरों में बढ़ोतरी पर फूटा गुस्सा



शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बिजली दरों में लगातार हो रही निरंतर बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को मटरगली व्यापारी एसोसिएशन और देवभूमि व्यापार मंडल के संयुक्त बैनर तले पटले चौक स्थित डीके पार्क में व्यापारियों ने राज्य सरकार और ऊर्जा विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान मटर गली व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली और देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल ने कहा कि पहले ही उत्तराखंड में घरेलू और गैर-घरेलू उपभोक्ताओं को अन्य राज्यों के मुक. ाबले अधिक महंगी बिजली मिल रही है। उन्होंने बताया कि यदि फिक्स चार्ज और अन्य छुपे करों को मिलाकर देखा जाए, तो वर्तमान में 8 से 10 प्रति यूनिट तक की दर पर व्यापारिक उपभोक्ता बिजली ले रहे हैं, जो कि ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद अनुचित है। प्रदर्शनकारी व्यापारियों ने कहा कि अब विद्युत विभाग फ्यूल एंड पावर परचेज कास्ट एडजस्टमेंट (एफपीपीसीए) के नाम पर एक नया कर थोपकर उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार डालना चाह रहा है। कहा, यह कदम सीधे तौर पर व्यवसाय और मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं की कमर तोड़ने जैसा है। हम इसका पुरजोर विरोध करते हैं। व्यापारियों ने चेताया अगर राज्य सरकार और ऊर्जा विभाग से तत्काल दरों में की गई वृद्धि को वापस नहीं ली जाती तो व्यापारी उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। प्रदर्शन करने वालों में मटरगली व्यापारी के अध्यक्ष दलजीत सिंह दल्ली, देवभूमि व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बगड़वाल, महामंत्री अतुल गुप्ता, प्रेम चौधरी, लक्ष्मीनारायण, मोइन बाबा, मनोज साहू, हनी गुप्ता, जसपाल सिंह लस्सी, दीपक सागर, गौरव शर्मा, फिराज़ खान, मनोज कुमार, विजेंद्र सागर आदि शामिल रहे।

# महिला ने गटका जहर, मौत

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।

आनन फानन में महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया जहां पर महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार खत्ताबंगर, अर्जुनपुर निवासी बसंती देवी अज्ञात कारणों के चलते बीते गुरूवार की रात्रि जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार देर रात महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# आग का गोला बनी डॉक्टर सिंघल की कार

## अस्पताल से घर जाते समय गांधी स्कूल के पास हादसा, बाल-बाल बची जान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शनिवार दोपहर शहर में एक बड़ा हादसा उस वक्त टल गया, जब नीलकंठ अस्पताल के एमडी डा. गौरव सिंघल की चलती कार में अचानक आग लग गई। हादसा उस वक्त हुआ जब वह अस्पताल से अपने घर की ओर जा रहे थे, तभी गांधी स्कूल के समीप मोर्चरी के पास उनकी कार में अचानक आग लगई। कार में लगी आग की सूचना पर पहुंची ायर ब्रिगेड कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग का गोला बनी कार पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल गई थी। जानक. ारी के अनुसार धर्मपुरा बरेली रोड निवासी डा. गौरव सिंघल का कैंसर हॉस्पिटल रोड पर नीलकंठ हॉस्पिटल



है। बताया जाता है कि शनिवार दोपहर वह अस्पताल से घर की ओर जा रहे थे। कार में सवार डा.गौरव अभी रामपुर रोड पर ही पहुंचे थे कि उन्हें कार से जलने की बदबू आने लगी। उन्होंने कार को गांधी स्कूल रोड की ओर मोड़ दिया। जिसके बाद कार से उठने वाली दुर्गंध और तेज हो गई। गांधी स्कूल के पास पहुंचते ही उन्हें शक हुआ। उन्होंने जैसे ही कार को सड़क किनारे खड़ी किया और बाहर निकले तभी अचानक कार आग का गोला बन गयी। उन्होंने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। अचानक कार में लगी आग को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया। कार में लगी आग की सूचना मिलते ही ायर ब्रिगेड कर्मी भी मौके पर पहुंच गए और कड़ी मशक्कत के बाद आग का गोला बनी कार में काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल गई। इधर मेडिकल चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि कार के डेस्क बोर्ड में शार्ट सर्किट के कारण से आग लगी थी, जिसे

# एसडीएम ने राजकीय भंडार का निरीक्षण किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत के निर्देश पर एसडीएम राहुल शाह ने शनिवार को पूर्ति विभाग के राजकीय भण्डार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पूर्ति विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने पांच रैंडम नमक के सैंपल लिए गए। सैम्पलों को मौके पर ही विधिवत सील कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेज गया है। बता दे कि एक महिला ने सोशल मीडिया में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में मिलने वाले नमक के पैकेट में रेत की मिलावाट का टेस्ट वायरल किया था। जिसमें एक चम्मच सरकारी पैकेट से निकाले गए नमक को पानी में घोलकर दिखाया गया। देखा गया कि सरकारी नमक के पैकेट से निकाले एक चम्मच नमक में काफी मात्रा में रेत मिला हुआ है। वायरल हुए इस वीडियो का शासन स्तर पर तत्काल संज्ञान लिया, जिसके बाद आयुक्त दीपक रावत के निर्देश पर एसडीएम राहुल शाह ने पूर्ति विभाग व खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम के साथ कार्रवाई की। टीम ने 5 रैंडम नमक के सैंपल लिए और सैंपलों को मौके पर ही विधिवत सील कर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने रुद्रपुर प्रयोगशाला भेजा। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी नन्द किशोर, पूर्ति निरीक्षक मोहित कठायत व पूर्ति विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

### ग्रामीणों का धरना जारी

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में ग्रामीणों का आठ सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार 20वें दिन भी जारी रहा। मुख्य मांगों में भूमि के मालिक. ाना हक, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव बहाल करने जैसी ज़मीनी मुद्दे शामिल हैं। शनिवार को धरने में कांग्रेस नेता हरीश पनेरु ने समर्थन दिया और प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यह सरकार लोगों को उनका अधिकार देने के बजाय उनसे छीनने का काम कर रही है। बागजाला के लोगों को भी अपना हक लड़कर लेना होगा। उन्होंने कहा कि जनता शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा और सड़कों की बदहाली से जूझ रही है, जबकि सरकार बस चुके लोगों को उजाड़ने की नीति पर काम कर रही है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी.एम.एस. रोड, देहरादून-248006
दूरभाष : 0135-2763808 फैक्स : 0135-2763508
सीआईएन सं0 U40101UR2001SGC025866, वेबसाइट : www.ujvnl.com
RO No. 676 **अल्प कालीन निविदा सूचना** Dated : 06/09/2025
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), पथरी विद्युत गृह, बहादराबाद, हरिद्वार इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
1. निविदा सं0: 25/अधि.अभि.(पथरी)/2025-26 – ईओटी क्रेन, इन्टेक गेट एवं फोरबे से सम्बन्धित विविध प्रकार के यात्रिक अनुरक्षण एव सुरक्षा के कार्य।
2. निविदा सं0: 26/अधि.अभि.(पथरी)/2025-26 – ट्रेश रैक क्लीनिंग मशीन, विंच मशीन एवं डेबरीस ट्रॉली की रिपेयरिंग एवं ओवरहॉलिंग के कार्य।
3. निविदा सं0: 27/अधि.अभि.(पथरी)/2025-26 – मशीन नं0 2 के वार्षिक अनुरक्षण का कार्य।
4. निविदा सं0: 28/अधि.अभि.(पथरी)/2025-26 – मशीन सं0 3 के स्टे वेन्स की सतह पर कोटिंग मैटीरियल की आपूर्ति एव लेपन का कार्य।
अनुमानित लागत रू. 9,40,000/– (जीएसटी रहित), रू. 8,57,800/– (जीएसटी रहित), रू. 15,90,040/– (जीएसटी रहित) एवं रू. 24,68,412/– (जीएसटी रहित) क्रमशः।
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 07.09.2025
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 22.09.2025 16:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0)
"बिजली के दुरुपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
पत्रांक-673 **अल्प कालीन निविदा सूचना** दिनांक- 06/09/2025
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), मौहम्मदपुर विद्युत गृह, गुरुकुल नारसन, हरिद्वार इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
1. निविदा सं0: 15/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 – विद्युत गृह के 66 के.वी. स्विचयार्ड में विभिन्न प्रकार के विद्युतीय परीक्षण एवं अनुरक्षण के कार्य।
2. निविदा सं0: 16/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 – मौहम्मदपुर विद्युत गृह के विभिन्न उपकरणों एवं टी0एण्डपी0 के जाँच एवं परीक्षण का कार्य।
3. निविदा सं0: 17/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 – मौहम्मदपुर विद्युत गृह मे विद्युत पैनलो के रखरखाव के साथ 11 KV Spares की आपूर्ति और अन्य विविध कार्य।
4. निविदा सं0: 18/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 – मौहम्मदपुर विद्युत गृह मशीन नं0 1 के Intake Gates की कंक्रीट सतह पर कोटिंग मैटीरियल की आपूर्ति एवं लेपन का कार्य।
5. निविदा सं0: 19/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 – मौहम्मदपुर विद्युत गृह के 5 नग बाइपास गेटस व 1 नग साईड चैनल गेट की मरम्मत व ओवरहालिंग का कार्य।
6. निविदा सं0: 20/अधि.अभि./मौ0वि0गृह/2025-26 – मौहम्मदपुर विद्युत गृह के 12 नग इन्टेक गेटों की मरम्मत व ओवरहॉलिंग का कार्य।
अनुमानित लागत: रू. 21,09,489.00 (जीएसटी रहित), रू. 2,43,390.00 (जीएसटी रहित) रू. 9,99,750.00 (जीएसटी रहित) रू. 24,98,859.00 (जीएसटी रहित) रू. 9,60,000.00 (जीएसटी रहित) एवं रू. 14,49,200.00 (जीएसटी रहित) क्रमशः।
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 07.09.2025
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 22.09.2025, 15:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखे। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।
अधिशासी अभियन्ता (अनु0एवंउत्पा0)
'बिजली के दुरूपयोग से बचें'

**बेदखली सूचना**
**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अंकित कुमार मेरे कहने सुनने में नही है जिस कारण मेंने उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किये गये किसी भी तरह का लेन देन व कृत्या के लिए वो स्वयं जिम्मेदार होगा।
श्रीमती मिथलेश देवी
पत्नी अनिल कुमार
निवासी - मिठी बेरी ,प्रेम नगर
जिला देहरादून।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष: 0135-2763808, फैक्स- 0135-2763508
सी0आई0एन0 सं0: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com
पत्रांक-678 **निविदा सूचना** दिनांक- 06/09/2025
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), मनेरी भाली-II, चिन्यालीसौड़ (उत्तरकाशी) इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदायें आमन्त्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है।
निविदा संख्या-13/अधि0अभि0(उत्पादन)/म0भा0-II/2025-26
कार्य/पूर्ति/सेवायें का नाम: 1)म0भा0-II, धरासू विद्युतगृह में मशीन हॉल की छत में वायरिंग का कार्य।
अनुमानित मूल्य : रू0 621042/-मात्र (जी०एस०टी०अतिरिक्त)
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 08.09.2025
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 30.09.2025 सायः 15:00 बजे तक।
उक्त कार्यो के निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट www.ujvnl.com से सीधे डाउनलोड किये जा सकते हैं और निविदा प्रपत्र का मूल्य निविदा जमा करते समय अदा किया जायेगा। पूर्व योग्यता एवं विस्तृत विवरण हेतु कृपया निगम की वेबसाईट देखें।
'बिजली के दुरूपयोग से बचें' अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)

**सूचना**
मेरा नाम ग्रामीण डाक बीमा योजना की पॉलिसी सं०-R-UA-EA-377259 में गलती से श्रीमती सीता देवी अंकित हो गया है जो कि गलत है तथा मेरा वास्तविक व सही नाम श्रीमती मकानी देवी पत्नी रामवीर सिंह पुत्री लाल सिंह है।
श्रीमती मकानी देवी
पत्नी रामवीर सिंह
निवासी ग्राम-गैरी राजपूतों की पट्टी-रौणद रमोली, प्रतापनगर
टिहरी गढ़वाल

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।**
दूरभाष नं०:-0135-2632251 फैक्स स० 0135-2632039
E-mail:-nppmussoorie@gmail.com
पत्रांक:-1912 / अधि०अधि० / 2025-26 दिनांक :-06/09/2025
**कोटेशन सूचना**
एत्द्द्वारा समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि प्रभागीय वनाधिकारी मसूरी वन प्रभाग द्वारा पालिका को माल रोड पर विभिन्न प्रजाती के अवस्थित वृक्षों की लौपिंग हेतु स्वीकृति प्राप्त हुयी है। जिसके क्रम में माल रोड पर 26 वृक्षो की लौपिंग किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद मसूरी द्वारा कोटेशन के माध्यम से दरें आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्य हेतु पालिका दिनांक 16/09/2025 को सांय 3:00 बजे तक सीलबन्द कोटेशन के माध्यम से दरें आमन्त्रित करती है। कोटेशन प्रपत्र दिनांक 15/09/2025 को दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित शूल्क धनराशि रु0 500-00 (18 प्रतिशत जी.एस.टी अतिरिक्त) पर क्रय किये जा सकते है। कोटेशन के साथ 10,000-00 की अग्रिम धनराशि एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। कोटेशन दिनांक 16/9/2025 को सांय 4:00 बजे उपस्थित कोटेशनदाताओं के समक्ष खोली जायेगी। नगर पालिका परिषद मसूरी के पास किसी भी कोटेशन को स्वीकार अथवा निरस्त एंव स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद् मसूरी।

न्यायालय : न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, टिहरी गढ़वाल।
मूल वाद संख्या-46 सन-2025
श्री प्रदीप जोशी
बनाम
मनीषा
प्रेषिती,
श्रीमती मनीषा पत्नी श्री प्रदीप जोशी पुत्री श्री चेतन मंगगाई, निवासी ग्राम सोनी, पट्टी कडाकोट, तहसील कीर्तिनगर, जिला टिहरी गढ़वाल।
श्री प्रदीप जोशी पति श्रीमती मनीषा जोशी ने आप के विरूद्ध विवाह विच्छेद हेतु अंतर्गत धारा 25 समान नागरिक संहिता, उत्तराखण्ड के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय मे तारीख 10-10-2025 को दिन में 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए हाजिर होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं हाजिर हों। न्यायालय मे आपकी उपस्थिति के लिए जो दिन नियत किया गया है, वह काउंसलिंग के लिए, वाद के अन्तिम निपटारे के लिए तथा दावे का उत्तर देने के लिए नियत दिन है, इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साक्षियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं।
चूंकी उक्त पत्रावली, कीर्तिनगर कैम्प कोर्ट, टिहरी गढवाल से कुटुम्ब न्यायालय, नई टिहरी, में स्थानान्तरित की जा चुकी है। अतः आपको सूचित किया जाता है, और यदि आप ऊपर बताई गयी तारीख को कुटुम्ब न्यायालय, नई टिहरी, जिला टिहरी गढवाल न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह आज तारीख 06-09-2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
आज्ञा से
प्रबन्धक/रीडर
कुटुम्ब न्यायालय
टिहरी गढ़वाल

## संक्षिप्त खेल समाचार

### हरियाण-पं. बंगाल का दबदबा, गुजरात ने भी जीत दर्ज की

**बेंगलुरु, वार्ता।** 64वां सुब्रतो कप इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के सब-जूनियर ब्वायज (अंडर-15) वर्ग के तीसरे दिन रोमांचक मुकाबलों की भरमार रही। दिन में जहां हरियाणा और पश्चिम बंगाल ने बड़े अंतर से जीत हासिल कर दबदबा बनाया, वहीं गुजरात ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ दिन का समापन किया। दिन की शुरुआत एक कड़े मुकाबले से हुई, जिसमें मिनर्वा पब्लिक स्कूल (सीआईएससीई) और श्री लीलानंद सेकेंडरी स्कूल (झारखंड) का मैच 2-2 की बराबरी पर समाप्त हुआ। सीआईएससीई के लिए ममेश (30') और बिकसन (33') ने गोल किए, जबकि झारखंड के लिए संदीप (22') और आशीष (35') ने गोल किए।

### निखत जरीन का जीत ने शुरूआत की लवलीना हारीं

**लिवरपूल, वार्ता।** भारत की स्टार मुक्केबाज निखत जरीन ने शनिवार को लिवरपूल में विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं के 51 किलोग्राम भार वर्ग के पहले दौर में शानदार जीत के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी वापसी की घोषणा की जबकि टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगो. हेन महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में हार का सामना करना पड़ा। 29 वर्षीय निखत जरीन, जो पहले दो बार विश्व चैंपियन रह चुकी हैं और इस साल किसी भी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया था, ने अपने प्रदर्शन में कोई कमी नहीं दिखाई और पहले मिनट से ही अमेरिका की जेनिफर लोजानो पर हावी होकर 5-0 से जीत हासिल की।

● भारत-पाकिस्तान मैच पर बीसीसीआई सचिव का खुलासा

# सरकार की तरफ से अब तक कोई पाबंदी नहीं: सैकिया

**केन्द्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया का कहना है कि भारत सरकार की ओर से एशिया कप को लेकर किसी तरह की पाबंदी नहीं है और हमें सभी मैच खेलने होंगे।

इस बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच 14 सितंबर को दुबई में मुकाबला होना है, लेकिन इसे लेकर विवाद चल रहा है। सैकिया ने हाल ही में बनाई गई नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में किसी देश के खिलाफ खेलने से पाबंदी नहीं लगाई है। भारत और पाकिस्तान के बीच अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद रिश्ते और ज्यादा तनावपूर्ण हो गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप में मुकाबला कराने को लेकर कई पूर्व क्रिकेटरों ने आपत्ति जताई थी। अगस्त में खेल मंत्रालय ने भारत की अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के संबंध में नई नीति का अनावरण किया था जिसे पाकिस्तान पर विशेष ध्यान रखकर बनाया गया था। इस नीति के अनुसार, भारत की टीमें पाकिस्तान में प्रतियोगिताओं में भाग नहीं लेंगी और ना ही पाकिस्तान की टीमों को भारत में खेलने की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट प्रभावित नहीं होंगे। सैकिया ने न्यूज एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा, जहां तक बीसीसीआई की बात है तो हम सरकार के निर्देश का पालन करेंगे। हाल ही में बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट को लेकर भारत की नीति बनी थी जिसके अनुसार, भारत किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में हिस्सा ले सकता है। सरकार की ओर से इसे लेकर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया था कि हम उन देशों के खिलाफ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे रिश्ते अच्छे नहीं है। इसलिए भारत को बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मुकाबले खेलने होंगे। सैकिया ने कहा, एशिया कप एक बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया उपमहाद्वीप की टीमें शामिल होंगी, इसलिए हमें इसमें खेलना होगा। ऐसे ही आईसीसी टूर्नामेंट में भी जब किसी ऐसे देश से मैच होता है जिससे हमारे दोस्ताना रिश्ते नहीं है तो वहां भी हमें खेलना होता है। जहां तक द्विपक्षीय सीरीज की बात है तो हम ऐसे किसी भी देश के साथ नहीं खेलेंगे जिनसे हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते नहीं है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई सरकार द्वारा बनाई गई नीति का पालन करता रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर भारत वैश्विक या बहु-राष्ट्रीय टूर्नामेंट में पाकिस्तान के साथ नहीं खेलेगा तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं जिसमें प्रतिबंध लगना भी शामिल है। उन्होंने कहा, हम भारत सरकार की नीति का पालन कर रहे हैं और बीसीसीआई को ऐसा करना भी होगा। यह नीति बहुत सोच-विचार कर बनाई गई है, जिसमें न केवल क्रिकेट, बल्कि अन्य खेलों को भी ध्यान में रखा गया है।

# बीसीसीआई के चुनाव 28 सितम्बर को मुंबई में होंगे

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक आम बैठक 28 सितंबर को निर्धारित की है। आम सभा की बैठक सुबह 11:30 बजे मुंबई स्थित बीसीसीआई मुख्यालय में होगी, जिसका महत्वपूर्ण एजेंडा चुनाव कराना है।

सचिव देवजीत सैकिया द्वारा राज्य संघों को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव होंगे। बीसीसीआई की शीर्ष परिषद और इंडियन प्रीमियर लीग तथा महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की संचालन परिषदों का गठन भी एजीएम के एजेंडे में है। बीसीसीआई अपनी शीर्ष परिषद में बोर्ड की आम सभा के एक प्रतिनिधि और भारतीय क्रिकेटर संघ के दो प्रतिनिधियों को शामिल करेगा। इन नियमित मुद्दों के अलावा, वार्षिक आम बैठक का मुख्य उद्देश्य पदाधिकारियों का एक नया समूह बनाना होगा जो अगले तीन वर्षों तक या आगामी खेल विधेयक के वर्तमान संविधान का स्थान लेने तक भारतीय क्रिकेट का संचालन करेंगे। यह स्पष्ट नहीं है कि छह महीने में खेल विधेयक लागू होने के बाद बीसीसीआई नए चुनाव कराएगा या नहीं, लेकिन फिलहाल बीसीसीआई ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित लोढ़ा समिति द्वारा अनुशंसित संविधान का पालन करने का निर्णय लिया है।

### पाक आईसीसी महिला विश्व कप उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान 30 सितंबर को गुवाहाटी में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगा, क्योंकि टीम का कोई भी सदस्य इस आयोजन के लिए भारत नहीं जाएगा। जियो सुपर की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पाक टीम 2025 के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सह-मेजबान भारत और श्रीलंका के बीच गुवाहाटी के क्रिकेट स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले मैच से पहले एक भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें भाग लेने वाली टीमों के कप्तान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे और सामान्य तौर पर एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रतिष्ठित ट्रॉफी के साथ फोटोशूट भी करेंगे। हालांकि, जियो सुपर ने बताया कि न तो पाक कप्तान और न ही पाक का कोई अन्य प्रतिनिधि उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए भारत आएगा।

# ट्रायल 4 में नीरू, भवनीश शीर्ष छह की दौड़ में आगे

● **भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया जिसमें तीन परफेक्ट राउंड और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल है**

**चंडीगढ़, वार्ता।** भूचो एशियाई चैम्पियन नीरू धांडा और एशियाई रजत पदक विजेता भवनीश मेंदिरत्ता ने ट्रैप इवेंट के चार राउंड पूरे होने के बाद भी शीर्ष छह में जगह बनाने की दौड़ में अपनी बढ़त बरकरार रखी।

यह मुकाबला राष्ट्रीय चयन शॉटगन ट्रायल (टी4) के तहत भूचो विलेज भाई देविंदर सिंह सिद्धू गन क्लब, पंजाब में आयोजित किया जा रहा है। भवनीश ने कुल 99 स्कोर किया, जिसमें तीन परफेक्ट राउंड (25-25 हिट) और चौथे राउंड में 24 हिट शामिल हैं। उन्होंने वर्ल्ड कप फाइनल सिल्वर मेडलिस्ट विवान कपूर और जोरावर सिंह संधू पर चार अंकों की बढ़त बनाई है, जिन्होंने 95-95 अंक बनाए। शार्दुल विहान और काइनन डेरियस चेन्नई अगली पोजीशन पर 93 अंकों के साथ हैं, जबकि सात शूटर - अर्शद हसन खान, फहद सुल्तान, करण, शपथ भारद्वाज, अली अमन इलाही, जसविंदर सिंह और लक्ष्य श्योरण - 92 अंकों के साथ छठे स्थान की दौड़ में बने हुए हैं। ट्रैप महिला वर्ग में, नीरू ने 22, 24, 23 और 23 के स्कोर के साथ कुल 92 अंक बनाकर चार राउंड पूरे होने के बाद बढ़त हासिल की। एशियाई चैम्पियनशिप कांस्य पदक विज. ेता आशिमा 90 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि कीर्ति, राजेश्वरी व सबीरा हारिस ने 89-89 अंक बनाए।

# सिनर-अल्काराज में होगी खिताबी भिड़ंत

● **जैनिक सिनर और अल्काराज ने यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत दर्ज की**



**न्यूयार्क, वार्ता।** शीर्ष दो वरीयता प्राप्त जैनिक सिनर और कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को यूएस ओपन के पुरुष एकल सेमीफाइनल में जीत हासिल की और खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के अभियान को केवल दो घंटे से भी कम समय में 6-4, 7-6 (4), 6-2 से जीत के साथ समाप्त कर दिया। 2022 के विजेता अल्काराज ने कहा कि मैंने शानदार टेनिस खेला और यूएस ओपन में अपने दूसरे फाइनल में पहुंचकर खुश हूँ।मैंने एक शारीरिक मैच खेलने की कोशिश की और मुझे लगता है कि मैंने ऐसा किया।

फाइनल में स्पेनिश खिलाड़ी का सामना इटली की शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर से होगा, जिन्होंने कनाडा की फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-1, 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। शुक्रवार को ही, कनाडा की गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और न्यूजीलैंड की एरिन रूटलिफ ने तीन साल में दूसरी बार महिला युगल खिताब जीता। तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने चेक गणराज्य की शीर्ष वरीयता प्राप्त कैटरीना सिनियाकोवा और अमे. रिकी टेलर टाउनसेंड को एक घंटे 29 मिनट में 6-4, 6-4 से हराकर 2023 में जीता गया अपना पहला खिताब फिर से हासिल किया। मैच के बाद डाब्रोव्स्की ने रूटलिफ से कहा कि हमने साथ में बहुत कुछ सहा है, और आज एक चैंपियन के रूप में आपके साथ यहां खड़े होने के लिए मैं बेहद आभारी हूँ।

### 8वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता नौ से

**हैदराबाद, वार्ता।** तेलंगाना कारागार विभाग नौ से 11 सितंबर तक राजा बहादुर वेंकटका राम रेड्डी (आर. बीवीआरआर) तेलंगाना पुलिस अकादमी में 7वीं अखिल भारतीय जेल ड्यूटी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा।

कारागार महानिदेशक डा. सौम्या मिश्रा के अनुसार देश भर के विभिन्न राज्यों से जेल कर्मी, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति और अन्य अतिथि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा इस प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे, जबकि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार 11 सितंबर को समापन समारोह में भाग लेंगे।



# अफगानिस्तान आखिरी ओवर में जीता

● **नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया**

**शारजाह, वार्ता।** अफगानिस्तान ने त्रिकोणीय श्रृंखला के आखिरी लीग मैच में यूएई को रोमांचक मुकाबले में चार रनों से हरा दिया, जिससे मेज़बान टीम अंत तक जीत से महरूम रही। यूएई को आखिरी ओवर में 17 रन चाहिए थे, और उसने पहली तीन गेंदों पर 12 रन बनाए, इससे पहले फरीद अहमद मलिक ने दो डॉट गेंदें फेंकी और आखिरी गेंद पर आसिफ खान का विकेट लेकर मेजबान टीम को मुश्किल में डाल दिया। 171 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अलीशान शराफू, जिन्होंने पिछली रात 68 रन बनाए थे, ने एक शानदार चौका जड़ा। यूएई के लिए पावरप्ले बेहतरीन रहा क्योंकि शराफू और मुहम्मद वसीम ने लगातार बाउंड्री लगाकर स्कोलरग गति को बनाए रखा। उन्होंने पहले छह ओवरों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और इस चरण के अंत तक यूएई का स्कोर 54/0 हो गया। मेजबान टीम के लिए दुर्भाग्य से, नूर अहमद ने शराफू को 27 रन पर आउट करके अफग़ानिस्तान के लिए रास्ता खोल दिया। नूर ने यूएई के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया और उनकी चालाकी के कारण दूसरे छोर से दबाव बढ़ गया। वसीम 40 के पार पहुंच गए थे जब करीम जनत ने गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया , लेकिन अगली ही गेंद पर कैच आउट होकर 44 रन बनाकर आउट हो गए। मुहम्मद ज़ोहैब दो बार बाउंड्री पार करने के बाद आउट हुए और मेहमान टीम लगातार रन बना रही थी। आसिफ आउट हुए और अफग़ान स्पिनरों के सामने जूझते रहे। ऐसा लग रहा था कि वह कहीं नहीं जा पाएंगे क्योंकि 17वें ओवर की समाप्ति पर वह 13 गें. दों पर 7 रन बनाकर खेल रहे थे। लेकिन जैसे ही गति वापस आई, उन्होंने अपनी टाइलमग फिर से हासिल कर ली। आखिरी तीन ओवरों में 43 रनों की ज़रूरत थी, उन्होंने पहले 18वें ओवर में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 16 रन बनाए और फिर अगले ओवर में लॉन्ग-ऑफ पर चौका जड़ दिया। दूसरे छोर से हर्षित कौशिक ने एक चौका और एक छक्का लगाकर अंतिम ओवर में लक्ष्य 17 रन कर दिया। यूएई को 3 गेंदों में 5 रनों की जरूरत थी, इसलिए वे जीतना चाहते थे, लेकिन फरीद की चतुराई भरी डेथ बॉलिंग ने मेहमान टीम के लिए मैच तय कर दिया। इससे पहले, अफ़ग़ानिस्तान ने 170/4 का स्कोर बनाया, जिसकी शुरुआत इब्राहिम जादरान (48) और रहमानुल्लाह गुरबाज (40) के बीच 98 रनों की ओपनिंग साझेदारी से हुई। यूएई ने रन आउट का एक मौका गंवा दिया और एक कैच छोड़ दिया।

### गगन गौड़ा फिर चमके, हरियाणा स्टीलर्स से लड़कर हारे यूपी योद्धाज

**विशाखापट्टनम, वार्ता।** गगन गौड़ा (13 अंक) ने एक बार फिर अपनी चमक दिखाई। गगन ने विश्वनाथ स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन के 16वें मैच में मौजूदा चैंपियन हरियाणा स्टीलर्स के खिलाफ सुपर रेड के साथ 13 अंक जुटाए लेकिन वह अपनी टीम यूपी योद्धाज की पांच अंक की कम अंतर वाली हार को बचा नहीं सके।

हरियाणा ने यह मैच 37-32 से जीता। शुरुआती 10 मिनट में यूपी का बोलबाला रहा। उसने मौजूदा चैंपियन को 10 मिनट के भीतर आलआउट कर 10-4 की लीड ले ली। यूपी के डिफेंस ने नवीन एक्सप्रेस को आलइन तक रिवाइव नहीं होने दिया। इस दौरान गगन गौड़ा, भवानी राजपूत और हितेश छाए रहे।

### पीजीटीआई नेक्सजेन से सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ की वापसी

● **शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे**

**लखनऊ, वार्ता।** 2025 प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) नेक्सजेन सीजन का सातवां आयोजन पीजीटीआई नेक्सजेन लखनऊ होगा, जो 9 से 11 सितंबर तक लखनऊ गोल्फ क्लब में खेला जाएगा।

इस टूर्नामेंट में 20 लाख रुपये की पुरस्कार राशि है और यह सात साल बाद लखनऊ गोल्फ क्लब में पेशेवर गोल्फ और पीजीटीआई की वापसी का प्रतीक है। यह आयोजन तीन राउंड (54 होल) में खेला जाएगा, जिसमें कट दो राउंड (36 होल) के बाद लागू होगा। शीर्ष 36 खिलाड़ी और टाई तीसरे और अंतिम राउंड के लिए कट हासिल करेंगे। इस टूर्नामेंट में 72 पेशेवर खिलाड़ी शामिल हैं। इस क्षेत्र के लखनऊ स्थित पेशेवर खिलाड़ी संजीव कुमार, विजय कुमार, संजय, मनोज कुमार, भूप सिंह और आशीष कुमार गुप्ता हैं। इस क्षेत्र के प्रमुख विदेशी खिलाड़ी अमेरिकी जो हर्न और डोमिनिक पिकिरिलो, इटली के फेडेरिको ज़ुचेटी, बांग्लादेश के एमडी मुआज और एमडी सोलायमन और नेपाल के सुबाश तमांग हैं। 2025 पीजीटीआई नेक्सजेन सीजन बेहद प्रतिस्पर्धी रहा है, जिसमें अब तक आयोजित छह प्रतियोगिताओं में छह अलग- अलग विजेता उभरकर सामने आए हैं। इस वर्ष के नेक्सजेन ऑर्डर ऑफ मेरिट के विजेता को 2026 सीजन के लिए मुख्य टूर पीजीटीआई में छूट मिलेगी। पीजीटीआई के सीईओ, अमनदीप ने कहा कि पीजीटीआई नेक्सजेन का उद्देश्य युवा प्रतिभाओं को निखारना है।

# सुआरेज पर छह मैचों का प्रतिबंध



● **कर्मचारी पर थूकने के लिए लगाया गया प्रतिबंध**

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** इंटर मियामी के फॉरवर्ड लुइस सुआरेज पर लीग्स कप फ़ाइनल के बाद सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के लिए छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया गया है, आयोजकों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना पिछले रविवार को सिएटल में साउंडर्स की फ्लोरिडा टीम पर 3-0 से खिताब जीतने वाली जीत के बाद हुई झड़प के दौरान हुई। लीग्स कप आयोजन समिति ने एक बयान में कहा कि उसने इंटर मियामी के सर्जियो बुस्केट्स और टॉमस एविलेस पर भी हाथापाई के दौरान लहसक व्यवहार के लिए क्रमश: दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया है। साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को भी इस झड़प में उनकी भूमिका के लिए पाँच मैचों का निलंबन दिया गया है।

सुआरेज की सजा का मतलब है कि वह अगले साल होने वाले लीग्स कप में पूरी तरह से हिस्सा नहीं ले पाएंगे, और चूंकि ग्रुप चरण में प्रति सीजन केवल तीन मैच खेलने की गारंटी होती है, इसलिए यह प्रतिबंध 2027 के संस्करण तक जारी रह सकता है। हालांकि इस प्रतिबंध का मेजर लीग सॉकर में उनकी उपलब्धता पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन लीग्स कप समिति ने कहा कि एमएलएस संबंधित खिलाड़ियों और कोंि. चंग स्टाफ पर आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह विवादों की एक लंबी सूची में नवीनतम है जो सुआरेज के 20 साल के पेशेवर करियर के दौरान उनके साथ रहे हैं, जिसमें लिवरपूल, बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड सहित अन्य क्लबों में उनके कार्यकाल शामिल हैं। उन्हें विरोधियों को काटने के लिए तीन बार निलंबन का सामना करना पड़ा है, जिसमें 2014 की एक घटना भी शामिल है जब उन्होंने ब्राज़ील में एक विश्व कप मैच के दौरान इटली के जियोर्जियो चिएलिनी के कंधे को पकड़ लिया था। सुआरेज ने गुरुवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी इस हालिया लापरवाही के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा, ष्यह बहुत तनाव और निराशा का क्षण था, जहां खेल खत्म होने के तुरंत बाद ऐसी चीजें हुईं जो नहीं होनी चाहिए थीं, लेकिन यह मेरी प्रतिक्रिया को उचित नहीं ठहराती।

# ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ भारत की कप्तानी करेंगे अय्यर



● **वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** सितंबर में होने वाले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो बहुदिवसीय मुकाबलों के लिए श्रेयस अय्यर को इंडिया ए का कप्तान नियुक्त किया गया है। के एल राहुल और मोहम्मद सिराज पहले मुकाबले के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, हालांकि दूसरे मुकाबले के लिए यह दोनों ही खिलाड़ी दल में शामिल होंगे। बीसीसीआई द्वारा मीडिया रिलीज में बताया गया है कि वास्तविक दल में से दो खिलाड़ियों को राहुल और सिराज दूसरे मुकाबले के लिए रिप्लेस करेंगे। चयनित दल में ध्रुव जुरेल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। वहीं लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे अभिमन्यु ईश्वरन को भी जगह दी गई है। तमिलनाडु के विकेटकीपर बल्लेबाज एन जगदीशन को भी शामिल किया गया है, जगदीशन को पंत के चोटिल होने के बाद इंग्लैंड दौरे पर पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम का बुलावा भी आया था। जगदीशन ने हाल ही में दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफाइनल में साउथ जोन के लिए खेलते हुए नॉर्थ जोन के खिलाफ 197 रनों की पारी भी खेली थी। इंग्लैंड दौरे पर भारत के लिए डेब्यू करने वाले साई सुदर्शन के अलावा पड़िक्कल, नीतीश कुमार और प्रसिद्ध भी दल में शामिल किए गए हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपने ऑलराउंड प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे और तनुष कोटियान को भी दल में जगह दी गई है। युवा चेहरों में आयुष बदोनी, यश ठाकुर, गुरनूर बराड़ और मानव सुथार को भी चुना गया है। वहीं तेज़ गेंदबाज़ी आक्रमण में प्रसिद्ध का साथ देने के लिए खलील अहमद भी मौजूद रहेंगे। हालांकि चयनित दल में ऋतुराज का नाम नहीं है, गायकवाड़ ने दलीप ट्रॉफ़ी सेमीफ़ाइनल में सेंट्रल जोन के खिलाफ वेस्ट जोन के लिए 184 रनों की पारी खेली थी। वेस्ट जोन के कप्तान शार्दुल भी इस दल का हिस्सा नहीं हैं। ठाकुर इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट दल का हिस्सा थे। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहला मैच16 से 19 सितंबर और दूसरा मुकाबला 23 से 26 सितंबर तक चलेगा। यह दोनों ही मुक. ाबले लखनऊ में खेले जाएंगे। वहीं इसके बाद ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच 30 सितंबर, 3 अक्टूबर व 5 अक्तूबर को कुल तीन वनडे मुकाबले भी खेले जाएंगे।

**इंडिया ए टीम-** श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन, एन जगद. ीशन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल (उपकप्तान और विकेटकीपर), हर्ष दुबे, देवदत्त पड्क्किल, आयुष बदोनी, नीतीश कुमार रेढी, तनुष कोटियान, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, खलील अहमद, मानव सुथार, यश ठाकुर

### मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र पर हासिल की 118 रन की बढ़त

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभम शर्मा (96), कप्तान रजत पाटीदार (77), उपेंद्र यादव (87) और हर्ष दुबे (75) की शानदार पारियों से मध्य क्षेत्र ने पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के तीसरे दिन शनिवार को आठ विकेट पर 556 रन बनाकर पहली पारी में 118 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पश्चिम क्षेत्र ने पहली पारी में 438 रन बनाए थे। मध्य क्षेत्र ने कल के दो विकेट पर 229 रन से आगे खेलना शुरू किया और उसके बल्लेबाजों ने पूरे दिन शानदार बल्लेबाजी की। नाबाद बल्लेबाज शुभम शर्मा ने 60 और पाटीदार ने 47 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। शुभम अपने शतक से मात्र चार रन दूर थे कि तभी रन आउट हो गए। शुभम ने 241 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके लगाए। पाटीदार ने 84 गेंदों पर 77 रन में 14 चौके लगाए। उपेंद्र यादव ने 181 गेंदों पर 87 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

# कलियर उर्स की सबसे अहम रस्म कुल शरीफ की गई अदा



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** साबिर पाक के 757 वें सालाना उर्स की सबसे बड़ी और अहम रस्म कुल शरीफ शनिवार सुबह दस बजे अदा की गई।उसके बाद देश मे अमनो आमान दुआ की गई।कुल शरीफ में देशभर से आए जायरीनों की भारी भीड़ उमड़ी।

हजरत साबिर पाक के सालाना उर्स की सबसे बड़ी और अहम रस्म कुल शरीफ सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी कुदुशी ने दरगाह साबिर पाक के महफिल खाने में अदा कराई। उनके साथ साहिबजादा शाह यावर अली ,शाह खालिक मियां यासिर ऐजाज ,शाह सुहैल,शाह असद सहित अकीदतमंद मौजूद रहें। कुल शरीफ की शुरुआत दरगाह साबिर पाक की जामा मस्जिद के ईमाम हाफिज सऊद साबरी ने तिलावते कुरआन शरीफ से की। कुल शरीफ की रस्म में हजरत साबिर पाक का सजरा शरीफ पढ़ा गया। इसके बाद तमाम अकीदतमंदों के लिए सज्जादानशीन शाह अली एजाज साबरी हाफिज सऊद साबरी ने बड़े जज्बे के साथ सभी जायरीनों के लिए और देश में अमनो अमान और पंजाब उत्तराखंड में बाढ़ पीड़ितों के लिए दुआ की। कुल शरीफ में देश के कोने कोने से आए जायरीनों और सूफियों ने हिस्सा लिया। दुआ के वक्त सभी अकीदतमंद जायरीनों की आंखें नम हो उठी।कुल शरीफ के बाद महफिल-ए-समां का आयोजन हुआ। कव्वाली की महफिल में मौजूद जायरीन और सूफी रूहानियत में सराबोर हो उठे। इस अवसर शाह अम्मार अहमद, शाह मेहताब आलम कुदुसी,शाह अहमद मियां, शाह मखदूम,यासिर ऐजाज, शाह गाजी, मुहिद साबरी,सूफी राशिद साबरी,सलीम उदयपुरी,सूफी इसरार साबरी, शाहरुक अली साबरी,अनवर जमाल काजमी ,मुनव्वर अली साबरी ,सफीक साबरी ,नोगी मियां,बाबा गिस्सी शाह आदि अकीदतमंद जायरीन मौजूद रहें।

## जश्न-ए-खैरुल वरा पर शानदार इस्तकबाल व रूहानी महफिल

# महफिल-ए-समां व लंगर का आयोजन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रूरकी।** अंजुमन गुलामाने मुस्तफा सोसाइटी (रूडकी चैप्टर) के तत्वावधान में जारी जश्न-ए-खैरूल वरा का तीसरा दिन इश्क-ए-रसूल की महफिलों और रूहानी रंगों से रोशन रहा। दिनभर की गतिविधियों ने पूरे शहर की फिजाओं को नूरानी बना दिया और लोगों के चेहरों पर मोहब्बत व अकीदत साफ झलकती रही।

दोपहर का इस्तकब्बाल और लंगर-दोपहर बाद उमर एन्क्लेव गेट पर रामपुर से कलियर शरीफ जाने वाली साबिर पाक की चादर के जुलूस का शानदार और परंपरागत इस्तकब्बाल किया गया। सैकड़ों अकीदतमंदों ने नारे-ए-तकबीर और नारे-ए-रिसालत की सदाओं से फिजाओं को गुंजायमान कर दिया। दरूदो-सलाम और नात-ए-पाक की महफिल सजाई गई और खच्म-ए-शरीफ की तिलावत से हर दिल को सुकून मिला। सड़क पर आम अवाम के लिए लंगर का व्यापक इंतजाम किया गया जिसमें हर तबके के लोगों ने बैठकर खाना खाया। आयोजकों का कहना था कि यह लंगर बराबरी और भाईचारे की अलामत है। शाम को सय्यद डॉ. बिलाल मियाँ साहब की सदारत में महफिल-ए-समां का आयोजन हुआ। इसमें शहर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। महफिल का मुख्य आकर्षण लखनऊ के मशहूर कच्चाल कमर वारसी रहे, जिन्होंने अपने नातिया कलाम और कच्चालियों से ऐसा समां बाँधा कि पूरा हॉल "नूरानी नग्मों" से गूंज उठा। बार-बार नारे-ए-तकबीर और नारे-ए-रिसालत की सदाएँ बुलंद होती रहीं। अंजुमन के अध्यक्ष कुंवर शाहिद ने कहा कि जश्न-ए-खैरुल वरा का असल मकच्सद केवल महफिल सजाना नहीं है बल्कि हुजूर-ए-अकरम की सीरत से सीख लेकर मोहब्बत, भाईचारे और इंसानियत का संदेश समाज में फैलाना है।

# शिक्षक दिवस पर जीआईसी में शिक्षक मौन पद यात्रा संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज, रुड़की के प्रांगण में जिला राजकीय शिक्षक संघ के बैनर तले शिक्षक मौन पद यात्रा का सफल आयोजन किया गया।

यह पद यात्रा राजकीय माध्यमिक शिक्षक क्रमबद्ध हड़ताल कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित की गई। इस दौरान शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर सरकार तक अपनी मांगों को शांतिपूर्ण तरीके से पहुंचाया। इस अवसर पर जिला राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष लोकेश चौधरी, मंत्री विवेक सैनी, पूर्व अध्यक्ष हरेंद्र सैनी, मुकेश वष्ठि समेत संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं एवं मांगों पर अपने विचार व्यक्त किए। मौन पदयात्रा में सहभागिता करने वाले प्रमुख शिक्षक एवं पदाधिकारी सुबोध नयन, गजेंद्र सिंह, पवन राना, मनजीत राणा, राजकुमार सैनी, सुशील चौधरी, मांगेराम मौर्य, सदाशिव भास्कर, संदीप सैनी, प्रमिल कुमार, आर. एल. बड़ौनी, संदीप कपिल, आलोक द्विवेदी, जितेंद्र पवार, प्रवीण राणा, मनसिंह, सपना रानी, नीरजा चौहान, प्रीति सैनी, तबस्सुम, के. पी. यादव, रविंद्र ममगाई, कमलकान्त बरुआ, रूपा, विश्वजीत चौधरी, वीरेन्द्र पाल, लाल सिंह, यशपाल सिंह, प्रवीण जट राणा, धनंजय मलिक, ओ. पी. सोनकर, रविंद्र चौहान, अजय सैनी, विश्वास कुमार, मनोज धीमान, मुकेश वष्ठि, शैलेन्द्र गौड, सुभाष त्यागी, बबूल राम, देवीदास, जीतेन्द्र कुमार, तांजीम अली, प्रदीप कुमार, योगेश कुमार, सतेन्द्र कुमार, सतीश सैनी, इत्यादि सहित जिले भर से भारी संख्या में विद्वान शिक्षक एवं संघ पदाधिकारी मौन यात्रा में सम्मिलित हुए। इस मौन पदयात्रा का उद्देश्य शिक्षकों की समस्याओं एवं मांगों को शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से शासन-प्रशासन तक पहुंचाना था। इस दौरान एकता, अनुशासन और संघर्ष का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# एपीएस-1 में उत्साहपूर्वक मनाया गया शिक्षक दिवस

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर एक रुड़की में बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सुश्री रितु डोगरा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए प्रधानाचार्या महोदया ने उनके विचारों को छात्रों के मध्य साझा किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक, महान शिक्षक, महान विचारक, महान मानवतावादी व्यक्तित्व, अध्यात्मवादी, मिशनरी, सिद्धांतवादी, प्रख्यात लेखक, शिक्षाविद्, भारत गणराज्य के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। उन्हें भारत के सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।

छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के सम्मान में भावपूर्ण गीत तथा नृत्य प्रस्तुत किए। जिसमें विद्यालय के चारों सदन अशोक, हर्ष, कनिष्का और शिवाजी के छात्रों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। शिक्षकों के लिए छात्रों द्वारा मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुश्री रितु डोगरा ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें अपने क्षेत्र में निरंतर उन्नति करते रहने की प्रेरणा देते हुए सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी।

# पैसे का दबाव बनाने पर इकबालपुर शुगर मिल प्रबंधन ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** इकबालपुर शुगर मिल महाप्रबंधक द्वारा शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया गया। महा प्रबंधक का कहना है कि उन्होंने क्षेत्र के चार पांच लोगों के कारण जो उन्हें अपना पैसा देने का दबाव बनाकर लगातार परेशान कर रहे थे उन्होंने अपना इस्तीफा शुगर मिल मालिक को दे दिया है।

जानकारी के अनुसार शुगर मिल की आर्थिक स्थिति खराब होने के बावजूद भी वह आने वाला गन्ने का पेराई सत्र समय से चल सके प्रयासरत थे। लक्ष्मी शुगर मिल इकबालपुर महा प्रबंधक अरुण कुमार भाटी ने बताया कि उन्होंने शनिवार को अपना इस्तीफा शुगर मिल मालिक को भेज दिया है। भाटी का आरोप है कि क्षेत्र के चार पांच लोगों से पूर्व मिल प्रबंधन ने कुछ पैसा ब्याज पर उधार लिया था ।यह लोग उन पर उधार लिया अपना पैसा तथा ब्याज देने का लगातार दबाव बना रहे थे। यह लोग उन्हें लगातार परेशान कर रहे थे यही कारण है कि उन्होंने अपने पद से रिजाइन दे दिया है। उन्होंने बताया कि शुगर मिल पर किसानों का बकाया गन्ना भुगतान करोड़ों रुपया है। साथ-साथ शुगर मिल कर्मचारियों का भी लगभग एक वर्ष का वेतन नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि शुगर मिल की आर्थिक स्थिति खराब चल रही है। इसके बावजूद भी किसानो तथा शुगर मिल कर्मचारियों को उनका बकाया पैसा देने के लिए पैसे का इंतजाम करने मे लगे हुए थे ।वह पैसे का शीघ्र ही इंतजाम कर शुगर मिल का सत्र 2025 : 26 समय से शुरू किया जा सके इसके लिए प्रयासरत थे। उनके प्रयास करने के बावजूद भी क्षेत्र के चार-पांच लोगों के दबाव के कारण उन्होंने शुगर मिल महाप्रबंधक के पद से इस्तीफा दे दिया है।

# बीएसएम कॉलेज में स्काउट गाइड शिविर का समापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में भारत स्काउट गाइड के तृतीय सोपान शिविर के समापन के अवसर पर स्काउट शिविर संचालक ललित मोहन जोशी गाइड शिविर संचालिका शशि लता जैन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि इस पांच दिवसीय शिविर में आपने स्काउट गाइड की विभिन्न गतिविधि यों के बारे में विस्तार से सीखा। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता रजनीश कुमार शर्मा सचिव बीएसएम शिक्षण संस्थान वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे मुख्य अतिथि ने कहा कि आप सभी ने इस कैंप में उन सभी चीजों को सीखा है जो चीज राष्ट्रपति पुरस्कार कैंप जब आप करेंगे तो यह सभी चीज आपके बहुत काम आएंगी आपके माता-पिता ने जिस विश्वास के साथ आपके यहां भेजा था आप उसे पर खरे उतरे हैं आप सभी बधाई के पात्र हैं आप सभी का भविष्य उज्जवल हो ऐसी में प्रभु से कामना करता हूं । कार्यक्रम से पूर्व सभी अतिथियों ने मां सरस्वती और कीर्ति शेष दिवंगत मनोहर लाल शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की इसके उपरांत प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने मुख्य अतिथि शिविर संचालक और दूसरे विद्यालय से आए स्काउट मास्टर और गाइड कैप्टन का अपने विद्यालय में स्वागत किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस अवसर पर मारवाड़ कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना आर्य कन्या इंटर कॉलेज पाठशाला की छात्राओं ने स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति दी इसके बाद कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज गणेशपुर की छात्राओं ने एक नृत्य गीत की प्रस्तुति दी बीएसएम इंटर कॉलेज के छात्रों ने ए देश मेरे गीत की शानदार प्रस्तुति दी आनंद स्वरूप मोंटफोर्ट और ज्ञानदीप और वासुदेव मैथिली की छात्राओं ने भी शानदार प्रस्तुति दी इस अवसर पर शशि शर्मा श्रीमती अंजलि सोनिया सिंह वंदना वर्मा रश्मि गुप्ता लता रानी मंजू देवी गीता मेहंदी रत्ता अमित शर्मा शाहिदा बानो गीता मेनपाल विशाल कुमार शर्मा छवि रानी नीतू शर्मा गुरप्रीत कौर कुमारी रीता मेनका दीप्ति सैनी नेहा गुप्ता आदि उपस्थित रहे सफल संचालन मीनाक्षी रावत और विशाल कुमार शर्मा ने किया।

# बेलड़ा के सुमित व ममता ने हासिल की आईआईटी से पीएचडी उपाधि



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** बेलड़ा गाँव के लिए ऐतिहासिक क्षण तब बना जब गाँव के सपूत डॉ. सुमित चौधरी, पुत्र श्री महेन्द्र चौधरी, ने प्रतिष्ठित आईआईटी रुड़की से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त की। वे गाँव के पहले व्यक्ति हैं। जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की है। डॉ. चौधरी ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग में प्रोफेसर विदित गौड़ के निर्देशन में शोध कार्य किया। उनका शोध हाई-टेम्परेचर सुपर एलॉय पर केंद्रित रहा, जिसका उपयोग लड़ाकू विमानों के इंजन निर्माण में किया जाता है। उनके उत्कृष्ट शोध कार्य को देखते हुए उन्हें प्रधानमंत्री अनुसंधान फैलोशिप और डीएसटी जैसी प्रतिष्ठित फैलोशिप प्राप्त हुईं। इसके साथ ही वे अपना कार्य अमेरिका, जापान सहित पाँच देशों में प्रस्तुत कर चुके हैं। विदेश से आकर्षक अवसर मिलने के बावजूद उन्होंने भारत में रहकर ही इस क्षेत्र में आगे बढ़ने और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में, उनकी धर्मपत्नी डॉ. ममता चौधरी ने भी आईआईटी रुड़की से पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर गाँव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने प्रोफेसर संजीव प्रजापति (अध्यक्ष, हाइड्रोलॉजी एंड रिन्यूएबल एनर्जी विभाग) के निर्देशन में शोध कार्य किया। उनका शोध वेस्ट वॉटर ट्रीटमेंट पर आधारित रहा। डॉ. ममता को भी अमेरिका सहित कई देशों से कार्य करने के अवसर प्राप्त हुए, लेकिन उन्होंने भी देश में रहकर अपने क्षेत्र में योगदान देने का निर्णय लिया। इन दोनों की सफलता से न केवल बेलड़ा गाँव, बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# घर में घुसा मगरमच्छ

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र के कंकर खाता गांव में साहब सिंह के घर में रात्रि करीब 12:30 बजे एक विशाल काय मगरमच्छ घुस गया जिससे परिजनों में हडकम मच गया। किसी ग्रामीण के द्वारा यह सूचना वन रेंज अधिकारी लक्सर हरिद्वार को दी गई वन रेंज अधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि सूचना मिली थी की कंकर खाता गांव में एक किसान के घर में विशालकाय मगरमच्छ घुस गया है उस सूचना पर तुरंत ही वन विभाग की टीम को रात्रि में ही मौके पर भेजा गया वन विभाग की टीम के द्वारा रात्रि में ही कड़ी मेहनत करते हुए अपनी जान पर खेल कर कंकर खाता गांव साहब सिंह के घर से मगरमच्छ को रेस्क्यू किया गया तब जाकर परिजनों ने राहत की सांस ली पकड़े गए मगरमच्छ को वन विभाग की टीम ने सुरक्षित गंगा जी में छोड़ दिया। टीम में गुरजंट सिंह रोहित सैनी व सुमित सैनी शामिल रहे।

# कार की चपेट में आकर स्कूटी सवार चाचा-भतीजी घायल

**झबरेड़ा।** कस्बे से कुछ आगे सहारनपुर मार्ग पर ग्राम खड़खड़ी के पास ग्राम फलौदा निवासी राज देवी अपनी भतीजी गीता के साथ झबरेड़ा कुछ घर का सामान लेने के लिए स्कूटी से गई थी। सामान लेकर जब वह वापस अपने घर लोट रही थी उसी समय उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश की सीमा के पास सहारनपुर की ओर से तेज गति से आ रही है कार की चपेट में आ गई ।कार की चपेट में आने से स्कूटी सड़क पर गिर गई तथा स्कूटी पर सवार दोनों चाची भतीजी घायल हो गई। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा दोनों घायल महिलाओं को कस्बे में डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया। तथा घायलों के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर डॉक्टर ने दोनों घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

# स्काउट गाइड शिविर में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई

**झबरेड़ा।** चौधरी भगत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय तृतीय सोपान शिविर में 55 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम सिंह सैनी द्वारा प्रतिभागियों को शिविर जीवन और अनुशासन के बारे में बताया गया। शिविर संचालक अमित कंबोज द्वारा विभिन्न प्रकार के क्रियाकलाप प्रतिभागियों को सिखाए गए। इस शिविर में श्रीमती पूजाआर्य अस्मिता एवं अभिषेक कुमार उपस्थित रहे स सभी पर शिक्षण मंडल में निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार प्रतिभागियों को अपने ज्ञान से लाभान्वित कियास इस अवसर पर विद्यालय का शिक्षण मंडल भी उपस्थित रहा जिन्होंने प्रतिभागियों की कार्य की सराहना एवं उनका सहयोग किया।

# गूगल पै यूपीआई चलाने के नाम पर लाखों की ठगी

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेडा।** गूगल पे यूपीआई चलाने के नाम पर एक व्यक्ति से साइबर ठगो द्वारा लाखों रुपए ठग लिए गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में कार्रवाई करते हुए पैसे दिलाने की मांग पुलिस से की है।

कस्बा झबरेड़ा क्षेत्र के गांव मानकपुर आदमपुर निवासी पंकज कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी गूगल पर यूपीआई कई दिन से बंद चल रही थी 23 अगस्त की शाम लगभग 8:00 बजे उसको व्हाट्सएप नंबर 9509623329 से व्हाट्सएप कॉल आई तथा उन्होंने बताया कि आपको व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया है उस लिंक से ऐप डाउनलोड करने पर आपका यूपीआई आईडी चल जाएगी उसके द्वारा जब ऐप को डाउनलोड किया गया तो तभी उसके खाते से 65000,1000 तथा 128000 रुपए की धनराशि साइबर ठग द्वारा धोखाधड़ी करते हुए काट ली गई इसकी जानकारी उसे तब हुई जब उसके पास मैसेज आए पीड़ित ने बताया कि साइबर ठाकुर द्वारा उसे लगभग 1 लाख 94 हजार रुपए की ठगी की है। पीड़ित ने पुलिस को मामले की तहरीर देकर कार्रवाई करते हुए पैसे दिलाने की मांग की है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पहले पति का पुत्र शहादत पुत्र यामीन उर्फ मोटा का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण मैंने शहादत को अपनी तमाम चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी। **श्रीमति हसरूबा पत्नी सलमान, हाल निवासी ग्राम दादूपुर गोविन्दपुर, थाना को0 रानीपुर, जिला हरिद्वार।**

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए कलियर विस में की रायशुमारी

# जमीनी कार्यकर्ता को दिया जाएगा मौका : तिवारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत कलियर विधासभा क्षेत्र में बैठक और रायसुमारी की गई। राष्ट्रीय महासचिव एवं पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने कार्यकर्ताओं से रुड़की जिलाध्यक्ष के पदों के नामो को लेकर चर्चा की साथ ही कार्यक्रम को संबोधित भी किया। नहर किनारा स्थित कलियर विधायक फुरकान अहमद के कैम्प कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यवेक्षक राजेश तिवारी ने कहा कि जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को ही जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिले यह संगठन का प्रयास है। पार्टी का प्रयास है कि कार्यकर्ता अपना नेता चुने और उसके कदम से कदम मिलाकर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि अब तक 16 लोगों ने आवेदन किया है इससे पता लगता है कि पार्टी में लीडरशिप करने वालों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं है कि आवेदन करने वाले को ही जिलाध्यक्ष बनाया जाए। क्योंकि पार्टी अपने स्तर से मॉनिटरिंग कर रही है और गोपनीय सर्वे भी चल रहा है ऐसे में यह भी हो सकता है कि जिसने आवेदन नहीं किया और वह काबिल है संगठन में सबको साथ लेकर चल सकता है भाजपा का मुकाबला कर सकता है ऐसे व्यक्ति को भी जिम्मेदारी दी जा सकती है। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि उन्हें कार्यकर्ताओं और जनता ने लगातार तीन बार विधायक बनाया वहीं अब उनकी जिम्मेदारी है कि एक अच्छा और मजबूत जिलाध्यक्ष पार्टी के लिए चुने ताकि आने वाले समय में कांग्रेस की सरकार प्रदेश में बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोधराज सैनी एवं संचालन साहिल राणा ने किया।

## झबरेडा व आसपास के क्षेत्र में बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर

# भाजपाइयों ने एसपी देहात को सौंपा ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेडा।** झबरेड़ा एवं आसपास क्षेत्र में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के गंभीर मुद्दे पर पूर्व चेयरमैन हितेश शर्मा व युवा नेता शोभी शर्मा के नेतृत्व में झबरेड़ा व आस पास क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय से मुलाकात की। मुलाकात में प्रमुख रूप से ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग और नशे में ड्राइविंग को रोकने तथा नर्सन बॉर्डर और बीरपुर बॉर्डर पर तत्काल सख्त चेकिंग अभियान शुरू करने की मांग रखी गई। जनता की परेशानी और बढ़ते हादसों को देखते हुए एसपी ग्रामीण महोदय ने इस पर तत्काल कार्यवाही का आश्वासन दिया है। जनता की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। अब और किसी परिवार को हादसों की वजह से अपने अपनों को खोना न पड़े ख यही हमारा संकल्प है। इस अवसर पर झबरेड़ा से सभासद जसवीर चौधरी,पूर्व सभासद रोशन वाल्मीकि,यास्पल शर्मा,डॉ प्रीतम शर्मा,सुभाष धीमन,अश्वनी त्यागी,महेंद्र उपाध्याय,धीरज प्रजापति,अभय सैनी,अंश सैनी,दिव्यांश गौड़,दिव्यांश सिंघल,गौरव प्रजापति,राहुल प्रजापति सहित आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान : रास बिहारी



शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने शनिवार को कस्बे के चमन लाल महाविद्यालय में आज का युवा और सोशल मीडिया" विषय को लेकर आयोजित कार्यक्रम में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी जी ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया के सही और जिम्मेदाराना उपयोग करने की बात कहते हुए कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया सूचना के तेजी से प्रसार, शिक्षा, संचार, मनोरंजन और व्यावसायिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुनील दत्त पांडे ने कहा कि सोशल मीडिया आज युवाओं के लिए करियर निर्माण का एक बड़ा साधन बन चुका है बशर्ते इसका उपयोग सही दिशा और सकारात्मक विचारों के साथ किया जाए। प्रबंध समिति के सचिव अरुण हरित ने कहा कि मोबाइल और सोशल मीडिया से केवल अच्छी और सकारात्मक बातें ग्रहण करनी चाहिए प्रबंध समिति के अध्यक्ष राम कुमार शर्मा ने कहा कि सोशल मीडिया केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि यह शिक्षा, संवाद और रचनात्मकता का बड़ा मंच भी है। प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने कहा कि सोशल मीडिया युवाओं को वैश्विक स्तर पर जोड़ने और अवसर दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कार्यक्रम में विभाग प्रभारी डॉ. निशु कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# रूस-यूक्रेन यूद्ध रोकने में असफल रहा: ट्रम्प

## पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया, नहीं कर पाया अपना वादा पूरा

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से संघर्ष चल रहा है और अभी भी इसके थमने के फिलहाल कोई आसार नहीं है। कारण है कि पिछले दिनों इस संघर्ष को खत्म करने के सभी प्रयास विफल होते दिख रहे है। ऐसे में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया कि वह अपने एक बड़े चुनावी वादे को पूरा नहीं कर सके। ट्रम्प ने माना कि वह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रोकने में नाकाम रहे हैं, जिसे उन्होंने अपने कार्यकाल का सबसे कठिन संघर्ष बताया।

ट्रम्प ने ये बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले आधिकारिक डिनर पर कही। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी दावा किया कि उन्होंने दुनिया के कई पुराने युद्धों को खत्म किया है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे बड़ी चुनौती बन गया। इस डिनर में अमे. रिकी कांग्रेस के सदस्य और अन्य वरिष्ठ मेहमान मौजूद थे। ट्रम्प ने आगे कहा कि मैंने सोचा था रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकना सबसे आसान होगा, क्योंकि मेरी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से अच्छे संबध है। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। यह सबसे मुश्किल निकला। उन्होंने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में कि एक युद्ध जो 31 साल से चल रहा था, 2 घंटे में खत्म हुआ, दूसरा 35 साल, और तीसरा 37 साल पुराना संघर्ष भी उन्होंने सुलझा लिया। बता दें कि ट्रम्प ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया था कि वे सत्ता में आते ही 24 घंटे में रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कर देंगे, लेकिन अब तक कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। अगस्त में हुई अलास्का शिखर बैठक को उन्होंने उत्पादक बताया, लेकिन कोई औपचारिक समझौता नहीं हुआ। इस दौरान ट्रम्प ने ये भी कहा कि लोगों ने कहा था कि ये युद्ध खत्म नहीं हो सकते, लेकिन मैंने उन्हें खत्म किया। रूस और यूक्रेन वाला कठिन है, पर हम इसे भी हल करेंगे। गौरतलब है कि इससे पहले गुरुवार को ट्रम्प ने अपने युद्ध रोकने के पहले के दावे में बदलाव करते हुए कहा कि उन्होंने सात नहीं, तीन युद्ध रोके हैं।



**ट्रम्प ने यह बात व्हाइट हाउस के नए नवीनीकरण के बाद आयोजित पहले अधिकारिक डिनर पर कही**

## रूस पर नई सख्ती की तैयारी

**वॉशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच तीन साल से ज्यादा समय से चल रहा संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह रूप लेता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में अब अमेरिका और यूरोपीय देश इस संघर्ष को खत्म करने की योजना तैयार कर रहे हैं। इसके लिए यूरोपीय प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अमेरिकी वित्त मंत्रालय से मुलाकात करेगा। मीडिया रिपोर्ट की माने तो इस टीम का नेतृत्व यूरोपीय संघ के प्रतिबंध दूत डेविड ओ सुलिवन कर रहे हैं। बैठक में रूस पर नए आर्थिक प्रतिबंधों और अन्य दबावों पर चर्चा होनी है।

इस संघर्ष को जल्द खत्म करने के दावे को लेकर बैठे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प रूस और यूक्रेन युद्ध को 3.5 साल बाद भी खत्म न कर पाने से नाराज दिख रहे हैं। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के बीच सीधी बातचीत करवाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इन प्रयासों के तहत पहले तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुतिन से पिछले महीने अलास्का में एक शिखर बैठक की थी, हालांकि इसके बाद भी रूस ने पश्चिमी यूक्रेन में एक अमेरिकी फैक्ट्री पर ड्रोन और मिसाइल हमला कर दिया। ऐसे में सोमवार को होने वाली बैठक पर सभी की नजरें हैं। बता दें कि इस बैठक में व्हाइट हाउस, विदेश विभाग और यूएस ट्रेड प्रतिनिधि के अधिकारी भी शामिल होंगे। यूरोपीय प्रतिनिधि मंडल में ऊर्जा, वित्तीय सेवा, व्यापार और प्रतिबंधों से जुड़े अधिकारी शामिल हैं। ट्रम्प ने हाल ही में यूरोपीय देशों से रूसी तेल की खरीद बंद करने को कहा है, जिससे रूस की जंग को फंडिंग मिल रही है। ट्रम्प ने कहा कि यूरोप ने एक साल में रूस से 1.1 बिलियन यूरो का तेल खरीदा, जो गलत है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि चीन पर भी आर्थिक दबाव बनाना जरूरी है, क्योंकि वह परोक्ष रूप से रूस की मदद कर रहा है। इस बीच, यूरोपीय देशों ने अलग से बैठक कर यूक्रेन में शांति सेना भेजने पर विचार किया है। लेकिन रूस ने चेतावनी दी है कि अगर विदेशी सैनिक यूक्रेन में तैनात हुए तो उन्हें रूस अपनी तरफ से वैध निशाना मानेगा। गौरतलब है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका और यूरोप मिलकर रूस पर दबाव बढ़ाने की रणनीति बना रहे हैं, जबकि ट्रम्प की नाराजगी और असफल डिप्लोमैसी पर अब सख्त रुख अपनाने के संकेत मिल रहे हैं।

**■ अमेरिका-यूरोप साथ मिलकर तैयार कर रहे योजना**



अनंतनाग। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों को दौरा करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## ट्रम्प ने पेंटागन का नाम बदलने के आदेश पर किए हस्ताक्षर

**■ पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए**

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रक्षा विभाग पेंटागन का नाम बदलकर युद्ध विभाग करने के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए है। उन्होंने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से कहा कि दुनिया की स्थिति को देखते हुए यह एक अधिक 'उपयुक्त' नाम है।

ट्रम्प ने आदेश पर हस्ताक्षर करने से पहले सीएनएन की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मुझे लगता है कि यह एक अधिक उपयुक्त नाम है, खासकर दुनिया की वर्तमान स्थिति को देखते हुए। हमारे पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है। सीएनएन द्वारा प्राप्त एक तथ्य पत्रक के अनुसार यह आदेश रक्षा मंत्री, रक्षा विभाग और अधीनस्थ अधिकारियों को कार्यकारी शाखा के भीतर आधिकारिक पत्रचार, सार्वजनिक संचार, औपचारिक संदर्भों और गैर-वैधानिक दस्तावेजों में 'युद्ध मंत्री', 'युद्ध विभाग' और 'युद्ध उप मंत्री' जैसे द्वितीयक पदों का उपयोग करने का अधिकार देता है। पेंटागन के अधिकारियों ने रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के कार्यालय के बाहर लगे साइनेज बदल दिए और विभाग की वेबसाइट का भी नवीनीकरण किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन ने किया यूक्रेन में पश्चिमी सुरक्षा प्रस्ताव को खारिज

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पेरिस शिखर सम्मेलन के बाद युद्धविराम लागू होने के अगले ही दिन यूक्रेन में 'आश्वासन बल' के रुप में सैनिकों को तैनात करने के पश्चिमी प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि यूक्रेन के 26 सहयोगी देशों ने लड़ाई रुकते ही सुरक्षा प्रदान करने के लिए 'थल, जल या हवा' से सैनिकों को तैनात करने की औपचारिक प्रतिबद्धता जताई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार मैक्रों ने इसमें शामिल किसी भी देश का विवरण नहीं दिया। रिपोर्ट के अनुसार पुतिन ने सहयोगियों की पहल को खारिज करने की कोशिश की और चेतावनी दी कि यूक्रेन में तैनात कोई भी सैनिक 'वैध निशाना' होगा, खासकर अगर वे अभी दिखाई देते हैं, हालांकि तत्काल तैनाती की कोई योजना नहीं है।

### पाकिस्तान में वर्षाजनित घटनाओं में 21 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों के दौरान वर्षाजनित घटनाओं में कम से कम 21 लोगों की मौतें हुई हैं। रिपोर्टों के मुताबिक पश्चिमोत्तर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में 13 मौतों की भी पुष्टि हुई है। ये लोग 15 अगस्त को अचानक आई बाढ़ के दौरान लापता हो गए थे और बाद में प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सत्यापन के बाद स्थानीय अधिकारियों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के अधिकारियों के मुताबिक पूर्वी पंजाब प्रांत में आठ मौतें हुईं, जिनमें से जयादातर नदी में आई बाढ़ और घर ढहने के कारण हुईं।

### शेरपा वियतनाम में भारत के अगले राजदूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी शेरिंग वांगचुक शेरपा को वियतनाम में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है। वह विदेश सेवा के वर्ष 2002 बैच के अधिकारी हैं और अभी विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार ग्रहण करने की संभावना है। इससे पहले वियतनाम में संदीप आर्य भारत के राजदूत थे। भारत और वियतनाम के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंधों पर आधारित समग्र रणनीतिक साझेदारी है।

## थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर भागे

**■ इलाज के बहाने दुबई गए, कोर्ट नौ सितम्बर को सजा सुनाने वाली थी**

**बैंकाक।** थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनवात्रा देश छोड़कर अपने प्राइवेट जेट से दुबई चले गए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर दी। थाईलैंड की कोर्ट 9 सितम्बर को थाकसिन के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन ने एक्स पर लिखा कि वे इलाज के लिए सिंगापुर जा रहे थे, लेकिन पायलट ने बताया कि जेट को वहां नहीं उतारा जा सकता है, इसलिए उन्हें दुबई जाना पड़ा।

हालांकि, थाकसिन ने लिखा कि वह कोर्ट के फैसले के लिए 9 सितम्बर को वापस लौटेंगे। एक्सपर्ट्स का मानना है कि थाकसिन वापस नहीं आएंगे। 2006 में पद से हटाए जाने के बाद भ्रष्टाचार के आरोप में जब उन्हें 15 सालों की सजा हुई थी, तब भी वे विदेश भाग गए थे। थाकसिन 2023 में जब थाईलैंड लौटें तब कोर्ट ने पुराने भ्रष्टाचार के मामले में उन्हें फिर 8 सालों की सजा सुनाई। इस सजा को थाईलैंड के राजा ने घटाकर एक साल कर दिया।

थाकसिन पर आरोप है कि उन्होंने यह एक साल जेल में नहीं बल्कि पुलिस जनरल अस्पताल के एक कमरे में बिताया है। इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट जांच कर रही है और 9 सितम्बर को फैसला सुनाने वाली है। थाकसिन शिनवात्रा ने थाईलैंड में फ्यू थाई पार्टी की स्थापना की। इस पार्टी ने दो दशक से सत्ता में अपना प्रभाव बनाए रखा। शिनवात्रा परिवार 2001 से 2006 तक, 2011 से 2014 और 2024 से 2025 तक शासन में रहा। थाकसिन की बेटी पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा भी थाईलैंड की पीएम रह चुकी हैं।

## तालिबान के विदेश मंत्री की भारत यात्रा रद्द, पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी

**काबुल।** तालिबान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की इस महीने भारत आने की योजना रद्द हो गई। इसके पीछे की वजह है संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के यात्रा प्रतिबंध, जिनमें छूट नहीं मिल सकी। अगर यह यात्रा होती, तो 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से किसी मंत्री की भारत की पहली यात्रा होती। संयुक्त राष्ट्र की 1988 प्रतिबंध समिति तालिबान नेताओं पर यात्रा प्रतिबंध, संपत्ति जब्ती और हथियारों पर रोक की निगरानी करती है। इसका अध्यक्ष वर्तमान में पाकिस्तान है, पाकिस्तान ने मुत्तकी को छूट देने से इनकार किया। इस समिति में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य शामिल हैं, और अगर एक भी सदस्य आपत्ति जताए, तो छूट नहीं मिलती। पिछले महीने मुत्तकी की पाकिस्तान यात्रा भी अमेरिका की आपत्ति के कारण रद्द हुई थी।

## भारत-नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में नहीं पड़ेगा चीन

### नेपाली पीएम ओली ने मुद्दा उठाया, जिनपिंग बोले: आपका आपसी मामला, मिलकर सुलझाएं

**बीजिंग/काठमांड।** चीन ने भारत और नेपाल के बीच लिपुलेख विवाद में पड़ने से इन्कार कर दिया है। नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के मुताबिक जिनपिंग ने कहा है कि लिपुलेख एक पारंपरिक दर्रा है। चीन नेपाल के दावे का सम्मान करता है, लेकिन यह विवाद भारत और नेपाल का द्विपक्षीय मसला है।

इसे दोनों देशों को आपसी बातचीत से सुलझाना चाहिए। नेपाली पीएम केपी शर्मा ओली 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट में शामिल होने चीन पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने चीनी राष्ट्रपति के सामने लिपुलेख का मुद्दा उठाया था। ओली ने कहा था कि यह इलाका नेपाल का हिस्सा है और भारत-चीन के बीच हुए हालिया सहमति पर नेपाल ने आपत्ति दर्ज कराई है। दरअसल, 19 अगस्त को भारत और चीन ने लिपुलेख पास को ट्रेड रूट के तौर पर फिर से खोलने का फैसला किया था। इस पर नेपाल ने विरोध जताया था। नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है, जबकि भारत इन्हें लंबे समय से अपने हिस्से में मानता है। नेपाल के पीएम ओली 16 सितम्बर को भारत दौरे पर आएंगे। इससे पहले भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार, 17 अगस्त को काठमांडू पहुंचे थे। मिस्री ने प्रधानमंत्री ओली, विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और विदेश सचिव अमृत बहादुर राय से मुलाकात की थी। बैठक में भारत-नेपाल संबंधों को मजबूत करने, कनेक्टिविटी, व्यापार और विकास सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई थी।

ओली के भारत दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कुछ अहम समझौते होने की संभावना है। पिछले साल जुलाई में ओली के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनका भारत दौरा लगातार टलता रहा है। ब्रिटिश काल में भी भारत और चीन के बीच हिमालय का लिपुलेख दर्रा व्यापार और तीर्थयात्रा का प्रमुख केंद्र था। 1991 में भारत और चीन ने इसे औपचारिक व्यापारिक मार्ग बनाया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था।

साल 2018 में 5.59 करोड़ रुपये का आयात और 96.5 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। धारच. ूला भारत-नेपाल सीमा पर बसा है और आदि कैलाश व मानसरा. ेवर का पारंपरिक मार्ग भी यही है। यह मार्ग लिपुलेख दर्रे से तिब्बत को जोड़ता है। ब्यांस, दारमा और चौंदास घाटी के व्यापारी 10वीं सदी से इस दर्रे के जरिए कारोबार करते आ रहे हैं। 5,334 मीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख दर्रा सिर्फ व्यापार का नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक और आर्थिक साझेदारी का प्रतीक भी है। पहले व्यापारी 1100 साल तक पैदल व खच्चरों से माल ढोते थे।



**■ नेपाल 2020 में नया नक्शा जारी कर लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को अपना बता चुका है**

## अमेरिकी विशेषज्ञों ने ट्रम्प को कटघरे में खड़ा किया

### कहा: पीएम मोदी ने नोबेल पुरस्कार देने का समर्थन नहीं किया, तो ट्रम्प इसे दिल पर ले गए

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक शीर्ष विद्वान ने भारत और अमेरिका के संबंधों में आई खटास की संभावित वजह का कारण बताते हुए कहा कि ट्रम्प खुद को वैश्विक शांतिकार दिखाना चाहते हैं और इसी के चलते उन्होंने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की, लेकिन जब पीएम मोदी ने इससे इनकार किया और ट्रम्प के नाम का नोबेल शांति पुरस्कार के लिए समर्थन नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को शायद निजी तौर पर ले गए और बुरा मान गए।

अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने कहा कि ट्रम्प की रणनीति दो पक्षों में बातचीत के लिए पहले बड़ी-बड़ी शर्तें लगाना और फिर उन्हें बातचीत के लिए मजबूर करना है और अभी भी वे यही कर रहे हैं। जोंस ने कहा कि ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे, लेकिन जब पीएम मोदी ने ऐसा नहीं किया तो ट्रम्प इस बात को दिल पर ले गए और इसी के चलते ट्रम्प ने भारत पर टैरिफ लगाया। प्रोफेसर टैरिल जोंस ने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प वैश्विक नेता बनना चाहते हैं। न सिर्फ राजनीतिक, आर्थिक तौर पर बल्कि भू-राजनीतिक तौर पर भी।

इसलिए उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने में बहुत जल्दबाजी की। जबकि प्रधानमंत्री मोदी से इससे इनकार करते रहे और उन्होंने कहा कि हमें पाकिस्तान से बातचीत के लिए अमेरिका या किसी भी अन्य देश की कोई जरूरत नहीं है। जब ट्रम्प चाहते थे कि पीएम मोदी नोबेल शांति पुरस्कार के लिए उनके नाम का समर्थन करें, लेकिन जब ऐसा नहीं हुआ तो ट्रम्प ने इस बात को निजी तौर पर ले लिया। जब ट्रम्प कोई बात निजी तौर पर ले लेते हैं तो वे उस पर प्रतिक्रिया देते हैं और उन्होंने कई मौकों पर कहा भी है कि टैरिफ शब्द इंग्लिश भाषा का सबसे सुंदर शब्द है। अमेरिकी शिक्षाविद् टेरिल जोंस ने ये भी कहा कि अमे. रिका, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की से बात कर सकता है, अमेरिका रूस से भी बात कर सकता है, लेकिन हो सकता है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन इस पर ध्यान न दें, लेकिन भारत ऐसा देश है, जो दोनों देशों से बात कर सकता है और दोनों देशों के नेता, भारत की बात को ध्यान से सुनेंगे। ऐसे में अगर कोई बड़ा देश है तो ये देश मध्यस्थता की भूमिका निभा सकते हैं।

**ट्रम्प ने उम्मीद की थी कि पीएम मोदी भी उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करेंगे**

## रिपोर्ट में खुलासा: खालिस्तानी समूहों को कनाडा से मिल रही फंडिंग

**■ कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की, राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही**

**ओटावा।** कनाडा के वित्त विभाग ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें खुलासा किया गया है कि खालिस्तानी समूहों सहित कई आतंकी संगठनों को राजनीतिक रूप से प्रेरित हिंसा को बढ़ावा देने के लिए देश में वित्तीय मदद मिल रही है।

कनाडा सरकार की '2025 के धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण जोखिमों के आकलन' रिपोर्ट में बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन सहित कुछ खालिस्तानी समूहों को राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद की श्रेणी में रखा गया है। रिपोर्ट में खालिस्तानी समूहों और अन्य आतंकी संगठनों पर अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर-लाभकारी और धर्मार्थ क्षेत्रों सहित विभिन्न वित्तपोषण नेटवर्क का गलत फायदा उठाने का संदेह जताया गया है। रिपोर्ट में 'राजनीति से प्रेरित हिंसक उग्रवाद' को नई राजनीतिक व्यवस्था या मौजूदा व्यवस्था के भीतर नए ढांचे और मानदंड स्थापित करने के लिए हिंसा के उपयोग के रूप में परिभाषित किया गया है। इन चरमपंथी समूहों को कनाडाई कानून के तहत आतंकवादी संगठन घोषित किया गया है, जिसमें हमास और हिजबुल्ला भी शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह के उग्रवाद में धार्मिक तत्व शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह मुख्य रूप से राजनीतिक आत्मनिर्णय या प्रतिनिधित्व से जुड़ा मामला है। रिपोर्ट में कहा गया है, खुफिया जांच एजेंसियों को पता चला है कि कनाडा में हमास, हिजबुल्ला और खालिस्तानी हिंसक चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन आदि संगठनों को वित्तीय मिल रही है।

## किम जोंग उन की वारिस ने खींचा दुनिया का ध्यान

**बीजिंग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बेटी तेरह साल की हैं, लेकिन घुड़सवारी, तैराकी और स्कीइंग में निपुण हैं।

उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग को लेकर लोगों में उत्सुकता रहती ही है, लेकिन चीन की वार्षिक सैन्य परेड में शी जिनपिंग और पुतिन जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में भी अंतर्राष्ट्रीय मीडिया की नजर अगर उनकी इस बेटी पर जमी रही, इससे उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार जरूर गर्म हो गया है। हाल ही में हुई चीन की 75वीं वार्षिक सैन्य परेड वैसे तो रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन समेत करीब 25 राष्ट्र प्रमुखों की मौजूदगी की वजह से दुनिया भर में चर्चा के केंद्र में रही। लेकिन, परेड में शामिल होने आए किम जोंग के पीछे-पीछे चल रही एक किशोरी ने अनायास अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया। पता चला कि यह किशोरी किम जोंग उन की करीब तेरह वर्षीय बेटी किम जू ऐ हैं। रहस्यों से भरे उत्तर कोरियाई तानाशाह 'किम' परिवार के बारे में जानने की उत्सुकता तो हर किसी की रहती है, लेकिन फिलहाल लोग किम जू ऐ के बारे में जानना चाह रहे हैं और उनके बारे में तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं।

## इमरान खान ने सेना प्रमुख पर बोला हमला

### कहा: मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे, अघोषित मार्शल लॉ लागू

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने सेना प्रमुख आसिम मुनीर पर करारा हमला बोला है। उन्होंने जेल से कहा कि मुनीर लोगों पर जुल्म ढा रहे हैं ताकि अपनी हुकूमत लंबे समय तक चला सकें। इमरान ने यह भी दावा किया कि इस समय देश पर अघोषित मार्शल ला थोप दिया गया है। क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान इस समय जेल में बंद हैं।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि 2024 के चुनावों में धांधली करके शहबाज शरीफ की 'कठपुतली सरकार' बनाई गई। और अब आसिम मुनीर के इशारे पर उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर जुल्म ढाए जा रहे हैं। एक्स पर एक पोस्ट में इमरान खान ने कहा कि आज असीम मुनीर अपने शासन को बढ़ाने के लिए पाकिस्तान के लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं, जिससे देश कमजोर हो रहा है। जिन लोगों (मुनीर एंड कंपनी) ने जनादेश चुराया है, वे डरे हुए हैं। इसी डर के कारण हमारे खिलाफ अत्याचार बढ़ रहा है। इमरान ने आगे कहा कि मुझे और मेरी बीवी बुशरा को 'एकांत कारावास' में रखकर ये लोग चाहते हैं कि मैं मानसिक रूप से टूट जाऊं। मुझे तोड़ने की इन लोगों की योजना का असली उद्देश्य यह है कि मैं अपनी विच. ारधारा छोड़ दूं और जनता की आवाज दबा दी जाए। आगे उन्होंने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की।

जब गृहयुद्ध के बाद पूर्वी पाकिस्तान अलग होकर बांग्लादेश बना था। इमरान खान ने कहा कि 1971 और आज के बीच एकमात्र अंतर यह है कि अब लोग ज्यादा जागरूक हैं। सोशल मीडिया के जरिए सभी तथ्य और जानकारी जनता के सामने रहती हैं। साथ ही लोगों ने अत्याचार के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना सीख लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्दी ही यह दमनकारी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। साथ ही, इमरान खान ने सरदार अताउल्लाह मेंगल की पुण्यतिथि के अवसर पर बलूचिस्तान में आयोजित एक रैली में हुए बम विस्फोट की भी कड़ी निंदा की।



**■ इमरान ने देश के वर्तमान हालातों की तुलना 1971 में जनरल याह्या खान के कार्यकाल से की**

## रूस ने इंटरनेट ब्लैकआउट बढ़ने पर नया 'सुपर-ऐप' किया लांच

**मॉस्को।** रूस के मीडिया नियामक रोस्कोम्नाडज़ोर द्वारा अगस्त के मध्य में लगाए गए नए प्रतिबंधों का लाखों रूसी नागरिकों को सामना करना पड़ रहा है। ये प्रतिबंध रूस में सबसे लोकप्रिय मैसेजिग एप व्हाट्सएप और टेलीग्राम के जरिए की जाने वाली कॉल पर लगाए गए हैं। बीबीसी के मुताबिक इसी समय रूसी फर्म ने मैक्स नाम से एक नए राष्ट्रीय मैसेंजर एप को लांच किया है, जिसे क्रेमलिन नियंत्रित करता है। यदि देश में व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की आंकड़ों की बात करें तो कुल 14-30 करोड़ की आबादी में से व्हाट्सएप और टेलीग्राम के मासिक उपयोगकर्ताओं की संख्या क्रमश: 9-7 और नौ करोड़ होने का अनुमान है।



# फ्लाइट के साथ जुड़ी सान्या मल्होत्रा

**मुंबई।** रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीजन के लिए नई डिजाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, जिससे लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज अपना सकें। फ्रलाइट ने इस ऐलान के साथ ही एक जबरदस्त 360-डिग्री मार्केटिंग कैंपेन भी शुरू किया है, जो आत्मविश्वास, अपनी पहचान और स्टाइल के साथ आगे बढ़ने के संदेश को सामने लाता है।

सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्रलाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्लाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है। सान्या मल्होत्रा ने कहा कि मुझे फ्रलाइट परिवार का हिस्सा बनकर सचमुच बहुत खुशी हो रही है, क्योंकि यह ब्रांड उन सब बातों को दर्शाता है, जिन पर मैं भरोसा करती हूं, जैसे कि आत्मविश्वास, आराम और अपनी राह खुद चुनना। ब्रांड की टैगलाइन सर उठा कदम बढ़ा आगे बढ़ने के जज्बे और अपनी पहचान के साथ जीने की बात करता है। यही वो बातें हैं, जो मुंबई आने से लेकर अभिनेत्री बनने तक की मेरी अपनी यात्रा से गहराई से जुड़ती हैं।

**सान्या मल्होत्रा अपनी बेबाक अदाओं और युवा जोश के लिए जानी जाती हैं, जो फ्लाइट की जीवंत सोच- सर उठा, कदम बढ़ा से बखूबी मेल खाती है। इस साझेदारी के माध्यम से फ्रलाइट का उद्देश्य हर उम्र के लोगों को यह एहसास दिलाना है कि स्टाइल सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और अपनी पहचान दिखाने का तरीका भी है।**



# युवा दिलों की धड़कन 'सैयारा' ने पूरे किए 50 दिन

**मुंबई।** यशराज फिल्मस यानि वाईआरएफ के बैनर तले बनी फिल्म सैयारा ने सिनेमाघरों में प्रदर्शन के 50 दिन पूरे कर लिए हैं। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी और वाईआरएफ के सीईओ अक्षय विधानी निर्मित सैयारा, 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्या की मुख्य भूमिका है। अहान और अनीता की रोमांटिक केमिस्ट्री को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर भारतीय बाजार में 330 करोड़ की कमाई की है। फिल्म सैयारा के रिलीज के 50 दिन पूरे हो गए हैं। फिल्म सैयारा के 50 दिन पूरे होने की खुशी में अनीत पड्या और अहान पांडे ने कुछ लेटेस्ट फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज के साथ दोनों ने लिखा, आज उस फिल्म के 50 दिन पूरे हो गए हैं जिसने हमें दुनिया के सामने लाया और दुनिया को हमारे सामने। जो प्यार हमें मिला वो प्रकृति के इस नियम को सच साबित करता है कि अगर आप करिश्में में विश्वास रखते हैं, यदि आप उसे महसूस करते हैं, तो दुनिया भी इसे आप के साथ महससू करने लग जाती है। हमारे लिए यह एक ऐसा समय है जब हम बस अपनी आंखें बंद करते हैं और हमें सिर्फ आप ही नजर आते हैं। हमारी तरह फिल्म को बिना जज किए देखने के लिए शुक्रिया-हमें एक अवसर देने के लिए शुक्रिया। हमें यह एहसास दिलाने के लिए शुक्रिया कि ईमानदारी और प्यार दुनिया में किसी भी और चीज से ज्यादा पावरफुल होते हैं, यही एक ऐसी खूबसूरत चीज है जिसे हम आप लोगों के साथ आगे लेकर जाना चाहेंगे।

# कंतारा: चैप्टर 1 की दिखी दमदार झलक

**मुंबई।** होम्बले फिल्म्स ने अपनी आने वाली फिल्म कंता. रा: चैप्टर 1 से दमदार झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। होम्बले फिल्म्स की सबसे ज्यादा इंतेजार की जाने वाली फिल्म कंतारा: चैप्टर 1 इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक मानी जा रही है। कंतारा, वर्ष 2022 में प्रदर्शित हुई थी। यह फिल्म साल की सबसे सफल फिल्म बनने के साथ बॉक्स ऑफिस पर स्लीपर हिट बन गई। अब दर्शक बेसब्री से इसके प्रीक्वल को सिल्वर स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। मेकर्स ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कंतारा: चैप्टर 1 की एक झलक शेयर की है, जिसमें ऋषभ शेट्टी का इंटेंस अवतार देखने लायक है। इस पोस्ट के जरिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज में बचे सिर्फ 27 दिनों का काउंटडाउन शुरू कर दिया है और साथ ही एक दिलचस्प अपडेट आने की तरफ भी इशारा किया है, बीते समय की पवित्र गूंज 2 अक्टूबर 2025 को पूरी दुनिया में गूंजेगी। होम्बले फिल्म्स की कंतारा: चैप्टर 1 सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी फिल्मों में से एक है। होम्बले



फिल्म्स 2022 की इस ब्लॉकबस्टर फिल्म की विरासत को आगे ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। मेकर्स ने कंता. रा: चैप्टर 1 के लिए नेशनल और इंटरनेशनल स्पेशलिस्ट के साथ एक बड़ा वॉर सीक्वेंस तैयार किया है, जिसमें 500 से जडादा कुशल फाइटर्स और 3,000 लोग शामिल हैं। यह सीक्वेंस 25 एकड़ में फैले एक पूरे शहर में, ऊबड़-खाबड़ इलाके में 45-50 दिनों के दौरान फिल्माया गया था, जो इसे भारतीय सिनेमा के इतिहास में सबसे बड़े सीक्वेंसेज में से एक बनाता है।यह फिल्म 2 अक्टूबर को दुनिया भर में कन्नड़, हिंदी, तेलुगु, मलयालम, तमिल, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी।

# सोनम ने ज़ोया ज्वैल्स के नए कलेक्शन में बिखेरा जलवा



**हैदराबाद।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर ने जोया ज्वेल्स के नए कलेक्शन व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली में जलवा बिखेर दिया। टाटा ग्रुप के लग्जरी ब्रांड घेया ने हैदराबाद में अपने प्रतिष्ठित व्हिस्पर्स फ्रॉम द वैली कलेक्शन का अनावरण किया। इस मौके पर ब्रांड एंबेसडर और बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर के साथ टाइटन कंपनी लिमिटेड के ज्वेलरी डिवीजन के सीईओ अजॉय चावला मौजूद रहे। ग्लोबल फैशन आइकन सोनम कपूर ने एक बार फिर सभी का ध्यान खींचा। उन्होंने राहुल मिश्रा कूचर का शानदार गाउन पहना था और जोया के नवीनतम कलेक्शन के स्प्रिंग सांग चोकर और इयररिंग्स से अपने लुक को पूरा किया। बर्फ की शांति और सेबों की हरियाली की झलक लिए ए ज्वेल्स सोनम के ग्लैमरस अंदाज को और भी निखारते नजर आए।

# मेधावी विमल ने जीता मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 अवार्ड

**नोएडा।** ग्रांड फिनाले मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 का आयोजन 12 जुलाई 2025 को द लीला एम्बीपेंश होटल गुरुग्राम में किया गया। इससे पूर्व हजारों की संख्या में ऑडिशन्स हुए, 1152 प्रतिभागियों जो कि इंडिया व विदेश से थे इस प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित हुए।

इनमें से डा. मेधावी विमल सिंह को उनकी ग्रेस कान्फिडेंस व पर्सनेलिटी के लिए मिसेज वर्ल्ड इंटरनेशनल 2025 मेगनीफिसेंट पुरस्कार से नवाजा गया। डा. मेधावी विमल ने एमबीबीएस व एमडी की शिक्षा दिल्ली से प्राप्त की है। वह श्याम लाल विमल, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक अधिकारी विधि विज्ञान प्रयोगशाला, अनीता विमल जोकि एक कुशल होम मेकर हैं की पुत्री हैं। इनके पेरेंट्स वर्तमान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट, गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। इनकी शादी वर्ष 2019 में प्रशांत सिंह आईआरएसई अधिकारी के साथ हुई। इस समय वह चार साल की नितिशा की मां हैं। इनकी स्कूली शिक्षा उप्र से व उच्च शिक्षा दिल्ली से हुई है। वर्तमान में वह अपने पति के साथ अहमदाबाद गुजरात में रहती हैं। यह प्रतिस्पर्धा शो ग्लेमर गुरुग्राम जिसके हेड मिसेज बरखा व अभिषेक हैं, द्वारा कराया गया।







# सीमा पाहवा से ट्रेनिंग ले रही हैं निर्मित कौर अहलूवालिया

**मुंबई।** अभिनेत्री निर्मित कौर अहलूवालिया ने शिक्षक दिवस के मौके पर दिग्गज अभिनेत्री और निर्देशक सीमा पाहवा के प्रति अपना गहरा आभार व्यक्त किया। निमृत इस समय सीमा पाहवा के मार्गदर्शन में अपनी कला को निखार रही हैं। आने वाली एक अनटाइटल्ड फिल्म में, जिसे सीमा पाहवा निर्देशित कर रही हैं, निर्मित को उनसे सीखने और अभिनय की बारीकियों को समझने का मौका मिल रहा है।

अपने अनुभव साझा करते हुए निर्मित ने कहा कि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे सीमा पाहवा मैम के निर्देशन और मार्गदर्शन में काम करने का मौका मिला। वह न सिर्फ बेहतरीन अभिनेत्री हैं बल्कि एक शानदार टीचर भी हैं, जो अपने छात्रों से उनका बेस्ट निकलवाना जानती हैं।



इस प्रोजेक्ट के दौरान मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा, चाहे वह किरदार की गहराई समझना हो, परफॉर्मेंस में ईमानदारी लाना हो, या फिर यह देखना कि वह हर सीन को कितनी गंभीरता और बारीकी से अप्रोच करती हैं। उन्होंने मेरी सोच को और गहरा किया है और मुझे बतौर आर्टिस्ट निखारा है।

सबसे खास बात जो मैंने उनसे सीखी है, वह यह कि वह आपको अपनी सच्चाई खोजने के लिए प्रेरित करती हैं, न कि केवल उनके बताए अनुसार चलने के लिए। मेरे लिए सीमा मैम सिर्फ डायरेक्टर या मेंटर नहीं बल्कि एक प्रेरणा और मार्गदर्शक हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर मैं दिल से उनका धन्यवाद करना चाहती हूं कि वह मेरी इस यात्रा का इतना अहम हिस्सा बनीं।

